


फरीदाबाद हरियाणा का नंबर 1 समाचार पत्र

# भेदी नज़र

संस्थापक : स्वाधीनता सेनानी सुखवासी लाल शर्मा (ब्रह्मलीन)

ई-पेपर पढ़ने के लिए लॉगऑन करें - www.bhedinazar.com

फरीदाबाद, शुक्रवार 18 जुलाई 2025

दिल्ली, हरियाणा, चड़ीगढ़, पंजाब, राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश का प्रमुख हिन्दी दैनिक

वर्ष : 15 अंक : 199 | Email : bhedinazardaily@gmail.com | RNI NO. HAR/HIN/2011/43680 | Postal REG. No. HR (FBD) -260/2023/25 | पृष्ठ : 12 मूल्य : 1 रुपये

## इंदौर नंबर-1 पर कायम, अहमदाबाद की बड़ी छलांग

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 अवॉर्ड का हो गया ऐलान

**अहमदाबाद/नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में एक बार फिर से मध्य प्रदेश के इंदौर का डंका बजा है लेकिन गुजरात के अहमदाबाद को बड़े शहरों में सबसे स्वच्छ के तौर पर पहली रैंक दी गई है। गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की मौजूदगी में 75 शहरों को 74 अवॉर्ड चार कैटेगरी में बांटे गए। देश के सबसे साफ शहरों में इंदौर पहले, छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर को दूसरा और कर्नाटक के मैसरु को तीसरा स्थान मिला है। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की कैटेगरी में गुजरात का अहमदाबाद सबसे स्वच्छ शहर बनकर उभरा है। गौरतलब हो कि केंद्र सरकार ने 2036 ओलंपिक खेलों के लिए अहमदाबाद का चयन किया है। इतना ही केंद्र सरकार ने आधिकारिक तौर पर अहमदाबाद के लिए ही दावेदारी की है। गुजरात के वडोदरा के ओवरऑल 18वीं रैंक मिली है।



पिछले साल शहर 33वें नंबर पर था, हालांकि इससे पहले वडोदरा स्वच्छता में आठवें नंबर तक पहुंच चुका है। स्वच्छ सर्वेक्षण अवॉर्ड में पिछले सालों में टॉप थ्री में रहने वाले शहरों को सुपर स्वच्छ लीग अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसमें इंदौर और सूरत के साथ नवी मुंबई हैं।

### 'ईच वन-क्लीन वन' की नई पहल

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हर शहर की यह इच्छा होती है कि वह आगे रहे। यह अच्छा है, लेकिन अब मंत्रालय एक नई पहल शुरू कर रहा है। इसमें अच्छी रैंक हासिल करने वाले शहरों को कम रैंक हासिल करने वाले शहरों को एजूकेट करना होगा। उन्होंने कहा कि मंत्रालय की ओर नई पहल स्वच्छ सिटी पार्टनरशिप शुरू कर रहे हैं। यह 'ईच वन टीच वन' की तर्ज पर 'ईच वन क्लीन वन' है। उन्होंने कहा कि अब देश स्वच्छ भारत सपन्न भारत के मंत्र से आगे बढ़ रहा है। सूरत को अवॉर्ड समारोह में जहां बेस्ट सिटी इन सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए अवॉर्ड मिला तो वहीं नवी मुंबई को बेहतर सिटीजन फीडबैक के लिए सम्मानित किया गया। अहमदाबाद को बड़े शहरों में सबसे साफ शहर चुने जाने पर गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने खुशी जाहिर की है। गुजरात के तीन शहर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-2025 में चमके हैं। इनमें अहमदाबाद, सूरत और गांधीनगर शामिल हैं।

## बांग्लादेश में फिल्ममेकर सत्यजीत रे का घर गिराने पर रोक

- भारत ने रोकने की अपील की थी, अब इसे फिर से बनाया जाएगा

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में भारत के मशहूर फिल्म निर्देशक सत्यजीत रे के पैतृक घर के तोड़े जाने पर रोक लगा दी गई है। सत्यजीत रे के पुरखों के घर मैमनसिंह शहर में है। अधिकारियों ने अब यह तय करने के लिए एक समिति बनाई है कि इस घर को दोबारा कैसे बनाया जा सकता है। भारत ने मंगलवार को बांग्लादेश से सत्यजीत रे की पैतृक संपत्ति को ध्वस्त करने के फैसले पर रोक लगाने की अपील की थी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस तोड़फोड़ का विरोध करते हुए कहा कि



यह घर बंगाल के सांस्कृतिक इतिहास से गहराई से जुड़ा हुआ है। सत्यजीत रे एक प्रसिद्ध भारतीय फिल्म डायरेक्टर, लेखक, संगीतकार और चित्रकार थे। उन्हें विश्व सिनेमा के बड़े फिल्मकारों में से एक माना जाता है। बांग्लादेश में सत्यजीत रे का घर लगभग सौ साल पहले बनाया गया था। 1947 में बंटवारे के बाद यह संपत्ति बांग्लादेश सरकार के अधीन हो गई थी। प्रशासन ने अपनी गलती मानी यह घर दरअसल सत्यजीत रे के दादा, प्रसिद्ध लेखक उपेंद्रकिशोर रे चौधरी से जुड़ा है। हालांकि, बांग्लादेश उच्चायोग के एक अधिकारी फैसल महमूद ने बताया कि सत्यजीत रे खुद कभी इस घर में नहीं रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि उपेंद्रकिशोर भी शायद इस घर में नहीं रहे थे, क्योंकि वह पास के किशोरगंज जिले के कोटियाडी नाम की जगह में रहते थे।

## भारत-रूस बनाएंगे ब्रह्मोस हाइपरसोनिक मिसाइल

- चीन से लेकर अमेरिका तक सारे एयर डिफेंस हो जाएंगे फेल, ऐसी है ताकत

**मॉस्को (एजेंसी)।** ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल की ताकत ऑरपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया देख चुकी है। ब्रह्मोस मिसाइलों ने पाकिस्तान के 11 एयरबेस में तबाही मचा दी थी। सोचिए जिस ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल को आज की तारीख में गिने चुने मोस्ट एडवांस एयर डिफेंस सिस्टम ही इंटरसेप्ट कर सकते हैं, अगर उसका हाइपरसोनिक वैरिएंट भी बन जाए तो क्या होगा।

जी हां... भारत के डिफेंस सेक्टर के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है कि भारत और रूस बहुत जल्द ब्रह्मोस हाइपरसोनिक मिसाइल बनाने के लिए प्रोजेक्ट शुरू कर रहे हैं। ब्रह्मोस एयरोस्पेस




के पूर्व महानिदेशक अतुल राणे ने रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी से बात करते हुए कहा है कि ब्रह्मोस हाइपरसोनिक मिसाइल प्रोजेक्ट की 'ईंट रखी जा रही है'। यानि इस प्रोजेक्ट को लेकर काम शुरू हो चुका है। जिसका मतलब है कि भारत अब आधिकारिक तौर पर हाइपरसोनिक मिसाइलों की रेस में शामिल हो चुका है जो आने वाले कुछ सालों में दुनिया की सैन्य शक्ति को बदलकर रख देगा। यानि भारत के पास ब्रह्मोस के तीन वैरिएंट होंगे। एक ब्रह्मोस, जिसका इस्तेमाल हो रहा है। ब्रह्मोस का निर्माण अभी चल रहा है।

## सोना तस्करी मामले में रान्या को नहीं मिली जमानत

- कन्नड़ एक्ट्रेस को अदालत से मिली 1 साल की सजा

**बंगलुरु (एजेंसी)।** कन्नड़ फिल्म एक्ट्रेस रान्या राव को सोना तस्करी मामले में एक साल की सजा सुनाई गई है। बुधवार को यह आदेश विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम के तहत सलाहकार बोर्ड ने जारी किया। रिपोर्ट के अनुसार, बोर्ड ने रान्या को सजा की पूरी अवधि के दौरान जमानत का अधिकार नहीं दिया है। बता दें कि इससे पहले 20 मई को बेंगलुरु की एक अदालत ने रान्या और सह-आरोपी तरुण राजू को प्रक्रिया संबंधी आधार पर डिफॉल्ट जमानत दी थी। जिसका कारण ये था कि डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस यानी डीआरआई तय समय में चार्जशीट दाखिल नहीं कर पाया था। अदालत ने दोनों को 2 लाख रुपये के बॉन्ड और दो जमानती शर्तों पर डिफॉल्ट जमानत दी थी।

### ओडिशा स्टूडेंट डेथ केस

## कांग्रेस सहित 8 विपक्षी पार्टियों का बड़ा प्रदर्शन



**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा में सेक्शुअल हैरेसमेंट की शिकार छात्रा की मौत को लेकर विपक्ष ने गुरुवार को ओडिशा बंद बुलाया। प्रदर्शनकारियों ने भद्रक में ट्रेन को रोक दिया। भुवनेश्वर में बसों का चक्काजाम किया। यात्रियों को पैदल ही घर जाना पड़ा। भद्रक जिले के चेन्नई-कोलकाता हाईवे पर टायर जलाए गए। जिसके चलते ट्रकों की लंबी कतार लग गई। वहीं आसपास की कई दुकानों को बंद रखा गया। मार्केट में सन्नाटा रहा।

मयूरभंज में भी लोग सड़क पर प्रदर्शन करने उतरे। कांग्रेस सहित 8 विपक्षी पार्टियां इस प्रदर्शन में शामिल हुईं। इनमें बीजू जनता दल, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया मार्क्सवादी सीपीएम (एम), सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया के नेता-कार्यकर्ता भी प्रदर्शन में नजर आए।

## अब बिहार में हॉस्पिटल में घुसकर गैंगस्टर का मर्डर

- 10 हत्या के आरोपी को मारी 4 गोलियां, फुलवारी शरीफ का रहने वाला है शूटर

**पटना (एजेंसी)।** पटना के पारस अस्पताल में भर्ती गैंगस्टर चंदन मिश्रा की अपराधियों ने अस्पताल के अंदर घुसकर हत्या कर दी। गुरुवार को शास्त्री नगर थाना क्षेत्र में अस्पताल में घुसकर गोली मारी गई। 5 की संख्या में आए अपराधियों ने हॉस्पिटल के बाहर गाड़ी खड़ी की, अस्पताल में घुसकर वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने चंदन को शूट करने का वीडियो भी बनाया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। मृतक का नाम चंदन मिश्रा है। चंदन, बेऊर जेल से पैरोल पर इलाज के लिए पारस अस्पताल आया था। उसका



बवासीर का ऑपरेशन हुआ था। चंदन बक्सर का रहने वाला था। बक्सर में राजेंद्र केसरी नाम के चूना व्यवसायी की हत्या के मामले में कोर्ट ने दोषी ठहराया था। उसे उम्रकैद की सजा हुई थी। पटना एसएसपी ने बताया कि चंदन एक कुख्यात अपराधी था। वो10 से ज्यादा मर्डर केस में आरोपी था। मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। पटना पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से शूटर की पहचान की है। उसके खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट समेत एक दर्जन से अधिक केस दर्ज हैं। पुलिस का दावा है कि शूटर पटना के फुलवारी शरीफ का रहने वाला है। इस घटना को लेकर आईजी जितेंद्र राणा का बयान आया है। उन्होंने बताया कि अपराधी चंदन मिश्रा हाल ही में इलाज के लिए जेल से पैरोल पर बाहर आया था।

## पेपरलीक से त्रस्त था राजस्थान, सीएम ने बरती सख्ती

- शाह बोले-एसआईटी बनाकर माफिया को दिया कड़ा संदेश
- कहा-हमने पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को उड़ाया

**जयपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा- राजस्थान पेपर लीक से त्रस्त था। भजनलाल सरकार ने एसआईटी का गठन कर माफिया को कड़ा संदेश दिया। कांग्रेस के कार्यकाल में बार-बार आतंकवादी हमले होते थे। पीएम नरेंद्र मोदी ने आतंकवादियों को बार-बार सबक सिखाया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में घुसकर उनके ठिकानों को तबाह किया गया। इससे पहले उरी, पुलवामा हमले का भी मुंहतोड़ जवाब दिया गया था। ऊंटों का अस्तित्व को बचाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। कोऑपरेटिव का उपयोग कर ऊंटों का नस्ल संरक्षण और ऊंटनी के दूध के औषधीय गुणों पर रिसर्च शुरू किया गया है। इससे आने वाले दिनों में ऊंटों पर कोई



खतरा नहीं आएगा। शाह गुरुवार को जयपुर से करीब 22 किमी दूर दादिया में थे। यहां सहकारिता सम्मेलन के तहत पुलिस के 100 नए वाहनों को हरी झंडी दिखाई। सहकार उत्पादों की प्रदर्शनी देखी। सरकारी नौकरी पाने वालों को नियुक्ति पत्र बांटे। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार दोपहर करीब सवा बारह बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे थे। यहां से दादिया (सभास्थल) के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना होना था। खराब मौसम के कारण उनका हेलीकॉप्टर उड़ नहीं पाया। इसके बाद वह सड़क मार्ग से दादिया पहुंचे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- राजस्थान को पूरा देश ऊंटों की भूमि के रूप में जानता है। कोऑपरेटिव का उपयोग कर ऊंटों का अस्तित्व बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## 3 करोड़ी कोठी ध्वस्त, यूपी से मुंबई तक तड़ातड़ छापे

- 'तिलिस्मी' छांगुर बाबा पर यूं बरसा योगी सरकार का डंडा



**बलरामपुर (एजेंसी)।** बीती पांच जुलाई को लखनऊ के एक होटल में ठहरे 76 साल के जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को यूपी एटीएस ने धरदबोचा। साथ में उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन भी मिली। दोनों को रिमांड पर लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू की। फिर जो खुलासे हुए, उसे जानकर हर कोई दंग रह गया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अख्तियार किया। उन्होंने सीधे शब्दों में कहा कि जलालुद्दीन की गतिविधियां समाज विरोधी ही नहीं बल्कि राष्ट्र विरोधी भी हैं। उसको ऐसी सजा दी जाएगी जो समाज के लिए नजीर बनेगी। फिर छांगुर बाबा के बुरे दिन आ गए। सबसे पहले बलरामपुर की उसकी आलीशान कोठी को बुलडोजर से गिरा दिया गया। तीन करोड़ की इस कोठी में सुख-सुविधा के सभी साधन मौजूद थे। छापेमारी में पुलिस को शक्तिवर्धक दवाएं और मसाल आयल भी बरामद हुआ। इस कोठी को गिराने में प्रशासन का आठ लाख रुपया खर्च हुआ। इसे भी छांगुर बाबा से वसूला जाएगा। छांगुर बाबा के नेटवर्क को तोड़ने के लिए एटीएस ने यूपी के अलग-अलग जिलों में छापेमारी शुरू कर दी। छांगुर बाबा के बेटे और भतीजे को भी गिरफ्तार कर लिया गया। अब पूरे मामले में ईडी की भी एंट्री हो गई। पता चला कि छांगुर बाबा और नीतू के बैंक खातों से 100 करोड़ के अवैध लेन-देन हुआ है।

### 14 बैंक खातों की मिली जानकारी, 5 विदेश में-

ईडी को छांगुर बाबा के 14 बैंक खातों की जानकारी मिली है। इनमें कई विदेशी देशों से जमकर फंडिंग आई है। बाबा का नेटवर्क नेपाल और दुबई तक फैला हुआ था। विदेश में भी इस गैंग के पांच बैंक अकाउंट के बारे में पता चला है। बताया जा रहा है कि गैंग के सदस्य पिछले कुछ सालों के भीतर 50 इस्लामिक देशों का दौरा कर चुके हैं। इन पैसों को किसने भेजा, इनका क्या उपयोग हुआ, ईडी इसके बारे में छानबीन कर रही है।

## नीट यूजी रीएग्जाम पर अब सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई



**भोपाल (एजेंसी)।** नीट यूजी 2025 एग्जाम इंदौर और उज्जैन के सेंटर्स पर दोबारा कराने की मांग अब सुप्रीम कोर्ट में सुनी जाएगी। अदालत ने इस संबंध में दर्ज पिटीशन पर सुनवाई की मांग मान ली है। अगले सप्ताह इस विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की बेंच सुनवाई करेगी। 14 जुलाई को एमपी हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने रीएग्जाम की मांग वाली याचिका खारिज की थी। इसके बाद एनटीए ने उन 75 स्टूडेंट्स का रिजल्ट जारी कर दिया था जिनका रिजल्ट रोका गया था। अब याचिकाकर्ता इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। दरअसल, इस साल नीट यूजी परीक्षा 4 मई को देशभर के 552 एग्जाम सेंटर्स पर आयोजित हुई थी।

- चुनाव से पहले नीतिश सरकार का बड़ा दांव

## अब 125 यूनिट फ्री मिलेगी बिजली

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के लोगों को 125 यूनिट बिजली मुफ्त में मिलेगी। साथ ही अगले तीन वर्षों में घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा का भी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने गुरुवार को एक्स पर इसका ऐलान किया। सीएम ने एक्स पर बताया- हम लोग शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि 1 अगस्त, 2025 से,यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। इससे राज्य के कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। हमने यह भी तय किया है कि अगले तीन वर्षों में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा। कुटीर ज्योति योजना के तहत जो अत्यंत निर्धन परिवार होंगे उनके लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए पूरा खर्च राज्य सरकार करेगी, बाकी के लिए भी सरकार उचित सहयोग करेगी।






## नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम ने कैंप लगाकर की 112 लोगों के स्वास्थ्य की जांच




**शाहाबाद मारकंडा,(कपिल अरोड़ा)।** लोगों तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिन्दल की ओर से चलाई गई मोबाइल मेडिकल यूनिट ने गांव मोहडी और हल्देहड़ी में पहुंची। दोनों गांवों में ग्रामीणों का चेकअप करने के बाद उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गई। गांव मोहडी में 35 लोगों को दवाईयां देकर 21 मरीजों लैब टेस्ट किए गए। जबकि हल्देहड़ी में 45 ओपीडी के साथ 11 लैब टेस्ट हुए। कुल 112 लोगों तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया गया। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लेकर चल रहे हैं। उसमें सांसद नवीन जिन्दल ने 2035 तक लक्ष्य प्राप्ति का जिम्मा उठाया है। सांसद नवीन जिन्दल का प्रयास है कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र शिक्षा, चिकित्सा, विकास एवं रोजगार में अव्वल रहकर प्रधानमंत्री मोदी के विजन में सहयोगी बने। इसी के चलते उनके द्वारा क्षेत्र में प्रत्येक वर्ग के लिए लाभकारी योजनाएं चलाई गई हैं।

## पंकज मित्तल बने नर नारायण समिति के प्रोजेक्ट चेयरमैन



**शाहाबाद मारकंडा,(कपिल अरोड़ा)।** असहाय व जरूरतमंदो की सहायता में हमेशा अग्रणी नर नारायण सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष मुनीश भाटिया द्वारा समिति कार्यकारिणी में कुछ बदलाव किए गए। मुनीश भाटिया ने बताया कि समिति के सेवा प्रकल्पों के बढ़ते यह बदलाव किया गया। समिति के सभी सदस्य अपनी जिम्मेवारी को बाखूबी निभा रहे है। समिति सदस्यों द्वारा नए पदाधिकारियों को सिरोपा पनाहर कर अभिनंदन किया गया। भाटिया ने बताया कि घोषित कार्यकारिणी में हरीश विरमानी कोषाध्यक्ष, विनोद अरोड़ा सचिव, सतपाल भाटिया और पंकज मित्तल प्रोजेक्ट चेयरमैन, अभिषेक छाबड़ा उपप्रधान, करनैल सिंह मैनेजर,जगदीश सुनेजा, सुशील ठकराल, विनोद शर्मा, बिट्टू बत्तरा संरक्षक, राकेश मुल्तानी, प्रिंस आनंद, अमित कालड़ा कार्यकारिणी सदस्य रहेंगे।

## प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों का बढ़ता है मनोबल : पूजा शर्मा

- रेलवे विभाग की तरफ से निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई संपन्न।




कुरुक्षेत्र, प्रमोद कौशिक । श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल में रेलवे विभाग की तरफ से गुरुवार को आम लोगों की भारतीय रेल विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया और भारतीय रेल के बारे में अपने विचार सांझा किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्या पूजा शर्मा ने विजेता छात्रों एवं प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और जीवन में कुछ नया व बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न कलात्मक व अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों का न केवल बौद्धिक विकास होता है बल्कि उनमें नए जोश व मनोबल को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा नवमी की छात्रा अमनीत, द्वितीय स्थान अंकिता और तृतीय स्थान समरीन ने प्राप्त किया।

## मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता हेतु महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन 18 जुलाई को : डीसी

**फरीदाबाद। उपायुक्त (डीसी)** विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा मुख्यमंत्री राहत कोष से पात्र लाभार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के संबंध में एक महत्त्वपूर्ण बैठक का आयोजन दिनांक 18 जुलाई 2025 (शुक्रवार) को दोपहर 2ञ्00 बजे, सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार कक्ष में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उक्त बैठक में भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, हरियाणा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय तथा नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, मुद्रण एवं स्टेशनरी मंत्री राजेश नागर, बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा, बड़खल विधायक धनेश अदलखा, एनआईटी फरीदाबाद विधायक सतीश फागना, पृथला विधायक रघुबीर तेवतिया, जिला परिषद अध्यक्ष विजय सिंह सहित प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। इस बैठक के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत कोष से संबंधित कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने पर चर्चा की जाएगी ताकि पात्र व्यक्तियों को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

# अवैध खनन पर शिकंजा कसने को सघन जांच अभियान जारी

### गत दिवस बड़खल क्रेशर जोन रोड पर सक्रीय रही जांच टीम

**फरीदाबाद।** खनन विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडुरंग और फरीदाबाद के उपायुक्त विक्रम सिंह के स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप, जिला में अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने मोर्चा संभाल लिया है। इसी कड़ी में गत दिवस जिला खनन अधिकारी कमलेश बिधलान के नेतृत्व में खनन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीम ने बड़खल क्रेशर जोन रोड से सटे क्षेत्रों में औचक निरीक्षण अभियान चलाया।

इस दौरान टीम ने सक्रियता दिखाते हुए कई संदिग्ध वाहनों की गहन जांच की और खनन गतिविधियों से जुड़े दस्तावेजों की भी पड़ताल की। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों के तहत, खनन विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडुरंग स्वयं विभागीय गतिविधियों की निगरानी कर रहे हैं और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर रहे हैं। सरकार




का मुख्य उद्देश्य खनन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना और अवैध खनन को समाप्त करना है। महानिदेशक के आदेशों के अनुसार, विभागीय टीम पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन कर रही है और सभी आवश्यक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है। जिला खनन अधिकारी कमलेश बिधलान ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि निरीक्षण के दौरान सभी वाहनों के पास वैध ई-रवाना बिल पाए गए।

उन्होंने यह भी बताया कि चेकिंग के दौरान किसी भी स्थान पर अवैध खनन की गतिविधि नहीं पाई गई है, और यदि कहीं भी नियमों का उल्लंघन होता है, तो वे तुरंत आवश्यक कार्रवाई करेंगी।

खनन विभाग की टीम राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य मार्गों और अन्य प्रमुख रास्तों पर लगातार सक्रिय रूप से तैनात है। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में उन स्थानों पर जहां अवैध खनन की संभावना अधिक है, वहां पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसके अंतर्गत जिले के विभिन्न इलाकों में औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं और दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। हरियाणा सरकार का स्पष्ट और मजबूत निर्णय है कि राज्य में अवैध खनन किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं होगा और इसमें संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दु :खभंजन महादेव मन्दिर परिसर में डॉ. एम के मौदगिल के नेतृत्व में चला स्वच्छता अभियान

कुरुक्षेत्र, प्रमोद कौशिक । स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत आज दुख भंजन महादेव मंदिर परिसर के पास के स्थान पर साफ सफाई का कार्य किया गया स्थान दुख भंजन महादेव मंदिर के उपाध्यक्ष डॉ. एम. के मुदगिल ने बताया की सावन मास का समय होने के कारण और कावड़िया शिविर होने के कारण मंदिर परिसर के आसपास काफी मात्रा में पेपर के बर्तन प्लास्टिक के गिलास, फूल और तमाम प्रकार की गंदगी मंदिर के आसपास में फैले हुए रहते हैं इस परिसर को साफ और स्वच्छ रखने के लिए




हमने कल 200 स्टील की थाली और अन्य प्रकार के उपयोगी वस्तु को मंदिर परिसर में दिया जिससे भोजन प्रसाद स्टील के बर्तनों में प्राप्त होकर के पुनः उसका उपयोग किया जा सके इस अवसर पर नगर परिषद थानेसर से स्वच्छ भारत मिशन के आईईसी एक्सपर्ट वीरेंद्र कुमार भारद्वाज ने भी मंदिर परिसर में आए श्रद्धालुओं से कहा आप जो भी फल, फूल भगवान के मंदिर में चढ़द्यने के लिए आते हैं उसे प्लास्टिक के थैले में ना ला करके कपड़े के थैली में लेकर आए जिससे दोबारा प्रयोग किया जा सके और मंदिर परिसर के बाहर लगे डस्टबिनों में ही कूड़े कचरे को डालें जिस की मंदिर के आसपास का परिसर स्वच्छ और सुंदर दिखे इस अवसर पर नगर निगम थानेसर से राजेश चुग, राजन छाबड़ा, दरोगा सोनू, सनी, विजय के साथ स्थानीय लोग संदीप मारवाह, सचदेवा मनोहर लाल और राजकुमार उपस्थित रहे।

## बाबा अमरनाथ और माता वैष्णो देवी के दर्शन कर लौटे जिला अध्यक्ष अजय मित्तल

**पंचकूला की खुशहाली और उन्नति के लिए की विशेष पूजा अर्चना - अजय मित्तल**



**पंचकूला।** गत रविवार को बाबा अमरनाथ के दर्शन को गए भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल और जिला उपाध्यक्ष तजिंदर गुप्ता (टोनी) कल गुरुवार को पंचकूला वापस लौट आये। पंचकूला आगमन पर अजय मित्तल ने बताया, बाबा अमरनाथ और माता वैष्णो देवी के दर्शन को जाने वाले श्रद्धालुओ के लिए सरकार की तरफ से सभी मूलभूत सुविधाएं, देखभाल एवं सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गए है। अजय मित्तल ने कहा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, हरियाणा सरकार में मंत्री राजेश नागर सहित तमाम वरिष्ठ नेताओ के सानिध्य में यात्रा अत्यंत सुखद और अविस्मरणीय रही। यात्रा के दौरान फुर्सत के पलो में संगठन से जुड़े तमाम विषयों पर सार्थक चर्चा भी हुई। मित्तल ने कहा, उन्होंने पंचकूला की खुशहाली और उन्नति के लिए विशेष पूजा अर्चना एवं प्रार्थना की।

## एक पेड़ मां के नाम - ए डी सी सतबीर मान द्वारा सराय ख्वाजा विद्यालय में पौधरोपण।

आज गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में अतिरिक्त उपायुक्त श्री सतबीर मान द्वारा मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा, प्राध्यापक सरिता, जितेंद्र गोगिया, निखिल, राजेश एवं राहुल रोहिल्ला सहित अन्य स्टॉफ भी उपस्थित रहा। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त महोदय श्री सतबीर मान ने विद्यालय की सफाई व्यवस्था, टॉयलेट्स, पानी की व्यवस्था एवं समस्या, कक्षाओं का अवलोकन, विद्यार्थियों की संख्या, विद्यालय के प्रमुख द्वार के आस पास रेहड़ी एवं दुकानदारों के अतिक्रमण के कारण कूड़ा करकट आदि फैलाने तथा विद्यालय में सफाई कर्मी न होने, अध्यापकों के पद रिक्त होने तथा विद्यालय में कक्षा कक्ष कम होने सहित अन्य संबंधित समस्याओं के बारे में विस्तार से जाना। इस अवसर पर अतिरिक्त



उपायुक्त श्री सतबीर मान ने एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत विद्यालय कार्यालय के सामने लॉन में हार सिंगार का पौधा भी लगाया। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा एवं अध्यापकों ने अतिरिक्त उपायुक्त महोदय विद्यालय की समस्याओं से विस्तार से अवगत करवाया। श्री सतबीर मान ने सुझाव दिया कि पानी की समस्या के समाधान के लिए जिस संस्था से आर ओ लगवाया गया है वार्षिक मेंटेनेंस एग्रीमेंट करवाने का परामर्श दिया जिस से समस्या होने पर शीघ्र दूर हो सके। अतिरिक्त उपायुक्त महोदय ने अन्य समस्याओं एवं मूलभूत सुविधाओं के समाधान के विषय में भी शीघ्र अग्रिम कार्यवाही करने का आश्वासन दिद्यद्यद्यया। उन्होंने विद्यालय में अध्ययन कर रहे भिन्न भीन कक्षाओं में विद्यार्थियों की संख्या एवं विद्यालय में अध्यापकों के कुल पदों की संख्या तथा कुल अध्यापकों तथा अन्य नॉन टीचिंग स्टाफ के रिक्तियों की संख्या के बारे में जानकारी ली। विद्यालय में लॉन में अतिरिक्त उपायुक्त श्री सतबीर मान, प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा, प्राध्यापिका सरिता, प्राध्यापक निखिल, जितेंद्र गोगिया और राजेश तथा राहुल रोहिल्ला ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण किया। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा एवं अध्यापकों ने अतिरिक्त उपायुक्त महोदय को एक पौधा भेट कर उनका स्वागत और अभिनंदन किया।

## बचपन का बढ़ता वज़न बन सकता है ज़िंदगी भर की बीमारी

**फरीदाबाद।** आज के समय में बच्चों का मोटापा भारत के शहरों और कस्बों में एक बड़ी लेकिन अनदेखी स्वास्थ्य समस्या बनता जा रहा है। जो चिंता पहले सिर्फ विदेश में मानी जाती थी, वह अब हमारे अपने घरों की हकीकत बन चुकी है। बच्चों का वज़न तेजी से बढ़ रहा है और इसका कारण है बदलती दिनचर्या, अनहेल्दी खाना और शारीरिक गतिविधियों की कमी। भारत में फिलहाल करीब 8 से 10 प्रतिशत स्कूल जाने वाले बच्चे ओवरवेट माने जा रहे हैं। वर्ल्ड ओबेसिटी फेडरेशन की मानें तो अगर यही ट्रेंड जारी रहा, तो 2030 तक देश में 2.7 करोड़ से ज़्यादा ओवरवेट बच्चे होंगे। यह आंकड़ा हमें समय रहते जागरूक होने का इशारा देता है। डॉ. धन्सुख कुमावत, सीनियर कंसल्टेंट ङ्क पीडियाट्रिक्स एंड नियोनेटोलॉजी, यथार्थ हॉस्पिटल, फरीदाबाद बताते हैं, ÷बचपन का मोटापा सिर्फ वज़न की नहीं, भविष्य की सेहत की चेतावनी है। अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए, तो यही मोटापा आगे चलकर डायबिटीज़, हार्ट की बीमारी, हाई ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर समस्याओं में बदल सकता है। ज़्यादातर माता-पिता इसे 'बेबी फैट' मानकर अनदेखा कर देते हैं, पिछले कुछ सालों में भारतीय परिवारों की दिनचर्या काफी बदल गई है। माता-पिता के कामकाजी होने और तेज़ भाग-दौड़ भरी ज़िंदगी के कारण बच्चों के खाने, खेलने और सोने का रूटीन बुरी तरह बिगड़ गया है। अब बच्चे घर का बना खाना कम और फास्ट फूड व पैकेट वाले स्नैक्स ज़्यादा खाते हैं। स्कूल, ट्यूशन और मोबाइल-टीवी के कारण बाहर खेलने का समय भी कम हो गया है। इस वजह से बच्चों में कैलोरी इनटेक ज़्यादा और बर्न कम हो रही है, जिससे वज़न बढ़ने लगता है। बच्चे अपने मम्मी-पापा की आदतें जल्दी अपनाते हैं, इसलिए अगर घर में ही एक्टिविटी की कमी और खाने-पीने की लापरवाही हो, तो बच्चों पर सीधा असर पड़ता है।



## श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात नियंत्रण व कानून-व्यवस्था पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता-एसपी वरुण सिंगला

सुनील कुमार जांगड़ा

पलवल। श्रावण मास के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु पवित्र कांवड़ यात्रा पर प्रस्थान करते हैं। इस धार्मिक यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, आईपीएस के निर्देशानुसार पलवल पुलिस द्वारा सभी थाना प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में जिला पुलिस सख्ती से निगरानी व कार्रवाई कर रही है। पुलिस श्रद्धालुओं, आयोजकों और आमजन से सौहार्दपूर्ण अपील करते हुए यह स्पष्ट करना चाहती है कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही, अव्यवस्था या कानून का उल्लंघन किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखना जिला पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 172(1) के अंतर्गत निम्नलिखित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं-



### महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश (पालन अनिवार्य)–

डीजे की ऊंचाई वाहन की बॉडी से अधिक न हो, ताकि बिजली के तारों से दुर्घटना की आशंका न रहे।

किसी भी वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक व्यक्ति न बैठाएं।

यातायात नियमों एवं मोटर वाहन अधिनियम (एम वी एक्ट) का पूर्ण रूप से पालन करें।

डीजे की ध्वनि स्तर निर्धारित मानकों के अनुरूप ही रखें।

अवैध गतिविधियों और उन्माद फैलाने वाले कृत्यों से दूर रहें।

तलवार, फरसा, गंडासा, हॉकी, असला आदि किसी भी प्रकार के हथियार यात्रा में साथ रखना पूर्णतः वर्जित है।

पलवल पुलिस द्वारा समय-समय पर जारी अन्य सभी निर्देशों का पालन अनिवार्य है।

यात्रा के दौरान शराब या किसी प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन पूर्णतः निषिद्ध है।

पर्यावरण की स्वच्छता बनाए रखें; मार्ग में कचरा या गंदगी न फैलाएं।

आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं अनुशासन बनाए रखें; किसी भी प्रकार के विवाद से बचें।

किसी भी आपात स्थिति में तत्काल डायल 112,पुलिस नियंत्रण कक्ष या नजदीकी पुलिस अधिकारी से संपर्क करें।

**कानूनी चेतावनी–** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 172(2) के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त वैध निर्देशों का विरोध करता है, उल्लंघन करता है या अवहेलना करता है, तो प्राधिकृत अधिकारी उसे हिरासत में ले सकता है या वहां से हटा सकता है। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्ति को मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, अथवा छोटे मामलों में 24 घंटे के भीतर रिहाई संभव है।

**पलवल पुलिस की अपील–** पुलिस सभी श्रद्धालुओं, आयोजकों और आमजन से विनम्र किंतु सख्त अपील करती है कि वे सभी दिशा-निर्देशों का पूरी ईमानदारी, गंभीरता और अनुशासन के साथ पालन करें, ताकि कांवड़ यात्रा एक सुरक्षित, श्रद्धामयी एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन के रूप में सम्पन्न हो सके।

## पंजाब बैंक ने किया मेगा आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

- आउटरीच कार्यक्रम में 10 उपभोक्ताओं को सैंक्शन लेटर भी उपलब्ध कराए गए

**पानीपत,(चुघ)भेदी नजर।** स्थानीय पर्यटन केंद्र स्काईलार्क के सभागार में वीरवार को पीएनबी मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि नगराधीश टीनू पोसवाल ने भाग लेकर कार्यक्रम के आयोजक पंजाब नेशनल बैंक को जन हित के लिए आयोजित किया जा रहे आउट रिच कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाइयां दी व इस तरह के कार्यक्रमों को भविष्य में भी जारी रखने की लिए कहा। उन्होंने कहा कि मेगा रिटेल आउट कार्यक्रम का लाभ लोगों को सीधे तौर पर पहुंचता है। इस रिटेल आउटरीच कार्यक्रम में आवास ऋष्ण, माइ प्रॉपर्टी लोन और शिक्षा ऋष्ण उपलब्ध कराए जाते है। उन्होंने इस मौके पर कल्पनिधि योजना की भी शुरुआत की। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर नगराधीश ने 10 उपभोक्ताओं को सैंक्शन लेटर भी मौके पर उपलब्ध कराए। कार्यक्रम में पहुंचने पर बैंक प्रबंधन की ओर से बुके देकर नगराधीश का अभिनंदन किया गया। आउटरीच कार्यक्रम के प्रबंधक हार्दिक आनंद ने बताया कि हर महीने जिला में एक आउट रिच कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है । इस बार यह चौथा आर्टिस्ट कार्यक्रम था जो सफल रहा। इससे पूर्व तीन कार्यक्रम का सफल आयोजन हो चुका है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में लोगों ने गहरी रुचि ली। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के ढाई सौ से ज्यादा लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## इनेलो प्रमुख को जान से मारने की धमकी देने वाले को जल्द गिरफ्तार करे हरियाणा पुलिस- किशन लाल बजाज



फरीदाबाद। इंडियन नेशनल लोकदल के जिला महासचिव किशन लाल बजाज ने कहा कि इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी देना गंभीर विषय है और हरियाणा पुलिस जल्द से जल्द धमकी देने वाले अज्ञात व्यक्ति को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुचाए। किशन लाल बजाज ने कहा कि अपराधी जब अभय चौटाला जैसी हस्ती, जिसने हरियाणा के विकास में महत्वपूर्ण भमिका निभाई हो को धमकी दे सकते है तो आम जनता कितनी सुरक्षित होगी इसका अंदाजा आप स्वंय लगा सकते है। उन्होनें कहा कि इनेलो प्रमुख अभय सिंह चौटाला के पुत्र करण चौटाला ने इस बाबत चंडीगढ़ सेक्टर-3 पुलिस थाने में लिखित शिकायत देकर पुलिस से कारवाई की मांग की। किशन लाल बजाज ने कहा कि विपक्ष में रहते हुए अभय चौटाला ने हमेशा हरियाणा के लोगों की भलाई के लिए आवाल उठाई और कभी भी किसी दबाव में नहीं झुके। उन्होनें कहा कि हरियाणा पुलिस से इनेलो कार्यकर्ता मांग करते है कि ऐसा अपराध करने वाले को जल्दी गिरफतार कर उसे इस कृत्य की कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

## अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

फरीदाबाद। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर एक व्यापक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद संदीप गर्ग के दूरदर्शी मार्गदर्शन एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव रीतू यादव के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम फरीदाबाद जिले के विभिन्न शासकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों तथा ग्रामों में आयोजित किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाली, तिलपत, खेड़ी कलां, मेवला महाराजपुर एवं गौंछी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, ग्राम सदपुरा तथा ग्राम पियाला में भी व्यावसायिक मार्गदर्शन से संबंधित जागरूकता कार्यक्रमों एवं सेमिनारों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीजेएम रीतू यादव ने ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के महत्व से अवगत कराया तथा बताया कि न्याय क्या है और यह समाज के प्रत्येक व्यक्ति का मूल अधिकार है। उन्होंने विधिक सहायता प्राप्त करने की पात्रता की जानकारी दी और यह स्पष्ट किया कि कोई भी



व्यक्ति आर्थिक तंगी या गरीबी के कारण न्याय से वंचित न रह जाए—यही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद का मुख्य उद्देश्य है। छात्रों में विधिक जानकारी को बढ़ावा देने के लिए विद्यालयों में क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इसके अतिरिक्त, प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन कर विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेज़ जैसे कि- विकलांगता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, अनाथ प्रमाण पत्र आदि प्राप्त करने में सहायता प्रदान की गई। इस अभियान से लगभग 1250 विद्यार्थियों एवं बच्चों को लाभ प्राप्त हुआ तथा 24 प्रमाण पत्रों के निर्माण की प्रक्रिया में सहायता प्रदान की गई। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित करने और युवाओं में विधिक जागरूकता फैलाने के लिए सतत प्रयासरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### क्या है एक रोड-एक दिन योजना? जिससे दिल्ली की सड़कों के कायाकल्प की तैयारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली की बदहाल सड़कों की हालत सुधारने के लिए एमसीडी ने एक रोड-एक दिन नई योजना शुरू करने का ऐलान किया है। इस योजना के तहत, दिल्ली के प्रत्येक जोन में हर दिन एक सड़क की मरम्मत और सुधार का काम पूरा किया जाएगा। एमसीडी का दावा है कि यह पहल दिल्ली की सड़कों को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने में मदद करेगी। एक रोड-एक दिन योजना का लक्ष्य दिल्ली की सड़कों पर गड्ढों, टूटे-फूटे फुटपाथ, खराब स्ट्रीट लाइट्स और अवैध अतिक्रमण जैसी समस्याओं का समाधान करना है। एमसीडी के अनुसार, प्रत्येक सड़क पर एक दिन में मरम्मत, सफाई, साइनेज की स्थापना और सौंदर्यीकरण का काम पूरा होगा। यह योजना स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में एक कदम है। एमसीडी ने बताया कि यह योजना 1 सितंबर 2025 से शुरू होगी। स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा, हमारा लक्ष्य 2 अक्टूबर 2025, स्वच्छ भारत मिशन की वर्षगांठ तक दिल्ली की सड़कों की स्थिति में सुधार करना है। इस दौरान, प्रत्येक जोन में चुनी गई सड़कों पर काम तेजी से पूरा किया जाएगा। एमसीडी का दावा है कि इस योजना से दिल्लीवासियों को कई लाभ मिलेंगे। बेहतर सड़कें और फुटपाथ ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं को कम करेंगे। स्ट्रीट लाइट्स की मरम्मत से रात में यात्रा सुरक्षित होगी, जबकि सौंदर्यीकरण से शहर का स्वरूप बेहतर होगा। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि योजना की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि काम कितनी तेजी और गुणवत्ता के साथ पूरा होता है। एमसीडी की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा, यह योजना दिल्ली की सड़कों को नया रूप देगी और स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को मजबूत करेगी। वहीं, कुछ स्थानीय नेताओं और निवासियों ने इस पहल का स्वागत किया है, लेकिन समयबद्ध कार्यान्वयन पर जोर दिया है।

### दिल्ली वाले तैयार रहें! दो दिन बारिश का अलर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। बुधवार को राजधानी के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी। गुरुवार सुबह से ही घने बादल छाए हुए हैं और मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। बुधवार को हुई बारिश से दिल्लीवासियों को ठंडक का अहसास हुआ और उमस भरी गर्मी से राहत मिली। बुधवार को दिल्ली के कई इलाकों में सुबह से ही बादलों की आवाजाही देखी गई। दिन के समय बीच-बीच में धूप ने उमस को बढ़ाया, लेकिन दोपहर 11ः30 बजे से 2ः30 बजे के बीच हल्की से मध्यम बारिश ने मौसम को सुहाना बना दिया। सफदरजंग मौसम केंद्र में 15 मिमी और लोधी रोड मौसम केंद्र में 17 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस बारिश ने तापमान को सामान्य से नीचे रखा, जिससे दिल्लीवासियों को गर्मी से काफी हद तक राहत मिली। सफदरजंग वेधशाला के अनुसार, बुधवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.2 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.8 डिग्री कम है। आर्द्रता का स्तर 72 से 100 प्रतिशत के बीच रहा, जिससे मौसम को उमस भरा लेकिन बारिश के कारण सहनीय बनाए रखा। मौसम विभाग का अनुमान है कि गुरुवार को अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। मौसम विभाग ने गुरुवार और शुक्रवार के लिए दिल्ली-एनसीआर में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है। बादलों की मौजूदगी के साथ कुछ इलाकों में तेज हवाएं भी चल सकती हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, मानसून की सक्रियता के कारण दिल्ली में अगले कुछ दिनों तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। दिल्लीवासियों को छाता और रेनकोट साथ रखने की सलाह दी जा रही है। बारिश और मौसमी गतिविधियों के कारण दिल्ली की हवा साफ बनी हुई है। दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 67 अंक रहा, जो संतोषजनक श्रेणी में आता है।

# पत्नी पहली हो या दूसरी, दोनों को गुजारा भत्ता का हक... दिल्ली हाई कोर्ट की टिप्पणी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि घरेलू हिंसा कानून के तहत अलग रह रहे जीवनसाथी को भरण-पोषण देने के मामले में पहली और दूसरी शादी के बीच कोई अंतर नहीं किया जाता।

जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की पीठ ने कहा कि यदि कोई पुरुष स्वेच्छा से दूसरी शादी करता है, तो वह अपनी दूसरी पत्नी और बच्चों को गुजारा भत्ता देने से इनकार नहीं कर सकता। यह टिप्पणी एक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई के दौरान आई, जिसमें उसने दूसरी पत्नी को भरण-पोषण देने के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया था। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि यह उसकी दूसरी शादी है और पहली शादी से भी उसके बच्चे हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता ने स्वेच्छा से दूसरी शादी की और प्रतिवादी (दूसरी पत्नी) व उसके बच्चों को स्वीकार किया। ऐसे में वह अब अपने वैधानिक दायित्वों से बचने के लिए दूसरी शादी को बहाना नहीं बना सकता।

महिला ने कोर्ट को बताया कि 1987 में अपने पहले पति की मौत के बाद वह अपने दो बेटों की अकेले परवरिश कर रही थी। उस समय इस व्यक्ति ने उसके बच्चों की देखभाल और पिता के स्नेह का वादा करते हुए शादी का प्रस्ताव रखा था। वहीं, पुरुष ने दावा किया कि उसकी पत्नी ने स्वेच्छा से ससुराल छोड़ दिया और वापस लौटने या सुलह करने का कोई प्रयास नहीं किया।

**यह साधारण अपमान नहीं; महिला को अपशब्द कहने पर अदालत ने जमकर लगाई फटकार:** किसी महिला को चरित्रहीन और सेक्स वर्कर बताने के लिए अक्सर एक अपशब्द का इस्तेमाल किया जाता है। दिल्ली की एक अदालत ने इस शब्द के इस्तेमाल को लेकर एक आरोपी को




जमकर फटकार लगाई और कहा कि यह अपराध है। अदालत ने कहा कि यह शब्द एक महिला के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला है क्योंकि इसका मतलब है कि वह चरित्रहीन और बेवफा है।

द्वारका अदालत में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास हरजोत सिंह औजिला ने विक्रांत ग्रेवाल नाम के एक आरोपी को महिला के अपमान फोन पर धमकाने का दोषी करार देते हुए यह टिप्पणी की। मामला 2021 का है।

अदालत ने कहा कि यह शब्द किसी व्यक्ति का साधारण अपमान के लिए नहीं है, बल्कि यह एक मेहनतकश महिला की मर्यादा को अपमानित करता है। जब इस शब्द का इस्तेमाल एक महिला के लिए किया जाता है तो यह संकेत करता है कि वह महिला विश्वासी नहीं है। दूसरा, यह शब्द सिर्फ साधारण अपमान नहीं है बल्कि सीधे तौर पर एक महिला के यौन पर प्रहार है और यह शब्द महिला को चरित्रहीन दर्शाता है और उसके चरित्र पर संदेह उत्पन्न करता है। अदालत ने कहा कि आरोपी की ओर से इस्तेमाल किया गया यह शब्द उसे आईपीसी की धारा 509 का दोषी ठहराता है। अदालत ने यह भी कहा कि आरोपी की मांग नहीं मानने पर महिला को रेप और हत्या की धमकी दी गई और यह आपराधिक कृत्य है। अदालत ने कहा, आरोपी ने सीधी धमकी दी, जैसे- दरवाजा नहीं खोला तो गोली मार दूंगा। यह आईपीसी की धारा 503 के तहत सीधे आपराधिक कृत्य है।पति और बेटी के साथ एक किराये के घर में रहने वाले महिला ने ग्रेवाल के खिलाफ फोन पर धमकाने और अपशब्दों के इस्तेमाल का आरोप लगाया था।

# 10 हजार फर्जी छात्र, करोड़ों का बजट.. केजरीवाल की फ्री कोचिंग योजना की होगी जांच?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार के दौरान दलित छात्रों के लिए शुरू की गई मुफ्त कोचिंग योजना में अनियमितता का मामला सामने आया है। दिल्ली की भाजपा सरकार ने बुधवार को आरोप लगाया कि जांच में दस हजार फर्जी छात्र पाए गए।

राज्य सरकार ने प्रारंभिक जांच के बाद उपराज्यपाल से मामले की जांच कराने की मांग की थी। एलजी ने इस मामले में बुधवार को जांच के आदेश दे दिए। अब भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) पूरे मामले की जांच करेगी।

दिल्ली सचिवालय में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने वर्ष 2018 में दलित छात्रों के लिए जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना की शुरुआत की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मुफ्त कोचिंग योजना के तहत वर्ष 2021-22 में 10 हजार ऐसे छात्रों की कोचिंग का बिल लगाया गया, जिनका कोचिंग के पास कोई रिकॉर्ड ही नहीं है। शिक्षा मंत्री के मुताबिक, जांच में तीन हजार





छात्र ही मिले। इसके बाद वित्तीय अनियमितता की फाइल एलजी विनय सक्सेना को भेजी गई।

पिछली सरकार के दौरान जुलाई 2021 से अगस्त 2022 के बीच योजना के तहत 13 हजार छात्रों का 145 करोड़ रुपये का बिल कोचिंग की तरफ से सरकार के पास भेजा गया। जबकि पूरी योजना सिर्फ 15 करोड़ रुपये की थी। शिक्षा मंत्री सूद ने कहा कि हमने जब योजना को लेकर थोड़ा अध्ययन किया तो पाया कि यूपीएससी तैयारी के लिए अधिकतम शुल्क एक लाख रुपये था। अगर 13 हजार छात्रों ने पढ़ाई की तो उसके हिसाब से कुल बिल 130 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए था, तो सवाल यह है कि 145 करोड़ का बिल कैसे बना। इससे साफ है कि पिछली सरकार में सबकुछ मिलीभगत से हो रहा था। दलित छात्रों के नाम पर सरकारी खजानों को लूटा जा रहा था। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मामले में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं सामने आई हैं। आप की राजनीति दलितों के नाम पर दिखावा करती रही है।

# साबरमती की तर्ज पर दिल्ली में यमुना किनारे बनेगा रिवर फ्रंट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यमुना रिवर फ्रंट 25 हेक्टेयर (ढाई लाख वर्गमीटर) में विकसित किया जाएगा। यह रिंग रोड साइड पर मिलेनियम बस डिपो वाले स्थान पर बनेगा। दिल्ली सरकार ने आईटीओ के हाथी घाट और सराय काले खां के बीच पड़ने वाले इस स्थान को लगभग तय कर लिया है। साथ ही, इस प्रस्ताव के बारे में केंद्र को भी अवगत करा दिया है। सूत्रों की मानें तो जून 2026 तक योजना को तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। यमुना रिवर फ्रंट मिलेनियम बस डिपो के आस-पास विकसित करने का मकसद बेहतर कनेक्टिविटी देना है।

यहां वाया रिंग रोड के अलावा दूसरे सार्वजनिक परिवहन साधनों से पहुंचना आसान है। रिवर फ्रंट पर सांस्कृतिक आयोजनों के लिए अलग से जगह बनाई जाएगी। लोगों के बैठने के लिए सीढ़ीनुमा जगह (स्टेप्ड सीटिंग) बनाई जाएगी। फव्वारे, बगीचे/पार्क और मूर्तियों के अलावा बस कैफे जैसी



व्यवस्था भी की जाएगी। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो दिल्ली सरकार यमुना रिवर फ्रंट को गुजरात के साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर विकसित करना चाहती है। इसके लिए सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश वर्मा के नेतृत्व में एक टीम गुजरात दौरे पर भी जाने वाली थी, लेकिन मानसून के चलते वह दौरा फिलहाल रद्द हो गया है। दिल्ली सरकार ने यमुना किनारे पर पहले से बने पार्कों में अब फूड कोर्ट खोलने का फैसला किया है। इसके तहत असिता पूर्व पार्क में फूड कोर्ट, कंटेनर कैफे, टेंट कैफे खुलेंगे। इसी तरह यमुना वाटिका में बस कैफे और कालिंदी अविरल विस्तार में भी जैविक हाट, शिकारा-कन्वेंशन सेंटर भी खोला जाएगा।

यमुना रिवर फ्रंट के अलावा सरकार ने यमुना तटबंध में ग्रीन मोबिलिटी कॉरिडोर (हरित गतिशीलता कॉरिडोर) यानि साइकिल लिंक परियोजना भी तैयार की है। इसके तहत यमुना तटबंध पर कुल 51 किलोमीटर का साइकिल ट्रैक बनाया जाएगा।

# आप इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं, संजय सिंह बोले- लोकसभा चुनाव तक ही था अलायंस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने बुधवार को एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद से ही इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं है। बता दें कि साल 2024 का लोकसभा चुनाव आप और कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के तहत लड़ा था। हालांकि, बाद में हरियाणा और दिल्ली विधानसभा चुनावों में दोनों ने अलग-अलग दो-दो हाथ किया था। संजय सिंह ने बुधवार को कहा कि हमने साफ कर दिया है कि इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव तक ही था। जहां तक संसद का सवाल है तो हम हमेशा सरकार की सभी गलत नीतियों का विरोध करते रहे हैं। हम संसद के मानसून सत्र के दौरान दिल्ली में झुग्गियों को तोड़े जाने का मुद्दा उठाएंगे। हमने आधिकारिक तौर पर कहा है कि आम आदमी पार्टी आज से भारत गठबंधन के साथ नहीं है। हमारा गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए था। इसके साथ ही आप सांसद ने आगे कहा कि संसद के मानसून सत्र में उनका रुख पहले की तरह कायम रहेगा। वह इस सत्र में दिल्ली में झुग्गियों के कथित विध्वंस का मुद्दा उठाएंगे। बता दें कि हाल ही में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में झुग्गियों के कथित विध्वंस को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार पर निशाना साधा था। केजरीवाल ने भाजपा सरकार पर गरीबों को बेघर बनाने का आरोप लगाया था। केजरीवाल ने जंतर-मंतर पर एक विरोध रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 50एष की इतनी गर्मी में गरीबों की झुग्गियां तोड़ी जा रही हैं। सरकार आम लोगों को असहाय बना रही है। सरकार के लोग आम लोगों को सड़कों पर रहने के लिए मजबूर कर रहे हैं। गरीब आदमी अपनी झुग्गी के पास काम करता है। ऐसे में यदि झुग्गी नष्ट हो जाती है तो उनकी आजीविका भी बर्बाद हो जाती है।



### 12 साल के बच्चे ने दी दिल्ली के स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में बुधवार को सात स्कूलों को बम की धमकी भरे ईमेल मिले, जिससे अभिभावकों, छात्रों और स्कूल स्टाफ में दहशत फैल गई। यह लगातार तीसरा दिन था जब शहर के स्कूलों को इस तरह की धमकियां मिलीं। धमकी मिलने के बाद स्कूलों को खाली करवाया गया, बच्चों को घर भेज दिया गया और बम निरोधक दस्तों ने तलाशी अभियान चलाया। हालांकि सभी धमकियां झूठी निकलीं।

पुलिस ने खुलासा किया कि मंगलवार को मिली एक धमकी के पीछे साउथ दिल्ली का एक 12 साल का बच्चा था। इस नन्हे शरारती ने अपने निजी मोबाइल फोन से सेंट थॉमस स्कूल और सेंट स्टीफंस कॉलेज को धमकी भरा ईमेल भेजा था। डीसीपी (द्वारका) ने बताया, 'बच्चे से पूछताछ की गई, उसे समझा कर घर भेज दिया गया। उसने बताया कि यह सब मजाक में किया था। बच्चे की मेंटल हेल्थ का भी इलाज चल रहा है।' (जिसे मंगलवार को भी धमकी मिली थी), वसंत कुंज का वसंत वैली स्कूल, हौज खास का मदर्स इंटरनेशनल स्कूल, पश्चिम विहार का रिचमंड ग्लोबल स्कूल, लोदी एस्टेट का सरदार पटेल विद्यालय और पीतमपुरा और अशोक विहार का प्रूडेंस स्कूल शामिल हैं।

# लास्ट वॉर्निंग है, पैसे वापस कर; फाजिलपुरिया पर हमले की सुनील ने ली जिम्मेदारी

**गुरुग्राम एजेंसी।** हरियाणवी गायक और रैपर राहुल यादव उर्फ फाजिलपुरिया पर हुए जानलेवा हमले के बाद एक नया मोड़ आ गया है। बुधवार शाम को सुनील सरधानिया नामक एक युवक ने सोशल मीडिया पर इस हमले की जिम्मेदारी ली है। वहीं, रेकी करने वाले को सोनीपत से गिरफ्तार कर लिया। इस चौंकाने वाली पोस्ट के वायरल होने के बाद साइबर पुलिस जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि पुलिस सुरक्षा के साथ फाजिलपुरिया गुरुग्राम से बाहर किसी दूसरे शहर चले गए हैं। फाजिलपुरिया पर फायरिंग मामले में गुरुग्राम पुलिस की अपराध शाखा सेक्टर-40 ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान 25 वर्षीय विशाल निवासी सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया है कि वह गुरुग्राम में फाजिलपुरिया पर फायरिंग से पहले चार बार आया था। उसके गांव में घर,सोसाइटी के घर और वह कहां आता जाता है,पूरी रेकी की गई थी।

14 जुलाई को फायरिंग वाले दिन भी वह गुरुग्राम में मौजूद था। इसके अलावा आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया किराए पर कार दिलाने के लिए भी सोनीपत में इसी ने मदद की थी। बुधवार शाम को सुनील सरधानिया नाम के इस व्यक्ति ने फाजिलपुरिया को संबोधित करते हुए एक लिखित चेतावनी जारी की है। इस चेतावनी में स्पष्ट कहा गया है कि अगर उसे फाजिलपुरिया को मारना होता, तो उसके ऑफिस के बाहर ही मार दिया जाता। धमकी देने वाले का दावा है कि उन्हें अपने पैसे चाहिए जो दीपक नांदल ने अपने और अपने हर परिचित से लेकर फाजिलपुरिया पर लगवाए थे ताकि वह सेलिब्रिटी बन सके। धमकी भरी पोस्ट में यह भी दावा किया गया है कि कुल पांच करोड़ रुपये लगाए गए थे। सुनील सरधानिया ने आरोप लगाया है कि जब फाजिलपुरिया का काम चल नहीं, तो उसने अपनी जमीन बेचकर पैसे देने की बात कही थी। धमकी में यह भी कहा



गया है कि दीपक नांदल ने अपनी जिंदगी के दस साल इस काम के लिए खराब किए और अपने पांच करोड़ रुपये भी गंवा दिए। सुनील सरधानिया ने पोस्ट में फाजिलपुरिया पर पिछले दो साल से अपनी राजनीतिक रसूख दिखाने और किसी की बात न समझने का आरोप लगाया है। चेतावनी में यह भी कहा गया है कि यह लास्ट वॉर्निंग है। धमकी भरे लहजे में फाजिलपुरिया को अपने पैसे वापस देकर बात खत्म करने के लिए एक महीने का समय दिया गया है। सोशल मीडिया पर यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। फायरिंग की घटना के बाद, गुरुग्राम पुलिस ने फाजिलपुरिया को सुरक्षा मुहैया कराई है। मंगलवार देर रात को गुरुग्राम पुलिस के दो जवानों को फाजिलपुरिया की सुरक्षा के लिए उनके घर भेजा गया। ये भी बताया गया कि वह कहीं और चला गया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है, जिसमें यह धमकी भरी पोस्ट और दीपक नांदल से जुड़ा वित्तीय विवाद भी शामिल है।

# कूड़े से बनी बायो सीएनजी से हर रोज चल सकती हैं 17 हजार कारें, इतना पैदा होता है कूड़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर ठीक से उपयोग किया जाए तो राजधानी में पैदा होने वाला कचरा बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। गीले कचरे से हर दिन एक लाख 74 हजार किलो बायो सीएनजी बनाई जा सकती है। बायो सीएनजी की यह मात्रा इतनी बड़ी है कि इससे हर दिन सत्रह हजार से ज्यादा कारों की ईंधन खपत पूरी हो सकती है।

पर्यावरण और प्रदूषण पर काम करने वाली संस्था विज्ञान एवं पर्यावरण केन्द्र (सीएसई) ने बायो सीएनजी को लेकर विस्तृत रिपोर्ट जारी की है। बायो सीएनजी फ्रॉम म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट नाम से जारी इस रिपोर्ट में इस बात का आकलन किया गया है कि देश के किस राज्य में गीले कचरे से कितनी बायो सीएनजी पैदा करने की क्षमता है। इस सूची में महाराष्ट्र पहले नंबर पर है। संस्था का आकलन है कि यहां पर गीले कचरे से हर दिन 389 टन बायो-सीएनजी बनाई जा सकती है। इस सूची में दिल्ली छठवें स्थान पर है।

दिल्ली में हर दिन पांच हजार 210 टन गीला कचरा पैदा होता है। इस गीले कचरे से हर दिन 174 टन यानी एक लाख 74 हजार किलो बायो-सीएनजी तैयार की जा सकती है। दिल्ली में दिनभर चक्कर लगाने वाली एक कार अगर पूरे दिन में औसतन दस किलो सीएनजी खर्च करती है तो इस हिसाब से कचरे से पैदा होने वाली बायो सीएनजी से 17 हजार 400 कारों की ईंधन जरूरत पूरी हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में आमतौर पर गीले कचरे के प्रबंधन के लिए खाद बनाने पर ही



जोर दिया जा रहा है, लेकिन बायो-सीएनजी के उत्पादन की तरफ ध्यान दिया जाना चाहिए, क्योंकि कचरे से बायो-सीएनजी पैदा करना एक बेहतर विकल्प हो सकता है। खासतौर पर बड़े स्थानीय निकायों को इस तरह के संयंत्र लगाने चाहिए जिससे बायो-सीएनजी का उत्पादन किया जा सके। गीले कचरे से बायो सीएनजी बनाने के सामने सबसे बड़ी बाधा है। रिपोर्ट कहती है कि गीले और सूखे कचरे को पूरी तरह से अलग करके एकत्रित किया जाना चाहिए। ताकि, उसका उपयोग बेहतर तरीके से किया जा सके। इसके साथ ही शहरों को हर तीन साल में अपने यहां कचरे का ऑडिट कराना चाहिए। इसके जरिए यह पता लगाया जाना चाहिए कि किसी खास शहर में कितना कचरा पैदा हो रहा है और जो कचरा पैदा हो रहा है वह किस किस्म का है। ताकि, उसी अनुसार उसके प्रबंधन की योजना बनाई जा सके। गीले कचरे से खाद बनाने की तुलना में बायो सीएनजी बनाने को पर्यावरण के ज्यादा मुफीद माना जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक गीले कचरे से खाद बनाने के दौरान बदबू की शिकायत आसपास के लोग करते हैं। जबकि, इसका सही प्रबंधन नहीं होने की स्थिति में कचरा सड़ते समय उससे निकलने वाला द्रव (लीचेट) भूमिगत जल में चला जाता है और भूमिगत जल तो जहरीला बनाता है। इसमें ज्यादा लोगों के काम करने की भी जरूरत होती है। इसकी तुलना में बायो सीएनजी संयंत्र के पास बदबू नहीं होती और खाद बनाने के संयंत्र की तुलना में दोगुना से तीन गुना कम जमीन पर ही काम कर सकता है।

### दिल्ली में बड़े स्तर पर मॉक ड्रिल, किसी भी इमरजेंसी के लिए दी जाएगी ट्रेनिंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए एजेंसियां बड़े स्तर पर मॉक ड्रिल का आयोजन कर रही हैं। 17 और 18 जुलाई को एक बड़े पैमाने पर आतंकवाद रोधी मॉक ड्रिल होगी। दिल्ली पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मिलकर इस अभ्यास को अंजाम देंगी, जिसमें शहर के कई महत्वपूर्ण स्थानों पर सघन अभ्यास होगा। सुरक्षा बलों की त्वरित प्रतिक्रिया और आपसी तालमेल को परखना। आतंकी हमले, बंधक स्थिति या अन्य आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को जांचने के लिए यह अभ्यास खास तौर पर तैयार किया गया है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि यह ड्रिल शहर को और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह मॉक ड्रिल दिल्ली के प्रमुख और व्यस्त स्थानों जैसे मेट्रो स्टेशन, शॉपिंग मॉल, बाजार, और रेलवे स्टेशन पर आयोजित होगी। गोपनीयता बनाए रखने के लिए सटीक स्थानों और समय का खुलासा नहीं किया गया है।

## संपादकीय

# यौन उत्पीड़न -प्रशासन और शासन की लापरवाही

किसी भी आपराधिक घटना में न्याय मिलने में जरूरत से ज्यादा विलंब या न्याय मिलते नहीं दिखना, पीड़ित व उसके परिवार की पीड़ा को कई गुना बढ़ा देता है। कई बार तो पीड़ित व्यक्ति इतना आहत हो जाता है कि उसके जीने की इच्छा तक दम तोड़ देती है। ओड़ीशा में बालासोर के एक कालेज की छात्रा के साथ भी संभवत्ः यही हुआ। इस छात्रा ने अपने एक शिक्षक के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर पीड़िता आत्मदाह जैसा चरम कदम उठाने पर मजबूर हो गई और अब उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। सवाल है कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है? कालेज प्रशासन ने इस मामले में तत्काल गंभीरता और संवेदनशीलता क्यों नहीं दिखाई? पीड़िता को ऐसा क्यों महसूस हुआ कि उसे न्याय नहीं मिल पाएगा? गौरतलब है कि पीड़ित छात्रा ने संबंधित कालेज की आंतरिक अनुपालन समिति में यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी। खबरों के मुताबिक, न सिर्फ उस पर तत्काल जांच जैसी कोई कार्रवाई नहीं हुई, बल्कि मामले को दबाने के लिए दबाव भी बनाया गया। इससे आहत होकर पीड़िता ने खुद को आग लगा ली। अब वह अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही है। इस घटना के बाद कालेज के प्राचार्य और विभागाध्यक्ष को निलंबित कर दिया गया है और मामले में मुख्य आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही सरकार ने घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति भी गठित की है। सवाल है कि अगर कालेज प्रशासन की ओर से ऐसी सक्रियता पहले दिखाई गई होती, तो क्या छात्रा को खुद को आग लगाने की हद तक पहुंचने से रोका नहीं जा सकता था? अक्सर देखा गया है कि जब कोई घटना तूल पकड़ लेती है, तो उसके बाद ही शासन और प्रशासनिक अमला हरकत में आकर चुस्ती दिखाने लगता है। जबकि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की उम्मीद की जाती है। सरकार को इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से लेना चाहिए। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि आरोप और घटना की गहन जांच हो, सच्चाई सामने आए, दोषी को सजा मिले और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई हो।

**विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस रैंकिंग में चोटी के चार देशों में शामिल हो गया है, जबकि दुनिया की नंबर एक और नंबर दो अर्थव्यवस्थाएं यानी अमेरिका और चीन उससे पीछे हो गए हैं। भारत से आगे स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस हैं। दिलचस्प यह है कि जिस समय यह रिपोर्ट आई, ठीक उन्हीं दिनों ऑक्सफैम जैसी दूसरी एजेंसियों की ओर से आई रिपोर्टों के हवाले से भारत में बढ़ती आर्थिक आर्थिक असमानता को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में विश्व बैंक की इस रिपोर्ट का आना और उसके समानता सूचकांक में भारत का बेहतर प्रदर्शन करना सुखद आश्चर्य का कारण तो बनता ही है। विश्व बैंक के समानता सूचकांक को गिनी सूचकांक भी कहा जाता है। एक तरह से यह आर्थिक विकास को सामाजिक समानता से जोड़ने का सूचकांक है। इस आंकड़े के अनुसार, भारत का गिनी इंडेक्स 25.5 है।**

# समानता रिपोर्ट में बेहतरी की ओर भारत

**(उमेश चतुर्वेदी)**

विश्व बैंक के समानता सूचकांक को गिनी सूचकांक भी कहा जाता है। एक तरह से यह आर्थिक विकास को सामाजिक समानता से जोड़ने का सूचकांक है। इस आंकड़े के अनुसार, भारत का गिनी इंडेक्स 25.5 है। इस सूचकांक के अनुसार, भारत 'सामान्?य से कम' असमानता श्रेणी में है।

इसे संयोग कहें या कुछ और, जिस समय भारतीय संविधान की प्रस्तावना में आपातकाल के दिनों जोड़े गए शब्दों 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' को लेकर बहस हो रही है, ठीक उसी वक्त आई विश्व बैंक की रिपोर्ट ने भारतीय समाज को ज्यादा समतामूलक बताया है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस रैंकिंग में चोटी के चार देशों में शामिल हो गया है, जबकि दुनिया की नंबर एक और नंबर दो अर्थव्यवस्थाएं यानी अमेरिका और चीन उससे पीछे हो गए हैं। भारत से आगे स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस हैं। दिलचस्प यह है कि जिस समय यह रिपोर्ट आई, ठीक उन्हीं दिनों ऑक्सफैम जैसी दूसरी एजेंसियों की ओर से आई रिपोर्टों के हवाले से भारत में बढ़ती आर्थिक आर्थिक असमानता को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में विश्व बैंक की इस रिपोर्ट का आना और उसके समानता सूचकांक में भारत का बेहतर प्रदर्शन करना सुखद आश्चर्य का कारण तो बनता ही है।

विश्व बैंक के समानता सूचकांक को गिनी सूचकांक भी कहा जाता है। एक तरह से यह आर्थिक विकास को सामाजिक समानता से जोड़ने का सूचकांक है। इस आंकड़े के अनुसार, भारत का गिनी इंडेक्स 25.5 है। इस सूचकांक के अनुसार, भारत 'सामान्?य से कम' असमानता श्रेणी में है। मानकों के अनुसार, इस श्रेणी के लिए स्कोर 25 से 30 के बीच होता है। यह 'कम असमानता' वाले समूह के मानक से कुछ ही ज्यादा है। इस श्रेणी में स्लोवाक गणराज्य शामिल है। स्लोवाक का गिनी इंडेक्स 24.1 है। इसी तरह दूसरे स्थान पर रहे सोवियत संघ के पूर्व हिस्से और मौजूदा स्लोवेनिया देश का सूचकांक 24.3 है। इसके बाद 24.4 अंकों के साथ बेलारूस है। इन तीनों के बाद भारत का नंबर है। गौरतलब है कि विश्व बैंक ने दुनिया के 167 देशों का गिनी इंडेक्स जारी किया है। इनमें भारत की स्थिति बहुत बेहतर है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ़ 30 देश 'सामान्?य से कम' असमानता वाली श्रेणी में आए हैं। जिनमें अत्?यधिक लोक कल्याण वाले अनेक यूरोपीय देश जैसे आइसलैंड, नॉर्वे, फ़िनलैंड, बेल्जियम और पोलैंड शामिल हैं। इसमें संयुक्त अरब अमीरात जैसा धनी देश भी शामिल है। इस सूचकांक के लिहाज से भारत का प्रदर्शन विगत के डेढ़ दशक की तुलना में बहुत बेहतर है। साल 2011 में भारत का गिनी सूचकांक 28.8 था। साल 2022 में यह 25.5 पर पहुंच गया।

गिनी सूचकांक के जरिए यह समझने की कोशिश की जाती है कि देश विशेष के घरों या व्यक्तियों के बीच आय, संपत्ति और उसके उपभोग के वितरण में कितनी समानता है। इसे शून्य से लेकर 100 के सूचकांक के स्तर पर मापा जाता है। इस सूचकांक के अनुसार, जिस देश का स्कोर शून्य है, उसका मतलब है कि उस देश में पूरी तरह समानता है यानी आय का वितरण पूरे नागरिकों में समान है। इस सूची में 100 स्कोर का अर्थ है कि एक ही व्यक्ति के पास पूरी आय और संपत्ति है और वही सबसे ज्यादा उपभोग करता है, जबकि



दूसरों के पास कुछ भी नहीं है। इसका मतलब यह होता है कि उस देश विशेष में पूरी तरह असमानता व्याप्त है। मोटे तौर पर समझ सकते हैं कि जिस देश का गिनी इंडेक्स जितना ज्यादा होगा, उस देश में उतनी ही असमानता होगी।

विश्व बैंक का मानना है कि गिनी इंडेक्स में भारत की मजबूत स्थिति की वजह उसके गरीबी हटाओ उपाय हैं। जिनके जरिए ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में गरीबी को कम करने में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार, बीते दशक में 17.1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकालने में कामयाबी हासिल की गई है। विश्व बैंक ने गरीबी के लिए रोजाना 2.15 अमेरिकी डॉलर से नीचे की आय को रखा है। इस लिहाज से भारत में 2011-12 के दौरान करीब 16.2 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे जी रहे थे, उनकी संख्या में साल 2022-23 में घटकर सिर्फ 2.3 प्रतिशत रह गई है।

भारत में समानता लाने में मोदी सरकार की योजनाओं का बहुत योगदान है। इसमें नई योजनाएं हैं और पुरानी का बेहतर कार्यान्वयन भी है। इन योजनाओं के जरिए लोगों तक आर्थिक पहुंच में सुधार करना, राज्य की ओर से दिए जा रहे कल्याणकारी फायदों को जमीनी स्तर तक पहुंचाना और इस पूरी प्रक्रिया में समाज के कमज़ोर और कमजोर प्रतिनिधित्व वाले समूहों का सहयोग करना है। इसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना को पहले स्थान पर रखा जा सकता है। जिस योजना के तहत 25 जून, 2025 तक 55.69 करोड़ से ज़्यादा लोगों के पास जन धन खाते थे। इनके जरिए ना सिर्फ लोगों को राज्य की ओर से मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं का फायदा सीधे पहंच रहा है, बल्कि वित्तीय कामकाज के लिए बैंकों तक इन लोगों का जुड़ाव बढ़ा है। इससे लोगों की आर्थिक स्थिति सुधर रही है।

आधार और डिजिटल पहचान के जरिए कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हुई है। तीन जुलाई, 2025 तक देश के 142 करोड़ से अधिक लोगों के आधार कार्ड जारी किए जा चुके थे। राज्य के कल्याणकारी योजनाओं का भुगतान और सब्सिडी आदि को अब सीधे लोगों के खातों में पहुंचाया जा रहा है। इसकी वजह से देश की बचत बढ़ी है। एक आंकड़े के अनुसार, मार्च 2023 तक देश की संचयी बचत ?3.48 लाख करोड़ तक पहुंच चुकी थी। जाहिर है कि इनमें से ज्यादातर लोगों का पैसा प्रत्यक्ष और सीधे खातों तक वित्तीय मदद पहुंच रहा है। भारत की आर्थिक और सामाजिक असमानता को कम करने में आयुष्मान भारत योजना का भी हाथ मान सकते हैं। इसके जरिए इससे कवर परिवार को सालाना 5 लाख रूपए तक का स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार तीन जुलाई, 2025 तक देशभर में 41.34 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। जिसके दायरे में देश भर के 32,000 से अस्पताल शामिल हैं। इस योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना योजना शुरू की जा चुकी है, चाहे उनकी आय जो भी हो। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की वजह से यह प्रयास और मजबूत हुआ, जिसमें लोगों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए 79 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य खाते बनाए जा चुके हैं। भारत में आर्थिक और सामाजिक असमानता को दूर करने में स्टैंड-अप इंडिया जैसी योजना के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्थापित इस योजना के जरिए दलित और आदिवासी एवं महिला उद्यमियों को ग्रीनफील्ड उद्योग स्थापित करने के लिए 10 लाख से एक करोड़ रूपए तक का कर्ज दिया जा रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार इस साल जुलाई के पहले हफ्ते तक इस योजना के तहत पूरे देश में 2.75 लाख से अधिक आवेदन स्वीकृत किए जा चुके थे। इसके तहत नव उद्यमियों को 62,807.46 करोड़ रूपए दिये जा चुके हैं। एक तरह से इस योजना के जरिए वंचित समुदाय की आर्थिक तरक्की हो रही है। आर्थिक तरक्की की राह सामाजिक विकास को भी प्रभावित करती है।

भारत में जारी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना देश की खाद्य और सामाजिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ बन चुका है। कोरोना महामारी के दौरान शुरू की गई इस योजना तहत 80.67 करोड़ लोगों को खाद्यान्न दिया जा रहा है। मुफ़्त मिल रहे खाद्यान्न का उद्देश्य है कि देश का कोई भी व्यक्ति भूखे पेट ना सोए। भारत में गरीबी कम करने में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का भी अपना विशेष योगदान मान सकते हैं। इसके तहत पारम्?परिक कारीगरों और शिल्पकारों बिना किसी जमानत के ऋण, टूलकिट, डिजिटल प्रशिक्षण और मार्केटिंग सहायता दिए जा रहे हैं। इस साल जुलाई के पहले सप्ताह तक इस योजना के तहत 29.95 लाख व्यक्तियों को फायदा मिल चुका है। इससे शहरी और ग्रामीण, दोनों तरह की गरीबी दूर करनें में मदद मिली है। इसका यह मतलब नहीं कि ऑक्सफैम की रिपोर्ट को अनदेखा कर दिया जाए। इसके अनुसार देश में आर्थिक असमानता बहुत ज्यादा है। इस रिपोर्ट के अनुसार देश के सबसे अमीर महज एक प्रतिशत लोगों के पास देश की चालीस फीसद से ज्यादा की संपत्ति है, जबकि सबसे गरीब आधी आबादी के पास सिर्फ तीन प्रतिशत संपत्ति है। यह असमानता आय, संपत्ति और अवसरों में भी साफ तौर पर दिखती है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के शीर्ष दस प्रतिशत लोगों के पास कुल राष्ट्रीय संपत्ति का 77 फीसद त्न हिस्सा है। इस रिपोर्ट के अनुसार, देश में 119 अरबपति हैं। 2000 में इनकी संख्या केवल 9 थी, जो 2017 में बढ़कर 101 हो गई और अब यह बढ़कर सौ से ज्यादा हो गई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, देश में अरबपतियों की संपत्ति में एक दशक में करीब 10 गुना की बढ़ोतरी हुई है।

# एससीओ बैठक में जयशंकर और इशाक डार के भाषणों के विश्लेषण से कई बड़ी बातें सामने आईं

**(नीरज कुमार दुबे)**

जयशंकर का फोकस भारत की 'वसुधैव कुटुंबकम' की नीति और 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन को क्षेत्रीय सहयोग से जोड़ने पर रहा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि साझा विकास तभी संभव है जब क्षेत्र में शांति और आतंकवादमुक्त माहौल हो।

चीन के तियानजिन शहर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों के भाषण ने एक बार फिर यह साफ कर दिया कि दोनों देशों के बीच भले ही मंच साझा हो, लेकिन उनके दृष्टिकोण, प्राथमिकताएं और वैश्विक भूमिका को लेकर सोच में गहरी खाई कायम है। जहां भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर का वक्तव्य एक परिपक्व, आत्मविश्वासी और वैश्विक दृष्टिकोण से परिपूर्ण था, वहीं पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार का भाषण पुरानी शिकायतों, पाकिस्तान की विक्टिम कार्ड वाली छवि और कश्मीर के घिसे-पिटे मुद्दों के इर्द-गिर्द ही सिमटा रहा।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने भाषण में एससीओ की प्रासंगिकता, क्षेत्रीय स्थिरता और आतंकवाद के खिलाफ साझा जिम्मेदारियों पर जोर दिया। उन्होंने न सिर्फ भारत की उभरती हुई वैश्विक भूमिका को रेखांकित किया, बल्कि इस मंच के माध्यम से पाकिस्तान सहित सभी पड़ोसी देशों को स्पष्ट संदेश भी दिया कि आतंकवाद और सीमा-पार हिंसा किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत की कार्रवाई को उचित ठहराते हुए जयशंकर ने एससीओ को आतंकवाद और चरमपंथ से निपटने के अपने स्थापना उद्देश्य से नहीं भटकने की सलाह भी दी। साथ ही जयशंकर का फोकस भारत की 'वसुधैव कुटुंबकम' की नीति और 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन को क्षेत्रीय सहयोग से जोड़ने पर रहा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि साझा विकास तभी संभव है जब क्षेत्र में शांति और आतंकवादमुक्त माहौल हो। ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक सहयोग, कनेक्टिविटी और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर भारत के रुख ने एक जिम्मेदार और परिपक्व वैश्विक शक्ति की छवि भी पेश की।

दूसरी ओर, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार का भाषण कहीं न कहीं भारत के विरुद्ध पूर्व निर्धारित एजेंडे और पुराने दावों का ही विस्तार प्रतीत हुआ। इशाक डार ने अप्रत्यक्ष रूप से कश्मीर का मुद्दा उठाकर इसे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर घसीटने की कोशिश की, जबकि एससीओ का मापदंड है कि यह मंच द्विपक्षीय विवादों के लिए नहीं, बल्कि साझा क्षेत्रीय हितों के लिए है। डार के भाषण में पहलगाम हमले से पल्ला झाड़ने, भारत के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाने और भारत के साथ संवाद की आवश्यकता भी जताने जैसी बातें मुख्य बिंदू रहीं। इशाक डार ने कहा कि पिछले तीन महीनों में दक्षिण एशिया में ''बेहद परेशान करने वाली घटनाएं'' हुईं। इशाक डार ने कहा, ''पाकिस्तान संघर्ष-विराम और स्थिर क्षेत्रीय संतुलन कायम करने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। हालांकि, हम यह स्वीकार नहीं कर सकते कि बल का मनमाना प्रयोग सामान्य हो जाए।'' देखा जाये तो पाकिस्तान एक ओर खुद को पीड़ित दिखाने की कोशिश करता रहा, वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय स्थिरता और विकास की बातें करता रहा, जो उसकी नीति में अंतर्विरोध को ही उजागर करता है।

भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों के भाषण पर गौर करेंगे तो एससीओ मंच पर दोनों देशों के दृष्टिकोण में जमीन-आसमान का फर्क दिखाई देगा। जहां भारत आर्थिक विकास, आतंकवाद के विरुद्ध एकजुटता और क्षेत्रीय स्थिरता की बात कर रहा था, वहीं पाकिस्तान अब भी कश्मीर राग और भारत-विरोधी विमर्श में उलझा हुआ दिखा। भारत वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है, तो पाकिस्तान अब भी अपनी पहचान और अस्तित्व की राजनीति में उलझा है। इस बैठक से स्पष्ट हो गया कि पाकिस्तान अपने पुराने एजेंडे से बाहर आने को तैयार नहीं है जबकि भारत हर वैश्विक मंच पर रचनात्मक, समाधानपरक और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है।

हम आपको यह भी बता दें कि एससीओ के शीर्ष नेताओं की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाग लेने की संभावना है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बताया है कि 20 से अधिक देशों के नेता और 10 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख अगले महीने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के तियानजिन शिखर सम्मेलन एवं संबंधित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। एससीओ तियानजिन शिखर सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और एससीओ सदस्य देशों के अन्य नेताओं के इस शिखर सम्मेलन में भाग लेने की संभावना है। यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सम्मेलन में जाते हैं तो सबकी निगाहें खासतौर पर भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के भाषण पर लगी रहेंगी। बहरहाल, एससीओ जैसे मंच पर भारत और पाकिस्तान के दृष्टिकोण में दिखा अंतर महज भाषणों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दोनों देशों की व्यापक विदेश नीति और भविष्य के कूटनीतिक रास्तों का संकेतक भी है।

# अमर्यादित नहीं हो सकती है अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

**नागरिकों को भी समझना चाहिए कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की एक मर्यादा है, उसे लांघना किसी के भी हित में नहीं है। उचित होगा कि नागरिक समाज इस दिशा में गंभीरता से चिंतन करे। सर्वोच्च न्यायालय ने उचित ही कहा है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गलत इस्तेमाल समाज में नफरत और विघटन को जन्म दे सकता है। इसलिए नागरिकों को चाहिए कि वे जिम्मेदारी से बोलें, संयम रखें और दूसरों की भावनाओं का सम्मान करें। हमारे यहाँ तो महापुरुषों ने भी कहा है कि जो व्यवहार हम अपने लिए अपेक्षित करते हैं, वही व्यवहार हमें सामने वाले के साथ करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ के सामने आया वजाहत खान का मामला ऐसा ही है।**

**(लोकेन्द्र सिंह राजपूत )**

सर्वोच्च न्यायालय ने उचित ही कहा है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गलत इस्तेमाल समाज में नफरत और विघटन को जन्म दे सकता है। इसलिए नागरिकों को चाहिए कि वे जिम्मेदारी से बोलें, संयम रखें और दूसरों की भावनाओं का सम्मान करें। जब हम विरोध, आलोचना और असहमति के वास्तविक स्वरूप को भूलते हैं तब हमारी अभिव्यक्ति घृणा और नफरत में बदल जाती है। मौजूदा समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय विचार के संगठनों एवं कार्यकर्ताओं पर टिप्पणी का स्वर ऐसा ही दिखायी पड़ रहा है, जो अमर्यादित है। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसी ही अमर्यादित अभिव्यक्ति के मामलों की सुनवाई के दौरान बहुत महत्वपूर्ण बातें कहीं है, जिन पर हमें गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ है। इस पर किसी प्रकार के बाहरी प्रतिबंध लगाना उचित नहीं होगा। लेकिन यदि इसी प्रकार अमर्यादित लिखा-पढ़ी, बयानबाजी और कार्टूनबाजी जारी रही तब समाज में वैमनस्य और सांप्रदायिक तनाव को फैलने से रोकने के लिए कुछ न कुछ युक्तियुक्त प्रबंध करने ही पड़ेंगे। सोशल मीडिया के इस दौर में किसी को भी अमर्यादित और असीमित अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं दी जा सकती है। नागरिकों को भी समझना चाहिए कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की एक मर्यादा है, उसे लांघना किसी के भी हित में नहीं है। उचित होगा कि नागरिक समाज इस दिशा में गंभीरता से चिंतन करे। सर्वोच्च न्यायालय ने उचित ही कहा है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गलत इस्तेमाल समाज में नफरत और विघटन को जन्म दे सकता है। इसलिए नागरिकों को चाहिए कि वे जिम्मेदारी से बोलें, संयम रखें और दूसरों की भावनाओं का सम्मान करें। हमारे यहाँ तो महापुरुषों ने भी कहा है कि जो व्यवहार हम अपने लिए अपेक्षित करते हैं, वही व्यवहार हमें सामने वाले के साथ करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ के सामने आया वजाहत खान का मामला ऐसा ही है, जिसमें हिन्दू देवी पर तो आपत्तिजनक पोस्ट कर रहा है लेकिन इस्लाम के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध शिकायत दर्ज करा है। जब पलटकर किसी ने हिन्दू धर्म का अपमान करने के आरोप में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी, तो वह न्यायालय में पहुँच गया है। याद हो कि सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनौली ने ऑपरेशन सिंदूर के समय भावावेश में आकर कोई आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। हालांकि जब उसे अपनी गलती का अहसास हुआ तो उसने बिना शर्त माफी भी माँग ली और अपना वह वीडियो भी हटा लिया था। लेकिन इसके बावजूद वजाहत खान ने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी थी। हालांकि ऐसा करते समय वजाहत खान ने अपने गिरेबां में झांककर नहीं देखा कि वह क्या कर रहा है? जब आप अपनी आस्था पर कोई आपत्तिजनक टिप्पणी सुनना पसंद नहीं करते तब आपको दूसरों के देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणियां करने का अधिकार किसने दे दिया है? अच्छा ही हुआ कि वजाहत खान जैसों को आईना दिखाने के लिए हिन्दू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने पर उनके विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज करा दिया गया है। अब उन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मोल समझ आएगा। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा है कि लोगों को हेट स्पीच क्यों अटपटे और गलत नहीं लगते हैं। ऐसे कंटेंट पर नियंत्रण होना चाहिए। साथ ही लोगों को भी ऐसे नफरत भरे कंटेंट को शेयर करने और लाइक करने से बचना चाहिए।



इसी प्रकार, सर्वोच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने इंदौर के कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय के बेहद आपत्तिजनक कार्टून को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए सख्त टिप्पणी की है। न्यायालय ने कार्टूनिस्ट की मानसिकता पर प्रश्न उठाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर बनाए गए इस आपत्तिजनक कार्टून को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि आजकल कार्टूनिस्ट और स्टैंडअप कॉमेडियन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग कर रहे हैं। क्या ये लोग कुछ भी बनाने और बोलने से पहले सोचते नहीं है? न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर इस प्रकार के घृणित व्यंग्य चित्रों को संरक्षण नहीं दिया जा सकता है। हेमंत मालवीय के कार्टून में कोई परिपक्वता नहीं है। ये वास्तव में भड़काऊ है। याद हो कि इस कार्टूनिस्ट के मामले में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय भी फटकार लगा चुका है। उच्च न्यायालय ने जब कार्टूनिस्ट की जमानत याचिका खारिज की तो उसने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था लेकिन यहाँ भी उनके कृत्य पर कोई राहत नहीं मिली है। हेमंत मालवीय के कार्टून में कोई कलात्मक अभिव्यक्ति भी नहीं है। अपनी वैचारिक और राजनीतिक खुन्नस निकालने के लिए इस प्रकार के लोग कला को भी बदनाम करते हैं, जो अभिव्यक्ति की सशक्त माध्यम हैं। मजेदार तथ्य यह कि हेमंत मालवीय का बचाव कर रहे उनका भी वकील यह मानता है कि हाँ, ये घटिया कार्टून है। लेकिन क्या ये अपराध है? नहीं, यह अपराध नहीं हो सकता। यह आपत्तिजनक हो सकता है लेकिन अपराध नहीं। अब यह अपराध है या नहीं, यह तो न्यायालय तय करेगा लेकिन मालवीय का वकील कम से कम यह तो स्वीकार ही कर रहा है कि कार्टून घटिया है। आरोप यह हैं कि उनका कार्टून प्रधानमंत्री और एक राष्ट्रीय संगठन का अपमान ही नहीं करता है अपितु सांप्रदायिकता को भी भड़काता है। हेमंत मालवीय की शिकायत दर्ज करानेवाले सामाजिक कार्यकर्ता विनय जोशी आरोप लगाए हैं कि मालवीय ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री अपलोड करके हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाई और सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ा। उनकी ओर से दर्ज करायी गई एफआईआर में कई 'आपत्तिजनक' पोस्ट का उल्लेख किया गया है, जिनमें भगवान शिव पर कथित रूप से अनुचित टिप्पणियों के साथ-साथ मोदी, आरएसएस कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों के बारे में कार्टून, वीडियो, तस्वीरें और टिप्पणियाँ शामिल हैं। इससे स्पष्ट होता है कि हेमंत मालवीय ने पहली बार आपत्तिजनक कार्टून नहीं बनाया था, बल्कि यह उनका नियमित अभ्यास है। न्यायालय के अनुसार, इस प्रकार की प्रवृत्तियों को रोका जाना अत्यंत आवश्यक है।

## 21 से 25 जुलाई तक होगा व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन

फरीदाबाद। मण्डल रोजगार कार्यालय, फरीदाबाद द्वारा युवाओं एवं छात्र वर्ग के लिए दिनांक 21 जुलाई से 25 जुलाई 2025 तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों में व्यावसायिक मार्गदर्शन सेमिनारों का आयोजन किया जाएगा। मण्डल रोजगार अधिकारी योगेश कुमार ने बताया कि इसके साथ ही रोजगार कार्यालयों ढ्ढ फरीदाबाद, बड़खल एवं बल्लभगढ़ में व्यावसायिक मार्गदर्शन प्रदर्शनी एवं व्यक्तिगत काउंसलिंग सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने युवाओं से अपील कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन आयोजनों में भाग लें एवं अपने करियर को उचित दिशा देने के लिए इस अवसर का लाभ उठाएं। आयोजन का समय प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित है। इच्छुक प्रतिभागी कमरा संख्या 508, पांचवां तल, लघु सचिवालय, सेक्टर-12, फरीदाबाद स्थित मंडल रोजगार कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## फरीदाबाद पुलिस का अवैध हथियार रखने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार, 2 देसी कट्टा बरामद




सुनील कुमार जांगड़ा।

फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी क्रम में फरीदाबाद पुलिस की क्राईम ब्रांच की टीमों ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 2 देसी कट्टा बरामद किए है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 16 जुलाई को क्राईम ब्रांच सेक्टर एन आई टी की टीम ने सलीम(25) वासी गांव धौज फरीदाबाद को एक देसी कट्टा सहित पाखल नेकपुर रोड से व क्राईम ब्रांच सेक्टर 56 की टीम ने आकाश(21) वासी पल्ला फरीदाबाद को एक देसी कट्टा सहित संजय कालोनी लेक्टर 23 फरीदाबाद के पास से गिरफ्तार किया है। जिनके विरुद्ध संबंधित थानों में शस्त्र अधिनियम की धारा के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किये गये हैं। आरोपियों को माननीय न्यायालय मे पेश कर जेल भेजा गया है।

## एसपीसी कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों को किया जागरूक



सुनील कुमार जांगड़ा।

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त, फरीदाबाद के निर्देशानुसार, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय के आदेशानुसार एवं सहायक पुलिस आयुक्त, मुख्यालय के नेतृत्व में स्टूडेंट पुलिस कैडेट (एस पी सी) कार्यक्रम के अंतर्गत डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल, सेक्टर-30, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एन आई टी-3, एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गौंछी में कक्षाओं का आयोजन किया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एन आई टी-3 में कैडेट्स को सड़क सुरक्षा, उसके महत्व एवं सड़क सुरक्षा चिन्हों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने अत्यंत रुचि लेकर सुरक्षा नियमों को जाना। डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल, सेक्टर-30 में कार्यक्रम में विद्यार्थियों को महिला सुरक्षा, मौलिक कर्तव्यों, और नशा मुक्त भारत अभियान जैसे विषयों पर प्रेरक संवाद के माध्यम से जागरूक किया। उन्होंने कैडेट्स को समाज में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गौंछी में विद्यार्थियों को एस पी सी कार्यक्रम की मूल भावना, एस पी सी गान, पुलिस विभाग की संरचना एवं पुलिस रैंकों की जानकारी दी गई। यह सत्र विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्र सेवा की भावना को मजबूत करने पर केंद्रित रहा। इन जागरूकता कक्षाओं के माध्यम से छात्रों को न केवल सुरक्षा विषयों पर जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें अपने सामाजिक कर्तव्यों को समझाते हुए, एक जागरूक एवं सशक्त नागरिक बनने हेतु प्रेरित भी किया गया।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में सुपर स्वच्छ शहर कैटेगरी में देशभर में तीसरा स्थान




करनाल। (वंश गौर) स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर निगम करनाल ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। करनाल को 50 हजार से 3 लाख आबादी वाले शहरों की सुपर स्वच्छ शहर श्रेणी में देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। यह सम्मान भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया गया। यह गौरवपूर्ण प्रमाणपत्र हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने ग्रहण किया। उनके साथ महापौर रेणु बाला गुप्ता और नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा भी मौजूद रहीं। करनाल प्रदेश का पहला शहर बन गया है जिसे राष्ट्रपति से यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है। यह न केवल नगर निगम की मेहनत का परिणाम है, बल्कि शहरवासियों की जागरूकता और सहभागिता का भी प्रतीक है। स्वच्छता में करनाल को मिले कुल 11067 अंक (कुल 12500 में से) कूड़ा मुक्त शहर श्रेणी में मिली 3 स्टार रेटिंग वाटर प्लस का भी मिला स्टेटस, जो शहर की जल स्वच्छता में उत्कृष्टता को दर्शाता है उल्लेखनीय है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में करनाल को 115वां स्थान मिला था, जो अब सीधे तीसरे स्थान में बदल गया – यह नगर निगम करनाल की मेहनत और समर्पण का बड़ा उदाहरण है। यह उपलब्धि हरियाणा के लिए गर्व का विषय है और आने वाले समय में स्वच्छता के नए कीर्तिमान स्थापित करने की प्रेरणा भी।

## मैक्स हॉस्पिटल, द्वारका ने पानीपत स्थित हैदराबादी हॉस्पिटल में शुरू की रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट ओपीडी सेवाएं



पानीपत, (चुघ) भेदी नजर। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, द्वारका ने आज पानीपत स्थित हैदराबादी हॉस्पिटल में अपनी विशेष रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इस अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल द्वारका और बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल दिल्ली के ऑर्थोपेडिक्स (जॉइंट डिज़ीज़ एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट) विभाग के चेयरमैन एवं एचओडी डॉ. भूषण नरियानी की उपस्थिति में ओपीडी सेवाओं का उद्घाटन किया गया। डॉ. भूषण नरियानी अब हर महीने के दूसरे रविवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक हैदराबादी हॉस्पिटल में परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस ओपीडी सेवा की शुरुआत का उद्देश्य जिला और आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए विशेषज्ञ परामर्श को सुलभ बनाना है। ओपीडी सेवा के उद्घाटन के दौरान डॉ. भूषण नरियानी ने कहा कि जोड़ों की तकलीफें अक्सर तब तक नजरअंदाज की जाती हैं जब तक वे गंभीर रूप नहीं ले लेतीं और दर्द या दैनिक गतिविधियों में बाधा उत्पन्न नहीं करतीं। जोड़ में दर्द, अकड़न, सूजन, गतिशीलता में कमी, अस्थिरता या चोटों के कारण गठिया जैसे लक्षणों को अनदेखा नहीं करना चाहिए। आज की युवा पीढ़ी लंबे समय तक बैठकर काम करती है और गलत मुद्रा के कारण जोड़ संबंधी समस्याओं की चपेट में आ रही है। समय रहते इन लक्षणों की पहचान कर इलाज शुरू किया जाए तो भविष्य की जटिलताओं से बचा जा सकता है। उन्होंने आगे कहा, आज की उन्नत चिकित्सा तकनीकों की मदद से मरीजों की रिकवरी पहले की तुलना में बहुत तेज होती है, अस्पताल में रुकने की अवधि कम होती है और इलाज से संतुष्टि अधिक होती है।

## अपलोडिंग मॉड्यूल पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




सुरेन्द्र पांचाल भेदी नजर

करनाल। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पंचकूला के द्वारा जिला में उत्पाद अपलोडिंग मॉड्यूल पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें करनाल व कुरुक्षेत्र के 80 स्वयं सहायता समूह सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्यालय से तकनीकी सलाहकार, कुलदीप ने बताया कि गांव में हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह के सदस्यों द्वारा जो उत्पाद बनाए जा रहे हैं। उनके लिए हरियाणा सरकार के द्वारा एक पोर्टल बनाया गया है, जिसमें सभी सदस्य अपने उत्पादों को पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति/कंपनी को अगर कोई उत्पाद खरीदना होगा तो वह इस पोर्टल से आसानी से खरीद पाएगा। इस पोर्टल पर समूह सदस्यों द्वारा उत्पादों को अपलोड करने के बाद उन्हें सरकार की तरफ से भी उनके उत्पादों की गुणवत्ता सुधार, प्रोडक्ट लेवल में सुधार व उनके रजिस्ट्रेशन इत्यादि में भी उनकी मदद की जाएगी। डी.पी.एम. गुरमीत सिंह ने बताया कि अभी तक पूरे हरियाणा में सर्वाधिक 5321 समूह, 425 ग्राम संगठन व 24 कलस्टर लेवल फेडरेशन बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में 102 समूह बनाए गए हैं और उन्हें बैंकों से इस वित्तीय वर्ष में 8 करोड़ से अधिक का लोन करवाया गया है उनके द्वारा सभी समूह सदस्य को बताया गया कि वह जिला के सभी उत्पादों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करें ताकि सरकार से मिलने वाली सहायता सभी सदस्यों को मिल सके इस मौके पर करनाल व कुरुक्षेत्र खण्ड के स्टाफ भी मौजूद रहें।

## सीईटी परीक्षा के अभ्यर्थियों के लिए हरियाणा रोडवेज द्वारा निःशुल्क बस सेवा का होगा प्रबंध

फरीदाबाद। उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा CET परीक्षा में शामिल होने जा रहे अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 26 एवं 27 जुलाई 2025 को आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए हरियाणा रोडवेज की ओर से निःशुल्क बस सेवा प्रदान की जाएगी। यह सेवा अभ्यर्थियों को उनके नजदीकी जिला स्तरीय बस अड्डे से परीक्षा केंद्र तक पहुँचाने और वापसी हेतु उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रदेश के 24 डिपो और 13 उप-डिपो से संचालित लगभग 9,200 बसें इस उद्देश्य के लिए चलाई जाएंगी। जिन अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र 100 किलोमीटर से अधिक दूरी पर आवंटित किया गया है, उनके लिए इंटरचेंज प्वाइंट की विशेष व्यवस्था की गई है।

**विशेष सुविधाएं-**

महिला अभ्यर्थी एक पारिवारिक सदस्य के साथ भी फ्री बस सेवा का लाभ ले सकेंगी।

दिव्यांग अभ्यर्थियों को घर से ही निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

दूर दराज से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा के एक दिन पहले और एक दिन बाद भी यह सुविधा दी जाएगी।

रात्रि विश्राम हेतु जिला प्रशासन द्वारा आवासीय व्यवस्था की जाएगी।

असुविधा की स्थिति में तुरंत सहायता हेतु हर जिले में टोल फ्री हेल्पलाइन भी जारी की जाएगी।

सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे यात्रा के लिए पंजीकरण अवश्य करवाएं, ताकि आवश्यकता अनुसार बस सेवाओं की समुचित व्यवस्था की जा सके। ऑनलाइन अग्रिम सीट बुकिंग के लिए लिंक- https://har-trans.gov.in/advance-booking-for-cet-2025/ यह कदम राज्य सरकार द्वारा युवाओं की सुविधा और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की दिशा में एक और मजबूत पहल है।

## 1933 अथवा NCB MANAS पोर्टल अथवा हरियाणा के लिए 9050891508 पर दें गुप्त सूचनाएं- एनसीबी



नूह/मेवात। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा हरियाणा में नशे के विरुद्ध प्रतिदिन कार्रवाई करते हुए अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई के साथ साथ जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे हैं। ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक किया जा रहा है।

ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा उच्चाधिकारियों के आदेश से नशे के विरुद्ध अभियान में लगे हैं। वे साइकिल का प्रयोग करते हुए फरीदाबाद से पलवल के मार्ग से मेवात के क्षेत्र में पहुंचे और लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। ब्यूरो प्रमुख श्री ओपी सिंह की सकारात्मक सोच के फलस्वरूप नमक लौटा-हृदय परिवर्तन अभियान से लोगों को जोड़कर उन्हें नशे से दूर रहने का प्रण कराया जा रहा है। लौटे में नमक डलवाकर उनसे वचन लिया जा रहा है। उन्होंने बताया भारत को ड्रग फ्री करने के लिए सरकार ने 1933 अथवा NCB MANAS पोर्टल अथवा हरियाणा के लिए 9050891508 जारी किया है। इस पर कोई भी व्यक्ति नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर सच्चे नागरिक का कर्तव्य निर्वहन कर सकता है।

## कला कीर्ति भवन में हरियाणवी लोकनाट्य स्वांग दम मस्त कबीरा आज

कुरुक्षेत्र। हरियाणा कला परिषद द्वारा कला कीर्ति भवन की भरतमुनि रंगशाला में प्रत्येक शुक्रवार आयोजित किये जा रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में आज 18 जुलाई को हरियाणवी लोकनाट्य स्वांग दम मस्त कबीरा की प्रस्तुति होगी। हिसार के डा0 सतीश कश्यप के निर्देशन तथा अभिनय से सजे दम मस्त कबीरा में संत कबीर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनसे जुड़े विभिन्न पहलूओं को संवाद तथा संगीत के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया जाएगा। एक अलग विधा से सजे स्वांग में जहां सूफी गायक विक्रम सिरोहीवाल द्वारा जुस्तजू कार्यक्रम में सूफी नगमें प्रस्तुत किये जाएंगे। कार्यक्रम का समय शाम को 6.30 बजे रहेगा।

## यदुवंशी शिक्षा निकेतन, कोसली में एनएसएस के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



रेवाड़ी (दयावान कोसली)। यदुवंशी शिक्षा निकेतन, कोसली में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में अनेक प्रकार के फलदार, छायादार व औषधीय पौधे लगाए गए। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के चेयरमैन राव बहादुर सिंह प्राचार्य रमेश द्वारा पौधा लगाकर की गई। उन्होंने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया और कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। एनएसएस इकाई के सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए स्कूल परिसर को हरियाली से भरने का संकल्प लिया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकगण, एनएसएस प्रभारी, विद्यार्थी व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधों की देखभाल का जिम्मा भी लिया और यह सुनिश्चित किया कि लगाए गए पौधे सुरक्षित रूप से विकसित हो सकें। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों को निरंतर चलाने की प्रतिबद्धता जताई और विद्यार्थियों को प्रकृति से जुड़ने तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक बनने का संदेश दिया।

## अवैध हथियार उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार।



रेवाड़ी(दयावान कोसली)। थाना रोहड़ाई पुलिस ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला झज्जर के गांव पाटोदा निवासी तरुण के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। जांचकर्ता ने बताया कि गत 15 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली थी कि अजय निवासी गांव पाटोदा जिला झज्जर जिसके पास अवैध हथियार है। जो वह अभी खेड़ा आलमपुर से पाल्हावास रोड के साइड में किसी के इन्तजार में बिना नम्बर की काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठा हुआ है। जिस सूचना पर तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंच कर साथी मुलाजमान की मदद से आरोपी को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम अजय निवासी गांव पाटोदा जिला झज्जर बतलाया। पुलिस द्वारा आरोपी की गाड़ी की तलाशी लेने पर 01 अवैध देशी पिस्टल बरामद हुआ। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना रोहड़ाई में शस्त्र अधिनियम तहत मामला दर्ज करके आरोपी अजय को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी अजय ने बताया कि उसे यह अवैध हथियार गांव पाटोदा निवासी तरुण ने उपलब्ध करवाया था। जो इस मामले में पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त आरोपी तरुण को भी गिरफ्तार कर लिया है।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उठाएं लाभ: उत्तम सिंह



सुरेन्द्र पांचाल भेदी नज़र

करनाल, 17 जुलाई - उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत भारत सरकार द्वारा अधिकतम 78 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की सब्सिडी के अतिरिक्त हरियाणा के एक लाख गरीब परिवारों को सोलर रूफटॉप सिस्टम लगवाने के लिए राज्य सरकार द्वारा अधिकतम 50 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। यह सब्सिडी पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दी जाएगी। ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है तथा 1 लाख 80 हजार रुपये से लेकर 3 लाख रुपये तक की वार्षिक आय के लाभार्थी व वार्षिक अधिकतम 2400 यूनिट की खपत वाले उपभोक्ता है, वो इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। पहले 2 किलोवाट तक 30 हजार रुपये प्रति किलोवाट के हिसाब से 60 हजार रुपये तक सब्सिडी दी जाएगी। अगले 1 किलोवाट यानी की 2 से 3 किलोवाट तक रूफ टॉप सिस्टम लगवाने पर 18 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। इस तरह से अधिकतम 78 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की यह बेहतरीन योजना है जिसके द्वारा समाज के गरीब वर्ग की ऊर्जा संबंधित जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस योजना से गरीब परिवारों का ऊर्जा खर्च लगभग शून्य हो जाएगा। अगर खपत से ज्यादा बिजली का उत्पादन सोलर पैनल द्वारा किया जाता है तो वह बिजली के खाते में जाएगा जिसका भुगतान सरकार द्वारा उक्त मकान मालिक को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब परिवारों के सशक्तिकरण में लाभकारी होगी। योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा और वे आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगे। इस योजना से सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे पर्यावरण प्रदूषण कम होगा और स्वच्छ ऊर्जा के स्रोतों को अपनाने में मदद मिलेगी।

**योजना के बारे में इन अधिकारियों से करें सम्पर्क:** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में अधिक जानकारी के लिए http://www.pmsuryaghar.gov.in/ वेबसाइट पर जाए। इसके अलावा उपमंडल अधिकारी परिचालन शहरी परिमंडल करनाल के मोबाइल नम्बर-9354761641, उपमंडल अधिकारी परिचालन मॉडल टाउन परिमंडल करनाल के मोबाइल नम्बर-9354761625, उपमंडल अधिकारी परिचालन अर्ध-शहरी परिमंडल करनाल के मोबाइल नम्बर-9354761643, उपमंडल अधिकारी परिचालन नेवल परिमंडल करनाल के मोबाइल नम्बर-9315457382, उपमंडल अधिकारी परिचालन राम नगर परिमंडल करनाल के मोबाइल नम्बर-9354761640, उपमंडल अधिकारी परिचालन मेरठ रोड परिमंडल करनाल के मोबाइल नम्बर-9354761634 पर भी जानकारी ले सकते है।

## अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धानंद बाल आश्रम में जागरूकता शिविर का आयोजित



सुरेन्द्र पांचाल भेदी नज़र

करनाल, 17 जुलाई -जिला व सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धानंद बाल आश्रम में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने की। इस दौरान सीजेएम डॉ. इरम हसन ने उपस्थित विद्यार्थियों से कैम्पेन 'शिक्षा का हक' के अंतर्गत शिक्षा के बारे महत्वपूर्ण बातचीत की और अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस व मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे मे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस हर वर्ष 17 जुलाई को मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि कोई भी असहाय व्यक्ति, आपदाग्रस्त, विकलांग, एच आई वी पीड़ित, एस सी, बी सी, गरीब, महिला, बच्चा या कैदी इत्यादि मुफ्त कानूनी सहायता व सलाह के हकदार है। जिसके लिए हेल्पलाइन नं. 0184.2266138 व नालसा हेल्पलाइन नं. 15100 पर संपर्क कर सकते है।

इसके साथ ही जिला न्यायिक परिसर में ए डी आर सेंटर में आकर कानूनी सलाह व सहायता प्राप्त कर सकते है। इस मौका पर विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले 10 विद्यार्थियों को उपहार भी प्रदान किए गए। उन्होंने दसवीं व बारहवीं में 80 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का प्रशंसा पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया और उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। इसके मौके पर उन्होंने श्रद्धानंद बाल आश्रम के प्रेसिडेंट बलदेव राज, जनरल मैनजर गोपी नाथ और जनरल सचिव करणवीर आर्या को बाल आश्रम में बच्चों के हित में प्रदान की जा रही उनकी सेवाओं के लिए प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

## शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : डीसी

रेवाड़ी (दयावान कोसली)। हरियाणा सरकार की पहल पर जिला प्रशासन की ओर से जिला मुख्यालय सहित उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को लगाए जा रहे समाधान शिविर जिला के आमजन के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। समाधान शिविर में नागरिकों को एक ही स्थान पर अपनी शिकायतों व समस्याओं का समाधान करवाने का अवसर मिल रहा है। गुरुवार को डीसी अभिषेक मीणा ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए जन शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाया। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों को नजरअंदाज करना किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिकारी आमजन की शिकायतों के निवारण की दिशा में तत्परता से कार्रवाई कर उन्हें राहत पहुंचाने का काम करें। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में नागरिकों द्वारा मुख्य रूप से पीपीपी आईडी में इनकम में त्रुटि तथा मेंबर जोड़ने से संबंधित, बिजली विभाग से संबंधित समस्याएं प्राप्त हुईं।

## संक्षिप्त समाचार

### रेवाड़ी दिल्ली जयपुर हाईवे पर भीषण सड़क हादसा,



**रेवाड़ी, एजेंसी।** दिल्ली-जयपुर हाईवे पर देर रात एक भीषण हादसा हुआ, जिसमें एक ही परिवार के तीन लोगों की जान चली गई। यह घटना बावल क्षेत्र के आसलवास के पास हुई, जहां एक ट्रक ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। मृतकों में पिता, पत्नी और उनका सात साल का बेटा शामिल है। इस हादसे ने स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया। रेवाड़ी में सड़क हादसा- पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली का रहने वाला अमित धोबी का काम करता था। वो अपनी पत्नी राखी और सात साल के बेटे चत्रा के साथ स्कूटी पर दिल्ली जा रहा था। रात के समय जब वे आसलवास के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक ट्रक का संतुलन बिगड़ गया। ट्रक डिवाइडर को पार कर दूसरी ओर स्कूटी से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अमित, राखी और चत्रा सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत- हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। कसोला थाना पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। कसोला थाना प्रभारी शिव दर्शन ने बताया कि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम और आगे की कार्रवाई- पुलिस ने बताया कि तीनों शवों का पोस्टमार्टम किया जाएगा, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। पुलिस ट्रक चालक की तलाश में जुटी है और हादसे के कारणों की जांच कर रही है। इस हादसे ने सड़क सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### अंबाला नगर परिषद की बड़ी कार्रवाई, जगाधरी हाइवे से हटाया अतिक्रमण



**अंबाला, एजेंसी।** अंबाला नगर परिषद की ओर से लगातार अतिक्रमण हटाने का काम जारी है। इस बीच अंबाला जगाधरी 444 हाइवे पर भी निगम परिषद की ओर से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान सड़क पर रखे सामान को टीम ने जब्त कर लिया। नगर परिषद सेक्रेटरी की मानें तो यहां पहले ही लोगों को चेतावदी दी गई थी।नगर परिषद सेक्रेटरी राजेश कुमार ने कहा कि महेशनगर में करवाई हुई है। आगे भी ऐसे ही अलग-अलग जगहों पर करवाई जारी रहेगी। वहीं, कार्रवाई के दौरान एक दिव्यांग रेहड़ी वाला टीम से मिन्नतें करता नजर आया। हालांकि टीम ने उसका भी सामान जब्त कर लिया। जगाधरी हाइवे 444 से हटाया गया अतिक्रमण दरअसल, अंबाला को महानगर बनाने के लिए केबिनेट मंत्री अनिल विज लगातार प्रयास कर रहे हैं। अंबाला को सुंदर बनाने में लगातार उनकी कोशिश जारी है। इस बीच मंगलवार को अंबाला कैंट नगर परिषद की टीम ने अंबाला जगाधरी हाइवे 444 महेश नगर में अतिक्रमण को हटाया। कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने किसी को भी नहीं बक्शा। चाहे शोरूम हो या रेहड़ी, जिसके भी सामान सड़क पर रखे थे, टीम ने उसे जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान एक मॉल के बाहर राखी ट्रॉलियों को भी नगर परिषद की टीम ने जब्त कर लिया। सड़क किनारे लगी रेहड़ियों और उनपर रखे सामान को भी जब्त किया। सड़क पर लगे अवैध होर्डिंग को भी जेसीबी द्वारा हटाया गया। टीम ने पहले ही दी थी चेतावनी- इस बारे में नगर परिषद सेक्रेटरी राजेश कुमार ने कहा कि, कैबिनेट मंत्री ने शहर को इतना सुंदर बनाया है। हाइवे के साथ पैदल चलने के लिए ये रोड बनाया गया है। इसके बावजूद लोगों ने यहां अतिक्रमण किया है, जिसको आज हटाया गया। इससे पहले हमने यहां मुनादी भी कराई थी। लोगों को चेतावनी भी दी थी कि वे अपना सामान अंदर रखें। जिन लोगों के जनरेटर रोड पर रखे हैं, उनके कनेक्शन काट दिए गए हैं। अगर वो फिर भी इनको रोड से नहीं हटाते तो फिर इनको भी जब्त कर लिया जाएगा। बता दें कि निगम परिषद की कार्रवाई के दौरान एक दिव्यांग रेहड़ी वाला टीम से मिन्नतें करता नजर आया। हालांकि टीम ने उसके सामान को भी जब्त कर लिया।

**साउथेम्प्टन यूनिवर्सिटी ने गुरुग्राम में खोला अपना कैंपस,**

# सीएम सैनी बोले- हरियाणा बना विदेशी निवेशकों की पहली पसंद

**गुरुग्राम, एजेंसी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को शहर में साउथेम्प्टन यूनिवर्सिटी कैंपस का शुभारंभ किया। दोनों ने कैंपस का बारीकी से अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश की राष्ट्रीय शिक्षा नीति की दूरदर्शिता के साथ ही वन अर्थ-वन फैमिली-वन फ्यूचर के सिद्धांत पर अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के रूप में गुरुग्राम में साउथेम्प्टन यूनिवर्सिटी कैंपस की स्थापना देश में उच्च शिक्षा के मानकों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का सशक्त माध्यम है।

आज हरियाणा बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर की उपलब्धता की वजह से विदेशी निवेशकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। देश की नई शिक्षा नीति के तहत पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय को भारत में एक पूर्ण परिसर स्थापित करने के लिए यूजीसी द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। यह विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति की दूरदर्शिता का प्रत्यक्ष प्रमाण होने के




साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वसुधैव कुटुम्बकम् के सिद्धांत पर भी मोहर है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टिता और नेतृत्व के चलते देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन हो रहा है।

वर्ष 2014 में क्यूएस रैंकिंग में केवल 11 भारतीय विश्वविद्यालय शामिल थे जबकि वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 54 तक पहुंच गई है। यह परिवर्तन भारतीय शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। शिक्षा के क्षेत्र में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और युवाओं को विश्वस्तरीय शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने वैश्विक स्तर की 17 प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटीज को भारत में अपने पूर्ण कैंपस स्थापित करने की अनुमति दी है। इनमें से तीन यूनिवर्सिटीज में शैक्षणिक सत्र आरंभ हो चुका है।

देश में आने वाली अंतरराष्ट्रीय स्तर की यूनिवर्सिटीज को एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) सहित देश की प्रमुख मेट्रो सिटीज में खोला जाएगा, ताकि देश के अधिक से अधिक युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। भारत में ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी कैमेरून ने कहा कि इंग्लैंड की प्रतिष्ठित साउथेम्प्टन यूनिवर्सिटी के पूर्ण परिसर का हरियाणा में शुभारंभ इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा के क्षेत्र में साझेदारी को आधुनिक भारत और आधुनिक ब्रिटेन एक सकारात्मक व सार्थक दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं।

गौरतलब है कि फिलहाल साउथेम्प्टन यूनिवर्सिटी कैंपस में चार स्नातक और दो स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। इनमें बीएससी. बिजनेस मैनेजमेंट, बीएससी अकाउंटिंग एंड फाइनेंस, बीएससी कंप्यूटर साइंस, बीएससी इकोनामिक्स, एमएससी फाइनेंस और एमएससी इंटरनेशनल मैनेजमेंट शामिल हैं। समारोह में प्रदेश के उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह, यूजीसी चेयरमैन विनीत जोशी, साउथेम्प्टन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर लार्ड पटेल, साउथेम्प्टन यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट मार्क्स स्मिथ, विधायक बिमला चौधरी, विधायक मुकेश शर्मा, विधायक तेजपाल तंवर आदि मौजूद रहे।

## रोहतक में गोबर डालने को लेकर हुए विवाद की जांच करने पहुंची पुलिस टीम पर हमला



**मारपीट कर छीना मोबाइल : 4 गिरफ्तार**

**रोहतक, एजेंसी।** हरियाणा के रोहतक जिले के शास्त्री नगर में सड़क पर गोबर डालने के विरोध करने पर दो पक्षों के झगड़े की शिकायत पर जांच करने पहुंचे सुखपुरा चौकी इंचार्ज और हवलदार के साथ डेरी संचालक और उसके परिवार के लोगों ने मारपीट कर दी।पुलिस कर्मियों का आरोप है कि आरोपितों ने एक पुलिस कर्मी फोन भी छीन लिया।

पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपित बिजेंद्र के परिवार के चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें दो महिलाएं भी शामिल है। एएसआई सन्नी ने पुरानी सब्जी मंडी थाने में केस दर्ज करवाया है कि 13 जुलाई को शास्त्री नगर लाढौत रोड के निवासी एक युवक ने शिकायत की थी कि डेरी संचालक बिजेंद्र डेरी का गोबर सड़क फैला देता था।

इसका विरोध किया तो वह लोगों से झगड़ा रहा है।सूचना मिलने के बाद एएसआई सन्नी व मुख्य सिपाही ने मौके पहुंचकर बिजेंद्र व उसके परिवार को समझाने की कोशिश की तो आरोपितों उनके साथ मारपीट की। पुलिस कर्मियों का फोन भी छीन लिया है।

## कैथल में गोशाला की दीवार गिरने से महिला और बच्चे घायल, आसपास के लोगों ने बचाई जान

**कैथल, एजेंसी।** शहर के पंथ नगर के नजदीक कुरुक्षेत्र गोशाला के शेड में तुड़ी ठूंस-ठूंस कर भरने के कारण दीवार गिर गई। इस दीवार के गिरने से झुग्गी-झोपड़ी में रह रही महिला व दो बच्चे दब गए। आसपास के लोगों ने तीनों को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन गोशाला प्रशासन की तरफ से कोई कर्मचारी या पदाधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। मेरठ निवासी नसरीन (32) पत्नी नाजीर अपनी आठ वर्षीय बेटी असमानो और छह वर्षीय बेटे सरा के साथ गोशाला की पिछली दीवार के पास झोपड़ी बनाकर रह रही है। गोशाला की शेड में तूड़ी ज्यादा भरने के कारण दीवार ढह गई जिससे मां व दो बच्चे दीवार के नीचे दब गए। उधर, बुधवार सुबह फतेहाबाद के धांगड़ गांव स्थित फ्लाइओवर पर बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब पानीपत डिपो की एक चलती रोडवेज बस का टायर अचानक फट गया। बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच



गई, लेकिन चालक जसवीर सिंह की सूझबूझ से सभी की जान बच गई। गनीमत रही कि कोई यात्री घायल नहीं हुआ। घटना के बाद सभी सवारियों के लिए दूसरी बस का इंतजाम किया गया। क्षमता से अधिक सवारियां होने से टायर फटने का कारण भी बताया जा रहा है।

यह बस हरियाणा रोडवेज के पानीपत डिपो की किलोमीटर स्कीम के तहत हिसार से सिरसा जा रही थी। जैसे ही बस सुबह 8 बजे गांव धांगड़ के पास फ्लाइओवर पर चढ़ी, जोरदार धमाके के साथ उसका टायर फट गया। उस समय बस में करीब 80 यात्री सवार थे, जबकि नियम अनुसार इसकी क्षमता 60 यात्रियों की है।

## एमबीबीएस की सीट के एक लाख रुपए, हरियाणा के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में हो रहा बड़ा खेल

**● डॉक्टर ने लगाए ये आरोप**

**करनाल, एजेंसी।** हरियाणा सरकारी मेडिकल कॉलेजों में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर और सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर की भर्ती में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। एक एमबीबीएस डॉक्टर ने भर्ती को लेकर प्रति सीट एक लाख रुपये तक की रिश्वत चलने के आरोप लगाए हैं। चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशालय को भेजी गई शिकायत में डॉक्टर ने इस पूरे मामले में जांच की मांग उठाई है। साथ ही ये भी आरोप लगाया है कि एक ही सरकार के अंतर्गत आने वाले सरकारी कॉलेजों में अलग अलग नियम हैं। कहीं पर मैरिट के आधार पर भर्ती हो रही है तो कहीं पर आज भी साक्षात्कार लिए जा



रहे हैं। साक्षात्कार के नाम पर ही चहेतों को लेने का रास्ता निकाला जाता है। इस समय प्रदेश के पांचों सरकारी कॉलेजों में जेआर और एसआर के पदों पर 80 से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है।

गौर हो कि एमबीबीएस के बाद 6-6 माह के लिए जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर के तौर पर भर्ती होती है, जबकि एसआर की भर्ती तीन साल के लिए होती है। निदेशालय को भेजी शिकायत में एक एमबीबीएस डॉक्टर ने इस भर्ती को लेकर सवाल उठाए हैं और आरोप लगाया कि चहेतों को एडजेस्ट करने को लेकर साक्षात्कार में मनचाहे नंबर दिए जा रहे हैं। उधर, निदेशालय ने शिकायत के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि सभी मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी और ओपीडी की सेवाओं में एसआर और जेआर डॉक्टर रीढ़ की हड्डी का काम करते हैं। एक तरह से आपात सेवाओं को जारी रखने में इनका अहम रोल होता है।

इस बारे में चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान की उपनिदेशक डॉ। पारूल गोयल का कहना है कि एसआर और जेआर की भर्ती को लेकर एसओपी दी गई है, अगर कहीं पर कुछ खामी है तो इसको चेक किया जाएगा। करनाल कॉलेज ने भी मैरिट सिस्टम किया लागू दरअसल, जेआर और एसआर लगने को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक दखल बढ़ रहा है। तमाम झंझटों से बचते हुए कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने भी मैरिट सिस्टम से भर्ती करने का फैसला लिया है। एमएमबीबीएस और एमडी डिग्री में प्राप्त किए गए नंबरों के आधार पर ही भर्ती की जा रही है। हालांकि, इससे पहले यहां भी 20 नंबर का साक्षात्कार होता था।

करनाल कालेज ने रोहतक मेडिकल कालेज के पैटर्न को अपनाया है। रोहतक में पहले से ही मैरिट वाला नियम लागू है। कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कालेज करनाल के निदेशक डॉ। एमके गर्ग ने कहा कि हमने रोहतक मेडिकल कॉलेज के पैटर्न को लिया है।

## चंडीगढ़ में फर्नीचर मार्केट पर चलेगा बुलडोजर ! दुकानें खाली कराने की मुनादी, कारोबारियों में हड़कंप

**चंडीगढ़, एजेंसी।** सेक्टर-53 और 54 में स्थित फर्नीचर मार्केट पर प्रशासन ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। शनिवार को पूरे बाजार में मुनादी कराकर दुकानदारों को दुकानें खाली करने का निर्देश दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ये मार्केट सरकारी जमीन पर अवैध रूप से चल रही है। इस घोषणा से कारोबारियों में हड़कंप मच गया है, क्योंकि उनकी आजीविका खतरे में पड़ गई है।

कारोबारियों का विरोध, प्रशासन से बातचीत की तैयारी- चंडीगढ़ फर्नीचर मार्केट एसोसिएशन के प्रधान संजीव भंडारी ने इस कार्रवाई को गलत ठहराया है। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने पहले वैकल्पिक जगह देने का वादा किया था, जो अब तक पूरा नहीं हुआ। भंडारी ने कहा कि वो डीसी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे। कारोबारी इस कार्रवाई को रोकने की पूरी कोशिश कर रहे हैं,




क्योंकि उनकी दुकानें दशकों पुरानी हैं।

सरकारी जमीन पर कब्जा, कोई प्राथमिकता नहीं- एस्टेट ऑफिसर-कम-डीसी ने 9 जनवरी 2025 को आदेश जारी कर फर्नीचर कारोबारियों को भूमि आवंटन में प्राथमिकता देने की मांग खारिज कर दी थी। प्रशासन के मुताबिक, ये मार्केट जिस जमीन पर है, उसे 14 फरवरी 2002 को सेक्टर-53, 54 और 55 के विकास के लिए अधिगृहीत किया गया था। सुप्रीम कोर्ट के 2020 के इंदौर डेवलपमेंट अथॉरिटी बनाम मनोहरलाल मामले के फैसले का हवाला देते हुए प्रशासन ने कहा कि अवैध कब्जे वालों को कोई प्राथमिकता नहीं दी जाएगी।

वैकल्पिक जगह का प्रस्ताव, लेकिन प्रक्रिया अधूरी- मंगलवार को प्रशासन ने दुकानदारों को पंजाबी बुक मार्केट में दुकान खरीदने का विकल्प दिया। हालांकि, इसके लिए जरूरी सुविधाओं और पर्यावरण मंजूरी की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। इसके बाद ही प्लॉट की नीलामी होगी। इस प्रस्ताव में चंडीगढ़ फर्नीचर मार्केट के साथ-साथ धनास मार्बल मार्केट के कारोबारियों को भी जगह दी जाएगी। हालांकि, मार्केट तोड़ने की तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन अगले हफ्ते ये तारीख तय हो सकती है।

पहले भी रुकी थी कार्रवाई- इससे पहले फरवरी 2025 में भी प्रशासन ने चंडीगढ़ फर्नीचर मार्केट को हटाने की पूरी तैयारी कर ली थी। उस समय राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण कार्रवाई को रोक दिया गया था। हालांकि, अब प्रशासन ने फिर से कड़ा रुख अपनाते हुए तोड़ने की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। दुकानदारों का कहना है कि उन्हें वैकल्पिक जगह दिए बिना यह कदम उठाना अनुचित है।

## पंचकूला में मिला तेंदुए का बच्चा लोगों ने कुत्तों के झुंड से बचाया

**● पिंजौर में शिवलोत्री मंदिर के पास नदी किनारे मिला**

**पंचकूला, एजेंसी।** सोमवार की शाम करीब 6 बजे पिंजौर में शिवलोत्री मंदिर के पास नदी किनारे एक तेंदुए का बच्चा दिखाई दिया। ये पता लगते ही लोगों में खलबली और डर का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तेंदुए के बच्चे के पीछे कुत्तों का झुंड पड़ा देखा, जिस दौरान कुछ लोगों ने साहस दिखाते हुए उसे कुत्तों से बचाया। इसके बाद लोग तेंदुए के बच्चे को पिंजौर के यादविंद्रा गार्डन के समीप लेकर पहुंचे। वन विभाग टीम ने रेस्क्यू किया- लोगों ने तेंदुए के बच्चे की रिहायशी क्षेत्र में आने की सूचना वन्यजीव विभाग के इंस्पेक्टर सुरजीत (पंचकूला) को दी। इसके बाद तुरंत रेस्क्यू टीम को मौके पर भेजा गया। टीम के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर तेंदुए के बच्चे को



सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। वन्य अधिकारी के अनुसार, हो सकता है कि तेंदुआ संभवत अपनी मां और दूसरे बच्चे के साथ पानी पीने नदी किनारे आया होगा, जहां से वो भटक गया। वन्य अधिकारी ने बताया कि सामान्य तौर पर मादा तेंदुआ दो बच्चों को जन्म देती है। इस कारण दूसरे बच्चे की भी आसपास के किसी स्थान पर मौजूद होने की संभावना है। सर्च ऑपरेशन जारी- वन विभाग की टीम किसी अन्य तेंदुए की तलाश के लिए रिहायशी व आसपास के क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चला रही है। वन विभाग की टीम आश्वस्त होने के प्रयास में जुटी है कि कहीं कोई अन्य तेंदुए का बच्चा तो वहां मौजूद नहीं है।

## हिसार में होटल कर्मचारी की डंडो से पीट-पीटकर हत्या, कुछ दिन पहले हुआ था झगड़ा सीसीटीवी में वारदात कैद

**हिसार, एजेंसी।** हरियाणा के हिसार जिले के प्रसिद्ध मॉल रोड पर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पास एक होटल में काम करने वाले देव वाटिका निवासी युवक पारस (27) की मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे दो युवकों ने डंडों से पीट-पीट कर हत्या कर दी। हमलावरों ने पारस पर होटल के काउंटर पर डंडों से हमला किया। पारस हमलावरों को धक्का देकर भागा और दूसरे होटल में पहुंचा, लेकिन वहां खून की उलटी करते हुए नीचे गिर गया।

उसे होटल कर्मचारी कैंप चौक के नजदीक निजी अस्पताल लेकर गए, जहां से उसे सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों से उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर डीएसपी कमलजीत और अर्बन एस्टेट थाना पुलिस मौके पुलिस मौके पर पहुंची। वारदात




होटल के काउंटर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद में हो गई। वहीं, मृतक के स्वजनों ने पारस की मौत के बाद सिविल अस्पताल में हंगामा किया।

देर रात दो बजे तक स्वजन अस्पताल में ही थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अग्रोहा भेजा गया है। परिवार ने दो अज्ञात के खिलाफ पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। देव वाटिका निवासी पारस की पत्नी संजना ने बताया कि पारस छह बजे घर पर आया था। साढ़े छह बजे वह घर से होटल चला गया।

रात को करीब साढ़े नौ बजे होटल में काम करने वाले एक कारिंदें ने फोन कर सूचना दी कि पारस पर दो युवकों ने हमला कर दिया है। वह गंभीर रूप से घायल है, उसको उपचार के लिए सिविल अस्पताल लेकर आए है। जब स्वजनों के साथ अस्पताल में पहुंचे तो पारस की मौत हो चुकी थी।

हमला किसने किया इस बारे में कुछ नहीं पता। पारस की बहन ऊषा ने बताया कि भाई ने छह साल पहले दिल्ली की रहने वाली संजना से शादी की थी। शादी के बाद उनको ढाई साल का बच्चा है। उसका भाई एक होटल में काम करता था। कुछ दिन पहले भाई का झगड़ा हुआ था। वह करीब 15 दिन होटल भी नहीं गया था। अब दोबारा से होटल में जाना शुरू किया था। पारस पर हमले का फोन उसके पास ही आया था। वह फतेहाबाद में थी और वहीं से परिवार को सूचना दी थी। भाई पर हमला कर हत्या किसने की उनको कुछ नहीं पता। होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में दिख रहा है कि पारस काउंटर पर बैठा है। उसी दौरान दो युवक डंडा लेकर आते हैं। बातचीत करते हुए एक युवक अचानक डंडे से पारस पर हमला करता है। कई बार उस पर हमला करता है। उसके बाद दूसरा युवक उस पर डंडे से हमला करता है।

पहले युवक ने पारस पर नौ तो दूसरे ने चार बार वार किया। पारस इसी दौरान हमलावरों को धक्का देकर सीढ़ियों से नीचे भागते हुए दिख रहा है। हमलावर भी उसके पीछे भागते है। पारस बाहर निकला कर साथ की बिल्डिंग के दूसरे होटल में घुस जाता है। उसके बाद हमला करने वाले मौके से फरार हो जाते है। वहां पर पारस उल्टी करता और गिरता है। जिसके बाद घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर गए थे। सिविल अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में जैसे ही पारस की दोनों बहनें पहुंची तो स्ट्रेचर पर लिटाए गए पारस से वह रोते हुए गले से लग जाती है। भाई को बार-बार उठाने का प्रयास करती है। वहीं, पारस के पिता मदनलाल बेसुध थे। वह अस्पताल के बाहर पाइप के सहारे बैठे रहे। उनके आंसू नहीं रूक रहे थे।

मृतक पारस दो बहनों का इकलौता भाई था। रात करीब 11 बजे दो पुलिस कर्मी किसी अन्य मामले में एक आरोपित को पकड़ कर मेडिकल करवाने के लिए सिविल अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में लेकर आते है। उसी दौरान मृतक की बड़ी बहन उस आरोपित को देखकर भड़क उठती है और उसके साथ मारपीट करती है। किसी तरह से पुलिस उसको शांत कर आरोपित के दूसरे मामले में संलिप्त होने की बात बताती है।

# डीएम से बोले बच्चे 'मास्टर साहब बढ़िया पढ़ाते हैं'

## डीएम ने गौसना में स्थित प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने विकास खण्ड राया के ग्राम गौसना में स्थित प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र गौसना एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर आरोग्य परमं धनम् उपकेंद्र गौसना का जायजा लिया। दोनों केन्द्र मौके पर बंद मिले। जिलाधिकारी ने मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर आरोग्य परमं धनम् उपकेंद्र गौसना के अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने स्कूल में संचालित स्मार्ट क्लास में बच्चों से जाकर गिनती, गणित के सवाल और कविता सुनी। जिलाधिकारी को एक बच्चे ने एक से लेकर 35 तक गिनती सुनाई, एक बच्ची ने कविता सुनाई, जिसपर जिलाधिकारी ने उत्साहवर्धन करते हुए ताली बजाई। क्लास में पढ़ रहे बच्चों से पूछा कि मास्टर साहब अच्छा पढ़ाते हैं या नहीं, जिसपर बच्चों ने कहा कि मास्टर साहब बढ़िया पढ़ाते हैं। जिलाधिकारी ने मिड डे मील की गुणवत्ता की जानकारी ली तथा बच्चों से पूछा कि आज क्या खाना खाया है। बच्चों ने बताया कि आज आलू-छोले की सब्जी, दाल और रोटी खाई है। बच्चों ने बताया कि खाना बहुत अच्छा है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने स्कूल परिसर का निरीक्षण किया, जिसमें गंदगी मिलने पर नाराजगी जाहिर की और अध्यापकों को फटकार लगाते हुए स्कूल की छुट्टी होने के बाद तत्काल साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर की सफाई के साथ साथ कक्षाओं की भी सफाई सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने परिसर में लगे हैण्डपम्प को चलाया और पानी की गुणवत्ता को चेक किया। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान को निर्देश दिये कि स्कूल परिसर में प्रतिदिन सफाई की जाये, शौचालय की सफाई सुनिश्चित करें, शौचालय में पानी की व्यवस्था हो, स्कूल परिसर को एकरूपी करते हुए जहां जरूरत पड़े वहां इंटरलॉकिंग टाइल लगायें। इसके बाद जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सभी कक्षाओं में जाकर बारी बारी से स्कूली छात्र छात्राओं को पढ़ाया, उनसे गिनती, पहाड़े, एबीसीडी, कविता आदि की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने एक बच्ची से चार का पहाड़ा भी सुना। जिलाधिकारी ने बच्चों की उपस्थिति रजिस्टर तथा अध्यापकों की उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया।

# राधा रमण लाल के दर्शन करने पहुंचे प्रसिद्ध गायक बीप्राक

- प्रसिद्ध गायक बीप्राक ने राधा रमण लाल के समक्ष दी भजन प्रस्तुति
- मंदिर परिसर में तैयार किया जा रहे हैं तरह तरह के फूल बंगले

मथुरा। नगर के सप्त देवालयों में सम्मिलित ठाकुर राधा रमण मंदिर में चल रहे अमृत महोत्सव के अंतर्गत बुधवार की शाम को ठाकुर राधा रमण लाल के दर्शन को प्रसिद्ध गायक बीप्राक पहुंचे। मंदिर के सेवायत पुंडरीक गोस्वामी के द्वारा बीप्राक का ठाकुर जी की प्रसादी और पटका पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं बीप्राक ने ठाकुर राधा रमण लाल के समक्ष भजन गाकर दिव्य और भव्य प्रस्तुति दी। भक्ति गीतों पर मंदिर प्रांगण में दूरदराज से आए हुए श्रद्धालु थिरकते हुए नजर आए। साथ ही मंदिर परिसर में विशेष फूल बंगले का भी आयोजन किया गया। विशेष फूल बंगले में अपने आराध्य के दर्शन कर भक्त आनंदित हो उठे। वहीं विस्तृत जानकारी देते हुए अमृत महोत्सव के आयोजक और मंदिर के सेवायत पुंडरीक गोस्वामी ने बताया कि राधा रमण मंदिर में सप्त दिवसीय अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें तरह-तरह के धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। मंदिर परिसर में अनेकों प्रसिद्ध कलाकार ठाकुर जी के समक्ष अपनी प्रस्तुति देकर ठाकुर जी से लाड लड़ा रहे हैं। साथ ही महोत्सव के अंतर्गत ठाकुर जी के प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद पा रहे हैं।

वहीं ठाकुर जी के समक्ष प्रतिदिन 56 भोग और विशेष फूल बंगले का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही निमाई पाठशाला के विद्यार्थी इस उत्सव में अपना पूर्ण योगदान दे रहे हैं।



## 15 दिन बाद भी सर्राफा कारोबारी भोलानाथ बेसुराग

### व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल एसएसपी से मिला



मथुर। तीन जुलाई की सुबह करीब नौ बजे अपने घर से द्वारकाधीश मंदिर के लिए निकले शहर के प्रतिष्ठित सराफा कारोबारी भोलानाथ वार्ष्णेय अचानक गायब हो गये। दो दिन तक परिजन अपने स्तर से खोजबीन करते रहे। वह बेहद ही धार्मिक प्रवृति के थे, अक्सर गोवर्धन और वृंदावन परिक्रमा के लिए जाया करते थे। परिजनों को लगा संभवतः वह किसी धार्मिक कार्य में ही लगे होंगे। जब वह वापस नहीं आये तो पांच जुलाई को थाना गोविंद नगर में परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज करा दी। इसके बाद पुलिस लगातार लापता हुए कारोबारी के परिजनों को आश्वासन देती रही लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। 15 दिन बीत जाने के बाद 17 जुलाई को नगर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ पीडित परिवार एसएसपी से मिलने पहुंचा और अपनी पूरी पीडा बताई। लापता हुए कारोबारी भोलानाथ की पत्नी ने कहा कि मेरे पति करीब नौ बजे सुबह द्वारकाधीश मंदिर गये थे। इसके बाद वह वापस नहीं लौटे हैं। मेरा दिल कहता है कि वह जिंदा हैं पुलिस खोज नहीं रही है। वह वृंदावन जाते हैं, गोवर्धन की परिक्रमा भी करते हैं। शुरू में हमें लगा कि वह यहीं कहीं गये होंगे लेकिन वह तो वापस ही नहीं आये थे। गायब हुए सराफा कारोबारी की बेटी ने कहा कि मेरे पापा गुल्लक सम्हालने के लिए मंदिर गए थे। वहां गुल्लक खेलते हैं। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि सराफा कारोबारी अपने प्रतिष्ठान बंद करके एसएसपी से गुहार लगाने आये हैं। नगर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि अगर हमारा साथी बरामद नहीं हुआ तो हम आंदोलन की रहा पकडेंगे। लापता हुए भोलानाथ वार्ष्णेय की आर्थिक स्थिति अच्छी थी। धार्मिक प्रवृति के थे। ऐसी स्थिति बिल्कुल नहीं थी कि वह खुद कहीं जाते।

# बड़ा निकला होमगार्ड को गोली मारने का मामला

## गैंग का नाम आया सामने अब तक दो शूटर सहित तीन गिरफ्तार



**मथुरा।** होमगार्ड को जान से मारने की नीयत से गोली मारने का मामला बडा निकला। पुलिस ने दो और गिरफ्तारियां की हैं। एक आरोपी को पुलिस ने 16 जुलाई को गिरफ्तार किया था। पड़ताल के बाद दा लाइंस ऑफ ग्रुप बजोटा गैंग का नाम पुलिस ने इस मामले में जोडा है। दो नामजद वांछित शूटरों को पुलिस ने मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से दो तमंचा, चार जिन्दा कारतूस व तीन खोखा कारतूस व एक बाईक प्लसर बरामद की है। थाना नौहझील पुलिस ने शिवम चौधरी पुत्र हरवीर उर्फ हब्बो निवासी मोहल्ला दाऊजी नगर कस्बा बाजना थाना नौहझील, मनीष चौधरी पुत्र सुखवीर सिंह निवासी ग्राम जरैलिया थाना नौहझील को मुठभेड के बाद गिरफ्तार किया है। 14 जुलाई को ड्यूटी से घर लौट रहे होमगार्ड जवान को गोली मार दी थी। होमगार्ड का आगरा कें एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। गैंग के बदमाश इंस्टाग्राम पर दा लाइंस ऑफ ग्रुप बाजोटा के नाम से ग्रुप बनाकर सोशल मीडिया पर अवैध शस्त्र का प्रचार प्रसार व भडकाऊ विडियो बनाकर जनता मे भय व्याप्त करते है। कार्यवाही करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सोनू कुमार थाना नौहझील, एसआई दीपक नागर, एसआई अंकित कुमार, एसआई सोहनपाल सिंह, एसआई महिपाल सिंह, एसआई संजय कुमार, एसआई यशपाल सिंह, एसआई अंकुश थाना नौहझील आदि पुलिसकर्मी थी।

**गौरक्षक बनकर करते हैं अवैध वसूली:** गौरक्षक बनकर ग्वालो व पशु व्यापारियो के साथ अवैध वसूली के लिए मारपीट व धमकी देकर अपने शौक पूरे करते है। कुछ भले लोग इनकी शिकायत पुलिस तक नही करते और ये उनसे दबाव बनाकर पैसे लेते है और राजीनामा करा लेते है।

**दबंगई वाली रील बनाने का है शौक:** हरियाणा व पंजाब के बदमाशी वाले गानो पर रील बनाकर नवयुवकों को अपने गैंग मे जोडते है और उन्हे अवैध शस्त्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी करते है। इस गैंग की ओर गहराई से छानबीन व शस्त्र उपलब्ध कराने के स्त्रोत की जानकारी की जा रही है। ये गैंग वर्दी वाले होमगार्ड व पुलिस पार्टी पर भी फायर करने व उन पर बदमाशी की रील बनाकर जनता मे भय का माहौल पैदा कर रहे है।

### किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे

पुलिस को सूचना मिली कि फिर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में आये हैं। सूचना पर थाना नौहझील पुलिस द्वारा मानागढी रोड पर अंडरपास एक्सप्रेसवे के पास घेराबंदी की गई तो जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायरिंग की गई। जिसमें पुलिस द्वारा बचाव में की गई फायरिंग में दोनो अभियुक्त पैरों में गोली लगने से घायल हो गये।

# इस बार न खादी की कमी होगी न बीच की किल्लत

- खाद बीज में किसानों के साथ नहीं होगा धोखा

मथुरा। इस बार किसानों के लिए न खाद की कमी रहेगी न बीज की। किसानों के साथ खाद बीज जैसी बुनियादी वस्तु में अब किसी तरह का धोखा नहीं होगा। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में उर्वरक की दुकानों पर छापे डालने के लिए चार टीमों का गठन किया गया। इस दौरान कल 33 छापे डाले गए और गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु उर्वरक के आठ नमूने लिए गए स बिहटा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी बिहटा विकासखंड छाता द्वारा पांच किसानों को उनके जमीनों के अभिलेख देखे बिना 50-50 बोरी यूरिया बिक्री की गई जिसके कारण तत्काल प्रभाव से इनका लाइसेंस निरस्त किया गया स वितरण एवं स्टॉक रजिस्टर तथा स्टॉक एवं रेट बोर्ड न होने के कारण भूमित्र खाद एवं बीज एजेंसी चौमुंहा का लाइसेंस निलंबित किया गया स किसानों को बिना अभिलेख देखें अधिक मात्रा में यूरिया एवं डीएपी की बिक्री करने के कारण एग्री जंक्शन जाचौड़ा. साधन सहकारी समिति बरसाना एवं सहकारी संघ लिमिटेड बरसाना को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया स इसके साथ ही सहकारी समिति बरसाना पर पोस मशीन में 50 बोरी डीएपी प्रदर्शित हो रही थी परंतु मौके पर केवल तीन बोरी डीएपी की पाई गई वहीं दूसरी ओर सहकारी संघ लिमिटेड बरसाना पर एक ही दिन में डीएपी की 263 बोरी की बिक्री दिखाई गई जो संदिग्ध प्रतीत हो रही है जिसके कारण इन दोनों समितियां को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया स जनपद के सभी उर्वरक विक्रेता सुनिश्चित कर ले कि प्रत्येक उर्वरक विक्रेता के प्रतिष्ठान पर स्टॉक रजिस्टर बिक्री रजिस्टर स्टॉक एवं रेट बोर्ड अनिवार्य रूप से होना चाहिए स सभी उर्वरक विक्रेता किसानों को निर्धारित दर पर ही यूरिया डीएपी की बिक्री करें तथा किसी भी किसान को यूरिया डीएपी के साथ अन्य कम प्रचलित उर्वरकों की टैगिंग ना करें अन्यथा उनके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रामीण प्लास्टिक के सामान को न फेंके, घर से ले जाएंगे सफाईकर्मी

- 183 ग्राम पंचायतों में डोर टू डोर कलेक्शन के लिए तैयार किया प्लान



**मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 के अन्तर्गत जनपद के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, समस्त ब्लाक मिशन प्रबंधक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी के साथ बीसी के माध्यम से जनपद में चलाये जा रहे प्लास्टिक मुक्त बृज की रज अभियान के अन्तर्गत 183 ग्राम पंचायतों मे डोर टू डोर कूडा कलेक्शन के लिए बोरी लगाये जाने हेतु रोस्टर निर्धारित करते हुये गली मोहल्ले आवंटित किये गये साथ ही सामूहिक जन सहभागिता के माध्यम से ग्राम पंचायत मे सफाई अभियान चलाये जाने के लिए तिथि का निर्धारण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सफाई कर्मी द्वारा घर घर से प्लास्टिक संग्रहण के लिए रूट चार्ट बनाने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 अभियान के अन्तर्गत जन सहभागिता के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 मे फीडबैक कराये जाने के निर्देश दिये गये। जिसमें सभी आशा, ऑगनबाडी, कोटेदार, शिक्षक एंव शिक्षिकाओं के माध्यम से स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 फीडबैक में गति प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गये जिससे जनपद को राज्य मे अच्छा स्थान प्राप्त हो सकें।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2025: मथुरा वृंदावन नगर निगम ने हासिल 11 वां स्थान

### 94 वें स्थान से छलांग लगाते हुए 11 में नम्बर पर पहुंचा नगर निगम

**मथुरा।** 94वें स्थान से छलांग लगाकर मथुरा वृंदावन नगर निगम ने पूरे देश में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में 11 वा स्थान हासिल किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता सर्वेक्षण के मामले में नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत को अलग अलग श्रेणी में प्राप्त केटेगिरी के आधार पर प्रमाण पत्र वितरित किए। मथुरा वृंदावन नगर निगम ने 3 से 10 लाख आबादी वाले शहरों में देश भर में 11 वीं रैंक हासिल की है। वाटर प्लस प्रमाणन और जीएफसी 3 स्टार रेटिंग प्राप्त कर नगर निगम मथुरा वृंदावन देश के अग्रणी नगरों की सूची में शामिल हुआ है। यह गौरवशाली रैंकिंग नगर निगम के सतत प्रयासों, नागरिकों की भागीदारी और स्वच्छता मित्रों की मेहनत का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विगत वर्ष 2023 की तुलना में नगर निगम ने इस वर्ष असाधारण सुधार किया है। 4589 शहरी स्थानीय निकायों ने इस बार सर्वेक्षण में भाग लिया। इनमें से सिर्फ 209 नगर निकायों को वाटर प्लस प्रमाणन प्राप्त हुआ जिसमे मथुरा-वृंदावन निगम भी शामिल है। नगर आयुक्त जगप्रवेश के अनुसार मथुरा-वृंदावन को 2022 तक कोई जीएफसी स्टार प्राप्त नहीं था। 2023 में 1 स्टार और अब 2024-25 में सीधे 3 स्टार मिला है। इस उपलब्धि पर महापौर विनोद अग्रवाल का कहना है कि नगर निगम मथुरा-वृंदावन ने अब यह सिद्ध कर दिया है कि हम न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं बल्कि स्वच्छता में भी देश के अग्रणी नगरों में हैं। यह सफलता सिर्फ प्रशासन की नहीं बल्कि पूरे महानगर की जनता की जागरूकता सफाई मित्रों की निष्ठा और निगम टीम की कड़ी मेहनत का परिणाम है। नगर आयुक्त जग प्रवेश का कहना है कि 3 से 10 लाख आबादी वाले शहरों में 11वीं रैंक प्राप्त करना हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

# जन सहयोग से टीबी उन्मूलन कार्यक्रम पकड़ रहा रफ्तार

### जनपद के चार ब्लॉक में टीबी मरीजों को वितरित की गईं 500 से अधिक पोषण किट

**मथुरा।** मथुरा जनपद में क्षय रोग (टीबी) के उन्मूलन को लेकर एक संगठित, सशक्त और संवेदनशील अभियान चलाया जा रहा है। जिला क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत रोगियों की पहचान, इलाज और पुनर्पुष्टि के साथ-साथ उनके पोषण और मानसिक स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इस कार्य में समाजसेवी संगठन भी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को मडोना रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा मथुरा के चार ब्लॉकों फरह, बरसाना, गोवर्धन और बलदेव में 500 से अधिक क्षय रोगियों को पोषण सामग्री किट वितरित की गई। इस किट में दाल, चना, सोया, प्रोटीन पाउडर और अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल थीं, जो रोगियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगी। कार्यक्रम में मुकेश, सत्यवीर, अनूप, राजेश, निश्चल और संस्था से लक्ष्मी कांत गौर, बल्ली उपस्थित रही। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव यादव ने कहा कि ष्जब तक ग्राम स्तर पर जनभागीदारी नहीं होगी, तब तक क्षय रोग के पूर्ण उन्मूलन की कल्पना अधूरी रहेगी। समाज, संगठन और शासनकृतीनों को एकजुट होकर कार्य करना होगा।ष् उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने गांवों में टीबी के प्रति जागरूकता फैलाएं और संकल्प लें कि उनके गांव से एक भी क्षय रोगी बिना इलाज के नहीं रहेगा।

**समाजसेवियों से क्षय रोगियों को गोद लेने की अपील:** जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश राठौर ने जनपद के प्रतिष्ठित नागरिकों, स्वयंसेवी संगठनों और धार्मिक संस्थाओं से अपील की है कि वे टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें सामाजिक, भावनात्मक और पोषण सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यह षोद लेनाष् प्रतीकात्मक नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी का भाव है, जिसमें रोगी की संपूर्ण देखभाल की जाती है।

**रोगियों की सेहत की निरंतर निगरानी:** जिला पीपीएम समन्वयक आलोक तिवारी ने कहा कि टीबी रोगियों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से की जा रही है उनकी देखरेख में क्षेत्रीय क्षय नियंत्रण कर्मचारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और स्वयंसेवी घर-घर जाकर टीबी मरीजों से मिल रहे हैं, उनका हालचाल पूछ रहे हैं, दवा सेवन की स्थिति की जांच कर रहे हैं, और समय पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित कर रहे हैं। यह सतत निगरानी मरीजों के उपचार और रिकवरी की प्रक्रिया को मजबूत बना रही है।

### सामूहिक प्रयासों से टीबी मुक्ति का मार्ग प्रशस्त

जिला कार्यक्रम समन्वयक शिव कुमार ने कहा कि जिला क्षय रोग केन्द्र, मडोना रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन और अन्य सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त प्रयासों ने मथुरा जनपद में एक नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार किया है। निरंतर निगरानी, पोषण सहायता और जनभागीदारी जैसे ठोस कदम आने वाले समय में मथुरा को एक टीबी मुक्त जनपद के रूप में स्थापित कर सकते हैं।

# खुद थाने नहीं पहुंचा प्रेमिका का हत्यारोपी, पुलिस ने दबोचा

- सोशल मीडिया पर चल रही अफवाह, पुलिस ने किया खंडन
- 16 जुलाई को हुई युवती की हत्या, 17 जुलाई को पुलिस ने किया गिरफ्तार




मथुरा। सोशल मीडिया पर चल रही इस अफवाह का पुलिस ने खंडन किया है कि अपनी प्रेमिका की हत्या करने के बाद हत्यारोपी युवक खुद पुलिस के पास पहुंचा और हत्या की बात कबूल की। पुलिस ने इस तरह की अफवाहों का खंडन किया है। हालांकि अपने कमरे पर बुला कर प्रेमिका की गला दबाकर हत्या करने के आरोपी प्रेमी युवक को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक हत्यारोपी प्रेमिका की हत्या करने के बाद सीधा पुलिस स्टेशन नहीं पहुंचा था। युवक की गिरफ्तारी थाना कोतवाली अंतर्गत गोवर्धन चौक पर आगरा को जाने वाले सर्विस रोड़ से 17 जुलाई को रात करीब एक बजे गिरफ्तार किया। जबकि युवती की हत्या 16 जुलाई को की गई थी। सोशल मीडिया पर चल रही इस तरह की अफवाह को पुंलिस ने नकार दिया जिसमें दावा किया जा रहा है कि हत्यारोपी प्रेमी युवक अपनी प्रेमिका की हत्या करने के बाद सीधे पुलिस स्टेशन पहुंचा और खुद को पुलिस के सुपुर्द करते हुए गलती होने और गलती से हत्या हो जाने की बात कही। इसके बाद थाने पहुंचे युवक को पुंलिस ने हिरासत में ले लिया और युवक द्वारा बताये गये पते पर पहुंची तो कमरे के अंदर युवती का शव पड़ा मिला। थाना कोतवाली पुलिस टीम ने 17 जुलाई को अभियुक्त राहुल पुत्र स्व. जगदीश निवासी ग्राम नगला सराय थाना फतेहपुर सीकरी जनपद आगरा हाल निवासी क्षेत्रपाल के मकान में किरायेदार, रामनगर कृष्णानगर थाना कोतवाली जिला मथुरा उम्र करीब 25 वर्ष को गोवर्धन चौक पर आगरा को जाने वाले सर्विस रोड़ से रात को करीब एक बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त राहुल के विरूद्ध थाना कोतवाली पर लिखित तहरीर के आधार पर धारा 103 (1) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली से विधिक कार्यवाही की गई। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त व मृतक दोनों के प्रेम सम्बन्ध थे। 16 जुलाई को अभियुक्त राहुल ने मृतक को अपने किराये के कमरे रामनगर, कृष्णा नगर पर बुलाया था जहां पर दोनो का आपस में किसी बात को लेकर वाद विवाद हो गया जिसके बाद अभियुक्त राहुल ने युंवती की गला दबाकर हत्या कर दी । कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक देवपाल सिंह पुण्डीर थाना कोतवाली, एसआई कुशल पाल सिंह (चौकी प्रभारी कृष्णानगर) थाना कोतवाली आदि थे।



# सेहत का रिपोर्ट कार्ड हैं आपकी आंखें, गंभीर बीमारियों के शुरुआती लक्षणों की ऐसे करें पहचान

क्या आप जानती हैं कि शरीर में चल रही किसी भी गड़बड़ी का सीधा मैसेज आपकी आंखे देती हैं...आंखों का पीलापन, आंखों में सूजन या आंखों का लाल होना समेत कई ऐसे संकेत हैं, जिन्हें आपको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

हम सभी सेहतमंद रहना चाहते हैं और बीमारियों से दूर रहने की भरसक कोशिश करते हैं। लेकिन, फिर भी जिंदगी में किसी न किसी मोड़ पर किसी न किसी बीमारी से हमारा सामना हो जाता है। छोटे-मोटे इंफेक्शन या बीमारियां आमतौर पर कभी न कभी सभी को घेरती हैं और सही इलाज के साथ इन्हें आसानी से हराया जा सकता है। लेकिन, कई बार ऐसा होता है कि डॉक्टर के पास पहुंचने तक हमारी बीमारी बढ़ चुकी होती है और फिर इलाज में काफी मुश्किल आती है। असल में ऐसा बीमारी के शुरुआत लक्षणों को पहचान न पाने के कारण होता है। हमारी स्किन, आंखे, पसीना, पेशाब और पॉटी में नजर आ रहे संकेत शरीर में चल रही गड़बड़ी का इशारा करते हैं और अगर हम उन्हें सही समय पर पहचान लें, तो आने वाली वक्त की बड़ी मुश्किल से बचा जा सकता है। आंखों का पीलापन, आंखों में सूजन या आंखों का लाल होना समेत कई ऐसे संकेत हैं, जिन्हें आपको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इन संकेतों के बारे में एक्सपर्ट से समझते हैं।

अगर आपकी आंखे अक्सर ड्राई हो जाती है, आपकी अक्सर आंखों में रूखापन महसूस होता है, तो यह शरीर में विटामिन-ए की कमी का संकेत हो सकता है।

आंखों के नीचे सूजन महसूस होना या सुबह उठकर अगर आपको आंखे सूजी हुई लगती हैं, तो यह थायराइड के कारण हो सकता है।

आंखों के पीलेपन को आपको बिल्कुल नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह आमतौर पर लिवर से जुड़ी बीमारी जैसे पीलिया का संकेत हो सकता है।

आंखों में लालिमा आमतौर पर बीपी के बढ़े होने यानी हाइपरटेंशन का संकेत होना चाहिए। अगर आपकी आंखे लाल हो रही हैं, तो बीपी की जांच जरूर करवाएं।

जिन लोगों की आंखों के नीचे काले घेरे नजर आएं, उनके शरीर में खून की कमी हो सकती है। एनीमिया की स्थिति में आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हो जाते हैं।

धुंधला नजर आना डायबिटीज का एक शुरुआती लक्षण हो सकता है। ऐसा महसूस होने पर डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

आंखों में खुजली या जलन आमतौर पर किसी एलर्जी की वजह से होती है। अगर आपकी आंख बार-बार फड़क रही है, तो यह शरीर में मैग्नीशियम की कमी का संकेत हो सकता है।

रात में दिखाई देने में मुश्किल होना शरीर में विटामिन-ए की कमी का संकेत है।

आंखों में नजर आ रहे इन संकेतों के जरिए आप आसानी से शरीर में चल रही गड़बड़ी को पहचान सकती हैं।

**क्या आप हाथ-पैरों में झुनझुनी या सुन्नपन से परेशान हैं और उन्हें हिलाने-डुलाने में असहजता होती है? आपको पता है कि अक्सर परेशान करने वाली यह समस्या, सिर्फ गलत तरीके से बैठने या लेटने से नहीं होती है, बल्कि शरीर में किसी खास पोषक तत्वों की कमी का संकेत हो सकता है।**



# क्या आपको पता है कि हाथ और पैरों में झुनझुनी क्यों होती है?

क्या आपके हाथ और पैरों में कभी झुनझुनी या सुइयां चुभने जैसा एहसास होता है? ऐसा लगता है जैसे आपका हाथ या पैर सो गया हो। कई बार ऐसा तब हो सकता है, जब आप लंबे समय तक एक ही पोजीशन में बैठे या लेटे हों। लेकिन, अगर आपको यह एहसास बार-बार या नॉर्मल से ज्यादा महसूस होता है, तो ऐसा किसी गंभीर बीमारी के कारण भी हो सकता है। क्या आप जानती हैं कि ऐसा शरीर में विटामिन्स की कमी से भी होता है। आइए जानते हैं कि कौन से विटामिन्स की कमी से हाथों और पैरों में झुनझुनी या सुन्नपन होता है।

## हाथ और पैरों में झुनझुनी क्यों होती है?

हाथ और पैरों में होने वाली झुनझुनी को डॉक्टरी भाषा में पैरेस्थीसिया कहते हैं। यह किसी भी ऐसी असामान्य सनसनी के लिए इस्तेमाल होने वाला मेडिकल शब्द है, जो तब होती है जब आपकी नसें दब जाती हैं या डैमेज हो जाती हैं। इसमें दर्द भी हो सकता है जैसे कि जलन या चुभन या यह सिर्फ सुन्नपन जैसा महसूस हो सकता है। पैरेस्थीसिया की समस्या परमानेंट नहीं होती है और अपने आप ठीक भी हो जाती है। जैसा कि हम आपको बता चुके हैं कि ऐसा तब होता है, जब नस किसी कारण से दबने लगती है, जैसे कि जब आप ज्यादा देर तक एक ही पोजीशन में लेटे या बैठे रहते हैं। लेकिन, यदि यह समस्या बार-बार होती रहती है या ज्यादा बार होने लगती है, तो यह लंबे समय तक रहने वाली पैरेस्थीसिया का लक्षण हो सकता है।

## पैरेस्थीसिया के कारण

- पेरेस्थीसिया की समस्या नसों में किसी गड़बड़ी का संकेत हो सकती है।
- नर्वस सिस्टम संबंधी समस्याएं जैसे कि गिलियन-बैरे सिंड्रोम या रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याएं।
- इंफेक्शन, जैसे HIV, हर्पीस या कैम्पिलोबैक्टर जेजुनी।
- चोट या ट्रॉमा, जिससे आस-पास की नसें डैमेज हो जाती हैं।
- डायबिटीज, जिसमें हाई ब्लड शुगर के कारण पेरिफेरल न्यूरोपैथी की समस्या हो सकती है।
- हाथ-पैरों में झुनझुनी किस विटामिन और मिनरल्स की कमी से होती है?

हाथों और पैरों में झुनझुनी पैदा करने वाली विटामिन की कमी कई कारणों से हो सकती है। कुछ महिलाओं को अपने भोजन से पर्याप्त विटामिन नहीं मिल पाता है। वहीं, कुछ महिलाओं की आंतें किसी खास विटामिन को ठीक से सोख नहीं पाती हैं। ज्यादातर महिलाओं में विटामिन बी कॉम्प्लेक्स की कमी इन लक्षणों का कारण बनती है।

## विटामिन- बी6




इसमें विटामिन- बी6 की अहम भूमिका होती है, क्योंकि बी6 की बहुत ज्यादा या बहुत कम दोनों ही मात्रा पैरेस्थीसिया का कारण बन सकती हैं। आमतौर पर झुनझुनी आपके पैरों से शुरू होती है और फिर पैरों से ऊपर की ओर बढ़ती हुई आपके हाथों तक पहुंच जाती है। इससे कुछ महिलाओं को जलन की शिकायत भी होती है। शिशुओं में, बी6 की कमी से मिर्गी के दौरे भी पड़ सकते हैं।

## विटामिन-बी6 की कमी के कारण

विटामिन-बी6 का कम सेवन और कुपोषण। यह ज्यादा अल्कोहल लेने वालों में आम होती है। इसके अलावा, ऐसी महिलाओं में भी होती है, जो डायलिसिस पर हैं। विटामिन-बी6 की कमी का इलाज सप्लीमेंट्स से किया जाता है। इसके लेवल के ठीक होने से लक्षणों में भी सुधार होने लगता है।

## विटामिन-बी12




विटामिन-बी 6 की तरह बी12 के कम लेवल से हाथों और पैरों दोनों में एक ही समय में झुनझुनी हो सकती है। साथ ही, आपको कमजोरी और देखने में परेशानी जैसी अन्य न्यूरोलॉजिकल नर्वस सिस्टम संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। बी12 नए ब्लड सेल्स बनाने के लिए भी जरूरी है, इसके कम लेवल से एनीमिया की समस्या (ब्लड की कमी) हो सकती है। इससे आपको कमजोरी और थकान भी महसूस हो सकती है। विटामिन-बी12 मांसाहारी फूड्स जैसे लिवर, अंडे, चिकन में पाया जाता है।

## बायोटिन

बायोटिन, जो कि एक तरह का विटामिन-बी है। यह हेल्थ को बनाए रखने में जरूरी भूमिका निभाता है। बायोटिन की कमी से हाथों और पैरों में झुनझुनी के अलावा कई और लक्षण हो सकते हैं, जिनमें बालों का पतला होना और बालों का झड़ना, त्वचा पर दाने और इंफेक्शन आदि शामिल हैं। साथ ही, ज्यादा गंभीर होने पर दौरे भी पड़ सकते हैं।

## सोते समय हाथ और पैरों में झुनझुनी किस विटामिन की कमी से होती है?



अगर आप उठते हैं और पाती हैं कि आपके हाथ या पैर सुन्न हैं या उनमें झुनझुनी हो रही है, तो इसका मतलब यह हो सकता है कि आप ऐसी पोजीशन में सोए थे, जिससे नस दब गई थी। यह किसी विटामिन या मिनरल की कमी का पहला संकेत भी हो सकता है। ऊपर बताई गई कोई भी कमी, जो आपको दिन के समय झुनझुनी का अनुभव कराती है, वह सोते समय भी हो सकती है। लेकिन, आपको विटामिन की कमी से होने वाली झुनझुनी का एहसास सुबह उठते ही ज्यादा होता है, इससे पहले कि आप दिन भर की एक्टिविटी में बिजी हो जाएं। अगर यह झुनझुनी दूर नहीं हो रही है और इससे आप लंबे समय से परेशान हैं, तो आपको डॉक्टर से बात करनी चाहिए ताकि आपको पता लगे कि आपमें पोषण संबंधी कमी तो नहीं है। ऐसा किसी गंभीर बीमारी की वजह से भी हो सकता है।



# शरीर में चल रही गड़बड़ी का सीधा मैसेज देती है हमारी स्किन

**क्या आपको पता है कि हमारी त्वचा, शरीर में पनप रही कई बीमारियों का रिपोर्ट कार्ड होती है। स्किन पर नजर आ रहे संकेतों से आप कई हेल्थ कंडीशन्स और न्यूट्रिशन्स की कमी की पहचान कर सकती हैं।**

एक्सपर्ट का कहना है कि आपकी स्किन, शरीर में चल रही गड़बड़ का रिपोर्ट कार्ड होती है। त्वचा पर एक्ने होना, स्किन का ड्राई होना या पीला होना समेत कई ऐसी चीजें हैं, जो आपकी सेहत के बारे में आपकी कुछ कहती हैं और इन संकेतों को आपको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। आपकी स्किन किस तरह शरीर का आईना होती है।

- स्कन पर एक्ने आना, अचानक से रूखा होना या डार्क पैचेज आना सिर्फ स्किन से जुड़ी दिक्कतें नहीं हैं। इनका आपकी हेल्थ से भी सीधा रिश्ता है।
- अगर आपको एक्ने हो रहे हैं, खासकर जॉ लाइन के पास एक्ने अधिक होने लगे हैं, तो हाई एंड्रोजन्स का संकेत है।
- अगर स्किन रूखी हो रही है, तो मुमकिन है कि थायराइड फंक्शन कमजोर है। आपको हाइपोथायराइड की शिकायत हो सकती है।
- आंखों का या चेहरे या पीला नजर आना, लिवर के सही से काम न करने का संकेत हो सकता है। इसे बिल्कुल नजरअंदाज न करें।
- अगर आपकी बगल की त्वचा का रंग बहुत अधिक गहरा हो रहा है, तो यह इंसुलिन रेजिस्टेंस की वजह से हो सकता है। आपको ब्लड शुगर लेवल का ध्यान रखना चाहिए।
- स्किन पर लाल चकत्ते पढ़ना, एग्जिमा के कारण हो सकता है। अगर अचानक से आपकी स्किन पर झुर्रियां नजर आ रही हैं, तो यह शरीर में कोलेजन की कमी की वजह से हो सकता है।
- आंखों के आस-पास पीले रंग के धब्बे या उभार, शरीर में कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने का संकेत हो सकता है।
- अगर आपकी आंखों के नीचे सूजन है, तो यह किडनी की दिक्कत या वॉटर रिटेंशन की वजह से हो सकता है।
- स्किन पर नजर आने वाले स्ट्रेच मार्क्स की वजह हार्मोनल इंबैलेंस हो सकती है। खासकर, कोर्टिसोल के बढ़ने पर ऐसा होता है।



**जब भी हम एक हेल्दी लाइफस्टाइल की तरफ बढ़ते हैं तो मॉर्निंग रूटीन में डिटॉक्स ड्रिंक को जरूर शामिल करते हैं। डिटॉक्स ड्रिंक में हम जीरे के पानी से लेकर अजवाइन के पानी का सेवन करते हैं। ये दोनों ही ऐसे डिटॉक्स ड्रिंक हैं, जो हेल्थ के लिए काफी अच्छे माने जाते हैं। इन ड्रिंक्स से ना केवल वजन कम करने में मदद मिलती है, बल्कि ये पाचन को भी बेहतर बनाते हैं। अब सवाल यह उठता है कि इन दोनों में से किस ड्रिंक को डेली रूटीन का हिस्सा बनाया जाए।**

# जीरा या अजवाइन, खाली पेट किस पानी का सेवन करें?



अधिकतर लोग इस बात को लेकर काफी कन्फ्यूज रहते हैं कि उन्हें सुबह उठकर खाली पेट जीरे का पानी पीना चाहिए या फिर अजवाइन का पानी। यूं तो दोनों ही डिटॉक्स ड्रिंक सेहत के लिए लाभकारी हैं, लेकिन आपके लिए कौन सा अच्छा रहेगा, यह आपकी बॉडी और हेल्थ गोल्स पर निर्भर करेगा।

## जीरे के पानी के फायदे

- यह पाचन में मदद करता है। जीरे का पानी एंज़ाइम्स और बाइल जूस को एक्टिव करता है, जिससे गैस व एसिडिटी की शिकायत कम होती है।
- जीरे का पानी मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है, जिससे वज़न कम करने में मदद मिलती है। साथ ही साथ, यह फैट ब्रेकडाउन में भी हेल्प करता है।
- जीरे का पानी शुगर कंट्रोल करता है और इंसुलिन सेंसिटिविटी को भी बेहतर बनाता है।
- अगर आपको पीसीओडी या थायरॉइड की समस्या है तो जीरे का पानी पीना काफी फायदेमंद है।
- जीरे का पानी आयरन से भरपूर होता है। यही वजह है कि महिलाओं के लिए जीरे का पानी खासा फायदेमंद माना गया है।

## अजवाइन पानी के फायदे

- अजवाइन का पानी भी सेहत के लिए बहुत अधिक फायदेमंद है।
- अगर आपको अक्सर गैस व एसिडिटी की शिकायत रहती है तो ऐसे में अजवाइन के पानी से फायदा मिलता है। यह पेट की हवा को बाहर निकालने के साथ-साथ ब्लोटिंग कम करता है और तुरंत आराम देता है।
- अजवाइन का पानी बैड बैक्टीरिया से लड़ता है और टॉक्सिन्स हटाता है।
- अजवाइन का पानी पीरियड्स के दौरान होने वाल क्रैम्प्स और दर्द से आराम पहुंचाता है।
- यह पेट के कीड़े और वर्म्स को हटाता है, जिससे बॉडी लाइट डिटॉक्स होती है।

## किसका करें सेवन

जीरा पानी और अजवाइन पानी दोनों ही सेहत के लिए काफी अच्छे है। आप अपने हेल्थ गोल्स के अनुसार इसका सेवन कर सकते हैं। मसलन- अगर आपको गैस, अपच या ब्लोटिंग की शिकायत है या फिर आपको वज़न कम करना हो या अगर आप पीसीओडी, थायरॉइड या अनियमित पीरियड्स की प्रॉब्लम से जूझ रही हैं तो ऐसे में जीरे के पानी का सेवन करें। वहीं, एसिडिटी, कब्ज़ या पेट में भारीपन लगने पर या फिर बार-बार गैस या पेट दर्द की समस्या होने पर अजवाइन का पानी लिया जा सकता है।

## राजू इंजीनियर्स लिमिटेड का खुल गया है क्यूआईपी, 21 जुलाई को होगा बंद

मुंबई, एजेंसी। प्लास्टिक एक्सट्रूजन मशीनरी बनाने वाली गुजरात की कंपनी राजू इंजीनियर्स लिमिटेडक्यूआईपी के जरिये 180 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को यह जानकारी दी है। यह कंपनी राजकोट में है।

**क्या हुई है घोषणा-** शेयर बाजार को दी गई जानकारी में कंपनी ने बताया कि 15 जुलाई से इक्विटी शेयरों का क्यूआईपीजारी करने की मंजूरी मिल गई है। क्यूआईपी के जरिये दी जाने वाले शेयरों की फ्लोर प्राइस 114.42 रुपये प्रति शेयर तय की गई है। कंपनी ने फाइलिंग में कहा है कि यह इश्यू 21 जुलाई को बंद हो जाएगा। कंपनी इस इश्यू पर 5 प्रतिशत तक की छूट दे सकती है।

**कहां होगा पैसे का इस्तेमाल-** कंपनी क्यूआईपीसे मिलने वाले 160 करोड़ रुपये का इस्तेमाल अपने कारोबार को बढ़ाने में करेगी।




यह विस्तार दूसरी कंपनियों को खरीदने के जरिये किया जाएगा। बाकी बचे पैसे का इस्तेमाल सामान्य कॉर्पोरेट कार्यों में होगा।

**कितनी है कंपनी की आमदनी-** कंपनी ने 2024-25 में 253.65 करोड़ रुपये का रेवेन्यू कमाया। टैक्स चुकाने के बाद कंपनी का मुनाफा 38.11 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का कहना है कि इस पैसे से कंपनी और भी ज्यादा तरक्की करेगी।

## टेस्ला के आने से भारतीय ईवी कंपनियों पर नहीं पड़ेगा असर, कंपनी भारत में नहीं बनाएगी कार

नईदिल्ली, एजेंसी। एलन मस्क के स्वामित्व वाली टेस्ला के भारतीय बाजार में कदम रखने से इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली घरेलू वाहन कंपनियों की बाजार हिस्सेदारी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इसकी प्रमुख वजह टेस्ला कारों की अत्यधिक कीमत है। दरअसल, टेस्ला ने भारत में जिस मिड-साइज एसयूवी वाई मॉडल को लॉन्च किया है, उसकी शुरुआती कीमत करीब 60 लाख रुपये है। यह कार भारत में नहीं बनेगी, बल्कि टेस्ला इसे अपने शंघाई विनिर्माण प्लांट से पूरी तरह से निर्मित इकाई (सीबीयू) के रूप में आयात करेगी।

**बड़ी वजह...अत्यधिक कीमत-** भारत में 40,000 डॉलर (34.38 लाख रुपये) तक




की कीमत वाली आयातित कारों पर 70 फीसदी और इससे अधिक मूल्य वाली कारों पर 100 फीसदी टैक्स लगता है। यह टैक्स लागत, बीमा और माल ढुलाई (सीआईएफ) पर लगाया जाता है। आयात शुल्क के कारण वाई मॉडल की शुरुआती कीमत टाटा मोटर्स की हैरियर.ईवी और महिंद्रा की एक्सईवी 9ई के टॉप वेरिएंट से काफी अधिक है। भारत टेस्ला के लिए जरूरी है या मजबूरी विशेषज्ञों का कहना है, दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ऑटो मार्केट भारत में ई-वाहन बाजार तेजी रफ्तार से बढ़ रहा है। इसके विपरीत, टेस्ला की वैश्विक ई-वाहन बिक्री जून तिमाही में 13.5 फीसदी घटी है और कंपनी को चीनी कारों से कड़ी चुनौती मिल रही है। ऐसे में टेस्ला के लिए भारत आना जरूरी हो गया था। भारतीय ई-वाहन बाजार के 2030 तक सालाना 22-25 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है।

# जापानी कंपनियां भारत के कपड़ा क्षेत्र में निवेश करने को इच्छुक

### एईपीसी ने जताया अनुमान

नईदिल्ली, एजेंसी। कपड़ा उद्योग में भारत और जापान की कंपनियों के बीच सहयोग बढ़ाने का सुनहरा अवसर मौजूद हैं। टोक्यो की कंपनियां भारत में निवेश करने की इच्छुक हैं। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) ने बुधवार को यह बात कही।

**दोनों देशों के बीच कई हुई बैठक-** एईपीसी के अध्यक्ष सुधीर सेखरी ने कहा कि परिधान क्षेत्र में व्यापार के अवसरों का पता लगाने के लिए दोनों देशों की कंपनियों के बीच कई बैठकें हुईं। टोक्यो में इंडिया टेक्स ट्रेंड फेयर (आईटीटीएफ) में कई घरेलू कंपनियां भाग ले रही हैं।

**जापानी गुणवक्ता मानदंडों को पूरा करने के लिए भारत प्रतिबद्ध-** उन्होंने कहा कि हमने जापान से सोर्सिंग बढ़ाने और भारत में अधिक निवेश करने को कहा है। यूनिक्लो, एडास्ट्रिया, टोरे, इटोकिन कंपनी, ब्रोक जापान, डाइसो, वाईकेके और पेगासस जैसे प्रमुख ब्रांडों के साथ हमारी सफल बैठकें हुई हैं। भारतीय उद्योग जापानी गुणवत्ता मानदंडों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सेखरी ने कहा कि हम अपने सभी जापानी साझेदारों को भारतीय प्रदर्शकों के साथ जुड़ने, सहयोगात्मक संभावनाओं का पता लगाने, पसंदीदा सोर्सिंग गंतव्य के रूप में भारत की ताकत और विश्वसनीयता का प्रत्यक्ष अनुभव करने के लिए आमंत्रित करते हैं।



### वस्त्र मंत्री ने किया मेले का उद्घाटन

इस मेले का उद्घाटन वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने टोक्यो में किया। यह एक प्रमुख वस्त्र कार्यक्रम है। इसका आयोजन भारतीय दूतावास, वस्त्र मंत्रालय, एईपीसी और जापान-भारत उद्योग संवर्धन संघ (जेआईआईपीए) के सहयोग से किया जाता है।

## डिविडेंड के बाद अब बोनस शेयर का ऐलान, हर 1 पर 2 शेयर फ्री देगी बाबा रामदेव की कंपनी

नईदिल्ली, एजेंसी। पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने गुरुवार, 17 जुलाई को अपनी बोर्ड बैठक के बाद अपने शेयरधारकों के लिए पहली बार बोनस शेयर जारी करने की घोषणा की। कंपनी ने एक्सचेंज को दी गई जानकारी में बताया कि वह 2:1 के रेशियो में शेयर जारी करेगी। इसका मतलब है कि अगर किसी शेयरधारक के पास रिकॉर्ड डेट तक कंपनी के एक शेयर होते हैं, तो उन्हें दो शेयर फ्री में दिए जाएंगे। बता दें कि कंपनी ने बोनस इश्यू की रिकॉर्ड डेट का ऐलान अभी नहीं किया है। कंपनी ने कहा कि वह रिकॉर्ड तिथि की घोषणा समय आने पर करेगी। बता दें कि बोनस शेयर जारी करने का उद्देश्य मौजूदा शेयरधारकों को रिवार्ड्स देना और बाजार में कंपनी के शेयरों की लिक्विडिटी बढ़ाना है।

**डिविडेंड दे चुकी है कंपनी-** कंपनी बोनस योजना के तहत लगभग 72,50,12,628 नए इक्विटी शेयर जारी करेगी। बोनस शेयर आवंटित होने के बाद, कंपनी की कुल शेयर पूंजी वर्तमान 145.00 करोड़ (36,06,31,414 शेयरों पर आधारित) से बढ़कर 217.50 करोड़ (108,75,18,842 शेयरों पर आधारित) हो जाएगी।

### क्या है डिटेल

पतंजलि फूड्स (जो पहले रुचि सोया के नाम से जानी जाती थी) को पतंजलि आयुर्वेद ने 2019 में दिवाला प्रक्रिया के माध्यम से अधिग्रहित कर लिया था। यह अधिग्रहण कुल 4,350 करोड़ की राशि में किया गया था। साल 2022 में कंपनी ने 4,300 करोड़ जुटाने के लिए रुचि सोया का फॉलो ऑन पब्लिक ऑफर भी जारी किया था। इस राशि का अधिकांश हिस्सा रुचि सोया के मौजूदा कर्ज को चुकाने में इस्तेमाल किया गया था।

# आगामी त्योहारी सीजन में 2.16 लाख से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

नईदिल्ली, एजेंसी। आगामी त्योहारी सीजन को लेकर कंपनियों ने तैयारी शुरू कर दी है। इस दौरान देशभर में 2.16 लाख से अधिक लोगों को अस्थायी रोजगार मिलने की उम्मीद है। रोजगार में यह सालाना आधार पर 15-20 फीसदी की वृद्धि है।

वर्कफोर्स सॉल्यूशंस फर्म एडेको इंडिया ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा, त्योहारी सीजन में खुदरा क्षेत्र, ई-कॉमर्स, बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा, लॉजिस्टिक, आतिथ्य, यात्रा और एफएमसीजी क्षेत्रों में मांग बढ़ने की उम्मीद है। इस त्योहारी मांग को पूरा करने के लिए इन क्षेत्रों की कंपनियां भारी संख्या में कर्मचारियों की भर्तियां करेंगी।

एडेको इंडिया के निदेशक एवं जनरल स्टाफिंग के प्रमुख दीपेश गुप्ता का कहना है कि ग्रामीण इलाकों में मांग को बढ़ावा देने वाले अनुकूल मानसून, उपभोक्ता धारणा में सुधार, चुनाव के बाद के आर्थिक आशावाद और आक्रामक त्योहारी विज्ञापनों के कारण 2024 के मुकाबले इस साल का त्योहारी सीजन मांग एवं बिक्री के लिहाज से विभिन्न क्षेत्रों के लिए काफी अच्छा रहने वाला है।

**भर्तियां करने में महानगरों के साथ वाराणसी जैसे शहर भी पीछे नहीं-** रिपोर्ट में कहा गया है कि रक्षाबंधन, दशहरा एवं दिवाली जैसे आने वाले त्योहारों और शादियों के मौसम में बिक्री में तेजी आने की उम्मीद से अस्थायी कामगारों की भर्ती गतिविधियों में तेजी आई है। दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बंगलूरू, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता और पुणे जैसे महानगरों में त्योहारी भर्तियों की मांग सबसे अधिक है। इन शहरों में पिछले साल की तुलना में 19 फीसदी अधिक अवसर उपलब्ध हैं। लखनऊ, जयपुर, कोयंबटूर, नागपुर, भुवनेश्वर, मैसूरू और वाराणसी जैसे टियर-2 शहरों में मांग में 42 फीसदी की वृद्धि देखी जा रही है।

### अच्छी रहेगी बिक्री; 20 प्रतिशत बढ़ेंगे अवसर



### महिलाओं की भागीदारी बढ़ी

लचीली और अल्पकालिक भूमिकाओं के लिए बढ़ती प्राथमिकता के कारण इस वर्ष की मौसमी भर्तियों में महिलाओं की भागीदारी में 23 फीसदी बढ़ोतरी देखी जा रही है।

### उभरते शहरों में अधिक वेतन वृद्धि की उम्मीद

नई भर्तियों के दौरान मिलने वाले वेतन में महानगरों में 12-15 फीसदी वृद्धि की उम्मीद है वहीं, उभरते शहरों में वेतन में 18-22 फीसदी तक बढ़ोतरी की संभावना है।

**ई-कॉमर्स और खुदरा क्षेत्र में सबसे अधिक काम मिलने की संभावना-** कुल मौसमी भर्तियों में ई-कॉमर्स और खुदरा क्षेत्र का सबसे अधिक 35-40 फीसदी योगदान होगा। लॉजिस्टिक एवं आपूर्ति क्षेत्र में भर्तियां 30-35 फीसदी बढ़ने का अनुमान है।

### डिजिटल दक्षता को प्राथमिकता

रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनियां भर्तियों के दौरान कई भाषाओं में दक्षता, ग्राहक-व्यवहार कौशल और डिजिटल दक्षता को प्राथमिकता दे रही हैं। खासकर इन-स्टोर बिक्री, क्रेडिट कार्ड प्रचार और डिलीवरी पूर्ति जैसी भूमिकाओं के लिए।

## खुशखबरी: 70 प्रतिशत कर्मचारियों को मिलेगा 100 प्रतिशत वेरिएबल पे

नईदिल्ली, एजेंसी। टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने जून महीने तक खत्म हुई तिमाही के लिए अपने करीब 70 प्रतिशत कर्मचारियों को 100 प्रतिशत वेरिएबल पे देने का ऐलान किया है। बाकी बचे कर्मचारियों का वेरिएबल पे उनके बिजनेस यूनिट के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। कंपनी ने पिछले हफ्ते कर्मचारियों को इस बारे में एक ईमेल भी भेजा।

**ग्रेड के हिसाब से क्या है नियम-** टीसीएस में कर्मचारियों के ग्रेड होते हैं, जैसे शुरुआती स्तर ), फिर सी1, सी2, सी3, सी4, सी5 और सबसे ऊपर सीएक्सओ है। कंपनी के मुताबिक, सी2 ग्रेड तक के सभी कर्मचारियों को उनका पूरा तिमाही वेरिएबल अलाउंस मिलेगा। वहीं, सी3 ग्रेड और उससे ऊपर वाले वरिष्ठ कर्मचारियों का वेरिएबल पे उनकी बिजनेस यूनिट के प्रदर्शन के आधार पर तय होगा। टाइम्स ऑफ इंडिया की खबर के मुताबिक टीसीएस के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी यानी एचआर हेड मिलिंद लक्कड़ ने यह जानकारी ईमेल में दी।

**सालाना वेतन बढ़ोतरी पर अभी मंथन जारी-** हालांकि, कंपनी ने तिमाही वेरिएबल पे तो दे दिया है, लेकिन सालाना वेतन वृद्धि (वेज हाइक) पर फैसला अभी नहीं हुआ है। कंपनी का कहना है कि मौजूदा आर्थिक हालात (कमजोर मैक्रो एनवायरनमेंट) के चलते यह फैसला लेना बाकी है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के सीईओ के कृतिवासन ने पिछले हफ्ते कहा कि ग्राहकों के फैसले लेने और प्रोजेक्ट शुरू करने में देरी हो रही है।

### इंक्रीमेंट टला

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने अपने कर्मचारियों के वे इंक्रीमेंट को एक और क्वार्टर के लिए टाल दिया है। एचआर हेड ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, हम अभी तक वेतन वृद्धि चक्र पर कोई निर्णय नहीं ले पाए हैं। पहले टीसीएस हर साल 1 अप्रैल (वित्तीय वर्ष की शुरुआत) पर वेतन वृद्धि लागू करती थी।

## टाटा की कंपनी ने इस फर्म में हासिल किए 3.3 लाख शेयर, 950 के पार जा सकता है भाव

नईदिल्ली, एजेंसी। टाटा समूह की हॉस्पिटैलिटी कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड ने एक बड़ा ऐलान किया है। कंपनी ने कहा कि उसने पूर्ण स्वामित्व वाली शाखा ईएलईएल होटल एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड में राइट्स इश्यू के जरिए 165 करोड़ रुपये से अधिक के 3.3 लाख इक्विटी शेयर हासिल किए हैं। इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि ईएलईएल होटल एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के पास बैंडस्टैंड बांद्रा में भूमि पार्सल के लिए लीजहोल्ड अधिकार हैं, जिसके तहत ताज बैंडस्टैंड को विकसित करने का प्रस्ताव है।




कंपनी ने राइट्स इश्यू के माध्यम से 5,000 रुपये प्रति शेयर के इश्यू प्राइस पर 10 रुपये अंकित मूल्य के 3,30,043 इक्विटी शेयर 4,990 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम पर नकद में खरीदे, जो कुल मिलाकर 165.02 करोड़ रुपये है। बता दें कि इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक 17/07/2025 को निर्धारित है। कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ, 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए नतीजे जारी होने की उम्मीद है।

### शेयर का हाल

इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के शेयर बुधवार को 0.77 प्रतिशत बढ़कर 751.25 रुपये पर बंद हुए। शेयर के 52 हफ्ते का हाई 894.15 रुपये है। वहीं, शेयर के 52 हफ्ते का लो 571.15 रुपये है। शेयर के ये दोनों भाव पिछले साल थे। बीते दिनों ब्रोकरेज जेफरीज ने शेयर के लिए टारगेट प्राइस 980 रुपये प्रति शेयर तय किया था।

### मार्च तिमाही के नतीजे

इंडियन होटल्स कंपनी का मार्च तिमाही में नेट प्रॉफिट 28.4 प्रतिशत बढ़कर 562.66 करोड़ रुपये हो गया। देश की सबसे बड़ी होटल कंपनी को एक साल पहले की समान अवधि में 438.33 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। मार्च तिमाही में इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड का परिचालन राजस्व एक साल पहले के 1,905.34 करोड़ रुपये से 27.3 प्रतिशत बढ़कर 2,425.14 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, इस अवधि में कंपनी का कुल खर्च एक साल पहले की समान अवधि के 1,416.77 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,764.26 करोड़ रुपये हो गया।

# पावर कंपनी से मिला बड़ा ऑर्डर शेयर खरीदने की मची लूट

नईदिल्ली, एजेंसी। पीएनसी इंफ्राटेक के शेयर की कीमत में आज गुरुवार को 6 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई। बीएसई पर स्मॉल-कैप शेयर 6.6 प्रतिशत बढ़कर 331.80 प्रति शेयर पर पहुंच गया था। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ा ऑर्डर है।



दरअसल, पीएनसी इंफ्राटेक ने कहा है कि उसे सरकारी हाइड्रोपावर कंपनी एनएचपीसी से ऑर्डर मिला है।

**कंपनी ने क्या कहा-** पीएनसी इंफ्राटेक ने कहा कि वह भारत में 600 मेगावाट/2400 मेगावाट एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (ईएसएस) के साथ 1200 मेगावाट आईएसटीएस (अंतरराज्यीय पारेषण प्रणाली) से जुड़ी सोलर परियोजनाओं की स्थापना के लिए एनएचपीसी द्वारा जारी निविदा में सबसे कम (एलएलआई) बोलीदाताओं में से एक के रूप में उभरी है। कंपनी ने यह परियोजना टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) और इलेक्ट्रॉनिक (ऑनलाइन) रिवर्स एक्शन मैकेनिज्म के माध्यम से हासिल की है। यह परियोजना 3.13 प्रति किलोवाट घंटा की उद्धत कीमत पर ग्रीन शू विकल्प के साथ भी उपलब्ध है। सप्लाई की तय शुरुआती तारीख (एससीएसडी) पीपीए (बिजली खरीद समझौते) की प्रभावी तिथि से 24 महीने होगी और पीपीए (संचालन अवधि) एससीएसडी से 25 वर्ष की अवधि के लिए होगी।

**एनलिस्ट की राय-** लक्ष्मीश्री इन्वेस्टमेंट्स के रिसर्च प्रमुख अंशुल जैन ने कहा कि पीएनसी इंफ्राटेक का शेयर 106 दिनों के तेजी वाले कप एंड हैंडल पैटर्न से बाहर निकलने के कगार पर है, जिसका ब्रेकआउट स्तर 325 है। जैन ने कहा, वॉल्यूम 50-दिवसीय औसत के 451 प्रतिशत से अधिक हो गया है, जो इस कदम का समर्थन करने वाले संस्थागत निवेशकों का एक मजबूत संकेत है। इस ब्रेकआउट को जारी रखने के लिए, पीएनसी इंफ्राटेक के शेयर की कीमत निकट भविष्य में 325 से ऊपर निश्चित रूप से बंद होनी चाहिए।

# 40,000 करोड़ का डिविडेंड...

### अंबानी-अडानी से ज्यादा कमा गए शिव नाडर और अनिल अग्रवाल

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत के कुछ सबसे अमीर अरबपति और भी अमीर हो गए हैं। उनकी कमाई स्टॉक मार्केट में तेजी या आईपीओ से नहीं हुई। बल्कि उन्हें सीधे कैश मिला। फाइनेंशियल ईयर 2025 में मुकेश अंबानी, गौतम अडानी और अनिल अग्रवाल जैसे देश के 10 सबसे बड़े कारोबारियों को डिविडेंड के तौर पर 40,000 करोड़ रुपये से ज्यादा रकम मिली। इससे साफ है कि भारत की कंपनियां खूब पैसा कमा रही हैं। लगभग सभी सेक्टरों में डिविडेंड की इनकम बढ़ी है। इसमें टेक्नोलॉजी, टेलीकॉम, मेटल और फार्मा जैसी कंपनियां शामिल हैं।

एचसीएल टेक्नोलॉजीज के मालिक और देश के सबसे बड़े दानवीर शिव नाडर को वित्त वर्ष 2025 में सबसे ज्यादा 9,902 करोड़ रुपये का डिविडेंड मिला। यह जानकारी रेगुलेटरी फाइलिंग और एक्ष इक्विटी से मिली है। एचसीएल ने हर शेयर पर 60 रुपये का डिविडेंड दिया। कंपनी ने कुल 16,290 करोड़ रुपये का डिविडेंड दिया। नाडर परिवार की कंपनी में 60.81 प्रतिशत हिस्सेदारी है। 80 साल के नाडर 37.3 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ भारत के तीसरे सबसे अमीर आदमी हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स में वह 50वें नंबर पर हैं।



**अनिल अग्रवाल दूसरे नंबर पर-** सबसे ज्यादा डिविडेंड पाने वाले अमीरों की लिस्ट में वेदांता के अनिल अग्रवाल दूसरे नंबर पर हैं। उनके परिवार को डिविडेंड के तौर पर 9,591 करोड़ रुपये मिले। वेदांता ने एफवाय25 के लिए कुल 17,009 करोड़ रुपये का डिविडेंड दिया। लेकिन, कंपनी पर इतना ज्यादा कैश बांटने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। शॉर्ट-सेलर वाइसराय ने हाल ही में पूछा था कि कंपनी इतना डिविडेंड दे भी पाएगी या नहीं अग्रवाल परिवार की कंपनी में 56.38 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यह हिस्सेदारी कई अनलिस्टेड होल्डिंग कंपनियों के जरिए है।

### इन्फोसिस ने किया मालामाल

देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इन्फोसिस के प्रमोटरों को कुल मिलाकर 2,331 करोड़ रुपये का डिविडेंड मिला। कंपनी के प्रमोटर्स में एन आर नारायण मूर्ति, नंदन नीलेकणि, एस डी शिबुलाल, एस गोपालकृष्णन और के दिनेश शामिल हैं। प्रमोटर समूह की कंपनी में 14.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी ने एफवाय25 में 43 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 17,854 करोड़ रुपये का डिविडेंड दिया। भारती एयरटेल के मालिक सुनील भारती मित्तल और उनके परिवार को डिविडेंड के तौर पर 2,357 करोड़ रुपये मिले। इस टेलीकॉम कंपनी ने निवेशकों को 16 रुपये प्रति शेयर का डिविडेंड दिया। भारत के पहले फार्मा अरबपति दिलीप सांघवी को सन फार्मा से एफवाय25 में 2,091 करोड़ रुपये मिले। कंपनी ने 3,839 करोड़ रुपये का डिविडेंड दिया और प्रमोटर समूह की 54.48 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

**चौंकाने वाला नाम-** गौतम अडानी और उनके परिवार को उनकी ग्रुप कंपनियों से डिविडेंड के तौर पर 1,460 करोड़ रुपये मिले।

# प्रज्ञानंद ने कार्लसन को हराया

**फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में संयुक्त बढ़त बनाई**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने लास वेगास में फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम टूर में दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन पर शानदार जीत दर्ज की। 19 वर्षीय प्रज्ञानंद ने पांच बार के विश्व चैंपियन को मात्र 39 चालों में मात दी।

नॉर्वे के ग्रैंडमास्टर कार्लसन, जो हाल ही में भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश से लगातार हार चुके हैं, उन्हें एक और हार का सामना करना पड़ा। कार्लसन को 19 साल के आर प्रज्ञानंद ने टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज के चौथे राउंड में हरा दिया। इस टूर्नामेंट में हर खिलाड़ी को 10 मिनट का समय और हर चाल पर 10 सेकंड अतिरिक्त मिलते हैं। प्रज्ञानंद अब आठ खिलाड़ियों वाले ग्रुप व्हाइट में 4.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं। प्रज्ञानंद ने टूर्नामेंट की शुरुआत नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ काले मोहरों से ड्रॉ खेलकर की। इसके बाद उन्होंने असाउबायेवा को हराया। तीसरे राउंड में उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए कीमर को हराया और फिर चौथे राउंड में कार्लसन को चौंका दिया। हालांकि, कार्लसन पेरिस और कार्लज़ूए में फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीत चुके हैं। वह पूरे टूर में शीर्ष पर थे, लेकिन उन्हें अब लास वेगास में खिताबी दौड़ से बाहर होना पड़ा है। राउंड-रॉबिन चरण में उतार-चढ़ाव भरे दिन के बाद कार्लसन अपने ग्रुप में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर रहे और प्लेऑफ में लेवोन अरोनियन से हारकर बाहर हो गए।

अब वह निचले ब्रैकेट में पहुंच गए हैं, जहां तीसरे से ऊपर नहीं आ सकते। कार्लसन ने दो जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन फिर उनकी परफॉर्मेंस गिर गई। प्रज्ञानंद और वेस्ली सो से हार और दो ड्रॉ के बाद, उन्हें अंतिम दौर में जीत की जरूरत थी, ताकि टाईब्रेकर हो सके। उन्होंने बिबिसारा अस्सौबायेवा को हराया, लेकिन फिर दोनों प्लेऑफ गेम अरोनियन से हार गए। इसके चलते वह टॉप ब्रैकेट में नहीं जा सके। इसी ग्रुप में, प्रज्ञानंदा, नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और जावोखिर सिंडारोव ने 4.5/7 अंक हासिल करके तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। अरोनियन ने 4 अंक हासिल किए और कार्लसन को पछाड़ दिया। ब्लैक ग्रुप में हिकारू नाकामुरा ने शानदार प्रदर्शन किया और 7 में से 6 अंक लेकर टॉप पर रहे।

हांस नीमन, जिन्होंने शुरुआत में 5 में से 4.5 अंक हासिल किए थे, उन्होंने भी अगले दौर में जगह बना ली। उनके साथ फैबियानो कारूआना और अर्जुन एरिगैसी भी आगे बढ़े। कारूआना ने अपने शुरुआती छह मुकाबले ड्रॉ खेले थे, लेकिन आखिरी राउंड में नीमन को हराकर जरूरी जीत दर्ज की। लास वेगास के विंन होटल में फ्रीस्टाइल शतरंज की यूएस में पहली बार हो रही शुरुआत के साथ अब 16 खिलाड़ी नॉकआउट स्टेज में पहुंच चुके हैं। इनमें से आधे खिलाड़ी, जैसे कार्लसन और कीमर, निचले ब्रैकेट से आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे, जबकि बाकी खिलाड़ी सीधे खिताब की दौड़ में बने रहेंगे। गुरुवार को क्वार्टरफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

इनमें हारने वाले खिलाड़ी ऊपरी ब्रैकेट से निकलकर निचले ब्रैकेट में चले जाएंगे, जबकि जीतने वाले खिलाड़ी 2 लाख अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि के लिए मुकाबला जारी रखेंगे।

## मैंने यह ऋषभ पंत से सीखा है, दीप्ति शर्मा ने एक हाथ से लगाए छक्के का श्रेय पंत को दिया



**साउथेम्प्टन (यूके), एजेंसी।** भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने इंग्लैंड महिला टीम के खिलाफ पहले वनडे में अपनी शानदार पारी पर बात की, जहां वह जेमिमा के साथ साझेदारी बनाने की कोशिश कर रही थीं और ऐसे ही मौके का इंतजार कर रही थीं। दीप्ति शर्मा के शानदार अर्धशतक और ऑलराउंडर स्नेह राणा के शानदार स्पेल ने गुरुवार को साउथेम्प्टन में तीन मैचों की सीरीज के पहले वनडे में इंग्लैंड पर चार विकेट से जीत हासिल करने में भारत की अहम भूमिका निभाई। भारतीय महिला टीम ने अब अपने पिछले 12 वनडे में से 11 जीते हैं, और यह सिलसिला दिसंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज से शुरू हुआ था।

दीप्ति शर्मा ने मैच के बाद कहा, मैं ऐसे ही मौके का इंतजार कर रही थी। मैं जेमिमा के साथ साझेदारी बनाना चाहती थी, लगातार 5-6 रन प्रति ओवर बनाना चाहती थी। (उनके स्वीप शॉट्स पर) मैंने शुरुआती दिनों में इस पर काफी काम किया है, और इस तरह की पिच पर इससे मदद मिलती है। (एक हाथ से छक्का लगाने पर) मैं ये शॉट अभ्यास में खेलती हूं, मैंने ये ऋषभ पंत से सीखा है।

**विराट कोहली ही जिम्मेदार!**

## कर्नाटक सरकार ने बेंगलुरु भगदड़ केस में सौंपी रिपोर्ट, गंभीर लापरवाहियों का जिक्र



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बेंगलुरु में आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न के दौरान मची भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार ने हाईकोर्ट में विस्तृत रिपोर्ट सौंपी है. इस रिपोर्ट में कई गंभीर लापरवाहियों का जिक्र किया गया है और खास बात यह है कि इस पूरी घटना में टीम के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली का नाम भी सामने आया है. बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न के दौरान मची भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार ने हाईकोर्ट में अपनी रिपोर्ट सौंपी है. बेंगलरु में 4 जून को विक्ट्री परेड से पहले यह भगदड़ हुई थी. जो रिपोर्ट सरकार ने हाइकोर्ट में सौंपी है, उसमें कई तरह की गंभीर लापरवाहियों का जिक्र है. गौर करने वाली बात यह है कि इस पूरी घटना में विराट कोहली का नाम भी सामने आया है. रिपार्ट में कहा गया है कि विराट कोहली ने वीडियो में फैन्स से फ्री में विक्ट्री परेड में आने की अपील की.

**संन्यास लेने जा रहे आंद्रे रसेल!**

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में घरेलू मैदान पर खेलेंगे आखिरी मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले हैं। रसेल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में चुना गया है। वह इस सीरीज में अपने घरेलू मैदान पर आखिरी मैच खेलेंगे। रिपोर्ट के अनुसार आंद्रे रसेल अपना फेयरवेल मैच घरेलू मैदान जमैका के सबीना पार्क में खेलेंगे। सीरीज के शुरुआती दो मैच यहीं 20 और 22 जुलाई को खेले जाएंगे। रसेल 2019 से इंटरनेशनल क्रिकेट में केवल टी20 खेले हैं और वर्तमान में 84 मैच खेल चुके हैं। रसेल ने अगले टी20 विश्व कप से सात महीने पहले संन्यास का ऐलान किया है। फरवरी 2026 में भारत और श्रीलंका में टी20 विश्व कप होगा। निकोलस पूरन के बाद रसेल दो महीने से भी कम समय में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले वेस्टइंडीज के दूसरे हाई-प्रोफाइल खिलाड़ी होंगे।



**जापान ओपन बेडमिंटन:**

## सिंधू के बाद लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग भी हारे, जापान ओपन से हुए बाहर



**टोक्यो, एजेंसी।** 23 वर्षीय लक्ष्य ने पहले मैच में चीन के वांग झेंग जिंग पर 21-11, 21-18 से जीत दर्ज की थी, लेकिन वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख सके। भारतीय खिलाड़ियों का जापान ओपन में निराशाजनक प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा। लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी दूसरे दौर में हारकर इस सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को पुरुष एकल में जापान के कोडाई नाराओका के हाथों 19-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला करीब एक घंटे तक चला। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले मैच में चीन के वांग झेंग जिंग पर 21-11, 21-18 से जीत दर्ज की थी, लेकिन वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख सके। इससे पहले पुरुष युगल में सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी को चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 44 मिनट तक चले मुकाबले में 22-24, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत से पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता वेई केंग और वांग चांग ने भारतीय जोड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 7-2 कर लिया। सात्विक और चिराग ने धीमी शुरुआत की लेकिन जल्द ही लय हासिल करके पहले गेम में 18-14 से बढ़त बना ली।

भारतीय जोड़ी हालांकि अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाई और चीन की जोड़ी ने वापसी करते हुए पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भारतीय टीम आक्रमण और रक्षा दोनों में लड़खड़ा गई और उसे वेई केंग और वांग चांग के खिलाफ लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा।

## ला लीगा के शुरुआती मैच से बाहर

**बेलिंगहैम ने करवाई कंधे की सर्जरी**

**नई दिल्ली, एजेंसी** । रियल मैड्रिड के मिडफील्डर जूड बेलिंगहैम ने अपने कंधे की सफल सर्जरी करवाई है। ऐसे में अब बेलिंगहैम को कम से कम छह हफ्तों के लिए मैदान से दूर रहना होगा। वह ला लीगा के शुरुआती मुकाबले नहीं खेल सकेंगे। बेलिंगहैम को नवंबर 2023 से कंधे में तकलीफ थी। ला लीगा मैच के दौरान उनका कंधा खिसक गया था। तभी से बेलिंगहैम अपनी जर्सी के नीचे सपोर्ट ब्रेस पहनकर खेलते रहे। बेलिंगहैम ने क्लब वर्ल्ड कप के बाद ही सर्जरी कराने का फैसला किया था, ताकि रियल मैड्रिड के लिए उस टूर्नामेंट में खेल सकें। हालांकि, उनकी टीम सेमीफाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन से हारकर बाहर हो गई थी।




रियल मैड्रिड ने अपने बयान में कहा, बार-बार होने वाले खिसकाव की समस्या के इलाज के लिए जूड बेलिंगहैम के कंधे की सर्जरी हुई। यह ऑपरेशन डॉक्टर मैनुएल लेयेस और एंड्रयू वालेस ने रियल मैड्रिड मेडिकल सर्विसेज की निगरानी में किया।

## ऋषभ पंत को तकनीकी खामियों को दूर करने की जरूरत है: जैक रसेल



**लंदन, एजेंसी।** लंदन के एक पॉश इलाके में पेंटिंग बनाने में व्यस्त इंग्लैंड के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज जैक रसेल का मानना है कि भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अपने खेल से दर्शकों का मनोरंजन करते हैं लेकिन उन्हें विकेटकीपिंग की कुछ तकनीकी खामियों को दूर करने की जरूरत है। रसेल को क्रिकेट जगत की खबरों पर नजर रखना पसंद है। अगर वह मैदान पर नहीं होते तो वह लाइव स्कोर देखते हैं। वह रोज पेंटिंग करते है, फिर भी उन्होंने भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट के लिए लॉर्ड्स जाने का समय निकाला।

खुद एक विकेटकीपर होने के नाते उनके पास जैमी स्मिथ और पंत जैसे खिलाड़ियों के लिए एक सलाह भी है। उन्होंने कहा, 'कई अच्छे विकेटकीपर रहे हैं। मैं कहूंगा कि मेरे समय में एलन नॉट और बॉब टेलर मेरे दो नायक थे। रसेल ने कहा, 'लेकिन मुझे सैयद किरमानी को देखना पसंद था। जब मैं छोटा था, तब मैं उन्हें बहुत देखता था। मुझे लगता था कि वह एक अच्छे विकेटकीपर हैं।

मौजूदा विकेटकीपरों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'पंत की बात करूं तो आपको उन्हें खेलते हुए देखना पसंद आएगा ही। वह चाहे बल्लेबाजी कर रहे हों, या विकेटकीपिंग, आपको उन्हें देखना अच्छा लगेगा। इसलिए वह एक मनोरंजक खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, 'और यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि वह कार दुर्घटना के बाद भी क्रिकेट भी खेल रहे हैं। मुझे लगता है कि युवा खिलाड़ी जैमी स्मिथ इंग्लैंड के सर्वकालिक महानतम बल्लेबाज और विकेटकीपर बनेंगे क्योंकि उनमें बहुत हुनर है। आप उसे गिलक्रिस्ट की श्रेणी में रख सकते हैं। पंत की विकेटकीपिंग में किसी कमी के बारे में पूछने पर रसेल ने कहा, 'वह गलतियां करेगा क्योंकि तकनीकी रूप से कुछ चीजें हैं जिन्हें दूर करने की जरूरत है। लेकिन वह शानदार प्रदर्शन करेगा और गलतियां भी करेगा। ज्यादातर विकेटकीपर गलतियां करते हैं। इंग्लैंड में विकेट लेना काफी मुश्किल है।

इसलिए वह यहां परफेक्ट नहीं होगा, लेकिन उसकी बल्लेबाजी बहुत मजबूत है। रसेल ने कहा, 'पर उसे विकेटकीपिंग में कुछ काम करने की जरूरत है, स्टंप तक खड़े होने में बस थोड़े-बहुत बदलाव करने होंगे। अगर वह मुझसे पूछेगा तो मैं उसे बता दूंगा। लेकिन ये छोटी चीजें हैं। यह 61 वर्षीय काउंटी क्रिकेट से संन्यास लेने के 20 साल से भी ज्यादा समय बाद अपनी चित्रकला के जरिए खेल से जुड़े हुए हैं। राइडर स्ट्रीट स्थित गैलरी की यात्रा किसी भी क्रिकेट प्रेमी को पुरानी यादों की सैर करा देगी। वह सोशल मीडिया पर अपनी पेंटिंग्स प्रोमोट करते हैं जिसमें उनके ज्यादातर फोलोअर्स भारतीय हैं। रसेल ने हाल में इंग्लैंड के लिए खेलने वाले पहले भारतीय रणजीतसिंहजी का चित्र बनाया।

रसेल ने कहा, 'हर साल मैं इतिहास के पन्नों से किसी का चित्र बनाने की कोशिश करता हूं। पिछले साल मैंने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान डगलस जार्डिन का चित्र बनाया था। इस साल मैंने रणजीतसिंहजी को चुना। अगर आप उनके बारे में पढ़े और उनके करियर पर नजर डालें तो वे एक 'स्ट्रोक प्लेयर थे। यह प्रदर्शनी में मेरे पसंदीदा चित्रों में से एक है। रसेल ने कहा, 'भारत और इंग्लैंड के बीच मौजूदा मैच को देखते हुए मुझे लगा कि यह सही समय है।

## बांग्लादेशी स्पिनर महेदी हसन की शानदार गेंदबाजी

● **हरभजन सिंह का 13 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा**

**ढाका, एजेंसी।** स्पिनर महेदी हसन ने बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच निर्णायक टी20आई मैच में 4-1-11-4 के औसत से शुरुआत की जिससे टाइगर्स ने आर प्रेमदासा स्टेडियम में मैच और सीरीज दोनों जीतते हुए इतिहास रच दिया। एक छोर से गेंदबाजी की शुरुआत करते हुए महेदी ने हरभजन सिंह का 13 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। महेदी ने पावरप्ले में दो ओवर फेंकते हुए किफायती चार विकेट लिए जिससे उन्होंने श्रीलंका के शीर्ष 5 बल्लेबाजों में से चार को आउट कर दिया, जिससे श्रीलंकाई टीम कोलंबो में निर्णायक मैच में सिर्फ 132/7 पर सिमट गई।



महेदी ने अपने शानदार स्पेल के जरिए आर प्रेमदासा स्टेडियम में टी20आई मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेहमान गेंदबाज होने का हरभजन का रिकॉर्ड तोड़ दिया। हरभजन ने 2012 के टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया था और केवल 12 रन देकर 4 विकेट लिए थे जबकि महेदी ने 4 विकेट के लिए 11 रन दिए।

किसी गेंदबाज के रूप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का रिकॉर्ड इस भारतीय स्पिनर के नाम था, लेकिन 2021 की सीरीज में वानिंदु हसरंगा ने 4-9 के उल्लेखनीय आंकड़े के साथ भारतीय के रिकॉर्ड को तहस-नहस कर दिया।

**टिम रॉबिंसन की करियर की सबसे बड़ी पारी**

## न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 21 रन से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिम्बाब्वे में चल रही टी20 ट्राई-सीरीज 2025 के दूसरे मुकाबले में न्यूजीलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए साउथ अफ्रीका को 21 रन से हराया. इस जीत के नायक रहे युवा बल्लेबाज टिम रॉबिंसन, जिन्होंने संकट की घड़ी में 75 रन की नाबाद और मैच जिताऊ पारी खेली. एक समय न्यूजीलैंड की टीम महज 70 रन पर अपने 5 विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन रॉबिंसन की संयमित और आक्रामक बल्लेबाजी ने मैच की तस्वीर ही बदल दी.

न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाए. शुरुआत बेहद खराब रही, जब सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट (22) और डेवोन कॉनवे (9) जल्दी आउट हो गए. इसके बाद डेरिल मिचेल (5), जेम्स नीशम (0) और मिचेल हे (2) भी कुछ खास नहीं कर सके.

टीम संकट में थी, लेकिन टिम रॉबिंसन ने एक छोर संभाले रखा और 57 गेंदों में 6 चौके और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 75 रन बनाए. यह उनके अंतरराष्ट्रीय टी20 करियर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है. उनकी इस पारी में न सिर्फ क्लास थी बल्कि ज़रूरत के अनुसार आक्रामकता भी थी.



**बेवन जैकब्स के साथ मजबूत साझेदारी**

रॉबिंसन को अंत तक बेवन जैकब्स का साथ मिला, जिन्होंने 44 रन की नाबाद पारी खेली. दोनों ने मिलकर छठे विकेट के लिए 103 रन की अविजित साझेदारी की, जिसने न्यूजीलैंड को सम्मानजनक नहीं बल्कि मैच जिताऊ स्कोर तक पहुंचा दिया.

# हॉकी: प्रो लीग का प्रदर्शन एशियाई खेलों और विश्व कप से पहले अच्छा सबक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीजेश ने बुधवार की रात को एक कार्यक्रम के दौरान कहा, मुझे लगता है कि खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, हमने कई मौके बनाए। हमने कड़ी चुनौती दी लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है जब परिणाम आपके पक्ष में नहीं आते हैं।

पूर्व भारतीय कप्तान और गोलकीपर पी आर श्रीजेश का मानना है कि हाल ही में समाप्त हुई एफआईएच प्रो लीग अगले साल होने वाले एशियाई खेलों और विश्व कप से पहले पुरुष राष्ट्रीय हॉकी टीम के लिए अच्छा सबक है। भारत को प्रो लीग के यूरोपीय चरण में संघर्ष करना पड़ा और वह नौ टीमों में से आठवें स्थान पर रहा। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत की कांस्य पदक विजेता टीमों का हिस्सा रहे श्रीजेश का मानना है कि खिलाड़ियों ने बहुत खराब प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन दुर्भाग्य से परिणाम टीम के पक्ष में नहीं रहे। श्रीजेश ने बुधवार की रात को एक कार्यक्रम के दौरान कहा, मुझे लगता है कि खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, हमने कई मौके बनाए। हमने कड़ी चुनौती दी लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है जब परिणाम आपके पक्ष में नहीं आते हैं। हमारी तैयारी अच्छी थी, लेकिन दुर्भाग्य से परिणाम हमारे लिए अच्छे नहीं रहे लेकिन कोचों के पास एशिया कप के लिए टीम तैयार करने के लिए पर्याप्त समय है और



निश्चित रूप से अगले साल एशियाई खेल और विश्व कप भी है। श्रीजेश ने कहा, मुझे लगता है कि इस प्रो लीग ने हमें विश्व कप और एशियाई खेलों की तैयारी के लिए कड़ा सबक सिखाया है।

एशियाई खेलों का आयोजन 19 सितंबर से चार अक्तूबर तक जापान के आइची-नागोया में किया जाएगा। विश्व कप 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में आयोजित किया जाएगा। पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद संन्यास लेने के बाद श्रीजेश अब भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम के कोच हैं और वह इसका आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरी दिनचर्या पहले जैसी ही है। जब आप सुबह जल्दी उठते हैं तो खिलाड़ियों को तैयार करने के बारे में सोचते हैं। यह सुनिश्चित करते हैं कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं और बाकी दिन अगले सत्र की तैयारी करते हैं। अंतर सिर्फ इतना है कि पहले शारीरिक हिस्से पर अधिक जोर देना पड़ता था लेकिन अब दिमाग पर ज्यादा जोर देना पड़ता है लेकिन मैं इसका पूरा आनंद ले रहा हूं। भारत इस वर्ष 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में एफआईएच जूनियर विश्व कप की मेजबानी करेगा और श्रीजेश अपने खिलाड़ियों को तैयार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, उनके (खिलाड़ियों) लिए सबसे बड़ी चुनौती जूनियर विश्व कप है क्योंकि चार देशों के टूर्नामेंट और इस तरह की अन्य प्रतियोगिताएं उन पर जूनियर विश्व कप जितना दबाव नहीं डालतीं।

मेरा काम उन्हें इन टूर्नामेंट के लिए अच्छी तरह से तैयार करना है। जूनियर विश्व कप में भारत को पूल बी में पाकिस्तान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया है। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण जूनियर विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं, लेकिन श्रीजेश किसी एक विशेष टीम पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहते हैं।



# सावन में बेलपत्र घर की इस दिशा में लगाएं, महादेव होंगे प्रसन्न, धन-दौलत से भर जाएगी तिजोरी

**बेलपत्र को वास्तु में धन लाभ, सकारात्मकता और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, बेलपत्र भगवान शिव को बहुत प्रिय है। ऐसे में सावन के दौरान इसे घर में सही स्थान पर लगाने से शिवजी प्रसन्न होते हैं और उनकी कृपा जातक पर बनी रहती है। मान्यता है कि इस पेड़ का संबंध माता लक्ष्मी से भी होता है। यही कारण है कि सावन के दौरान बेलपत्र को घर में लगाना बेहद फलदायी माना गया है।सावन का महीना शुरू हो चुका है, जो भगवान शिव को बहुत प्रिय होता है। इसी माह में कांवड़ यात्रा भी निकलती है, सावन शिवरात्रि के दौरान इसका समापन होता है। ऐसे में सावन के इस पूरे महीने में शिवजी के भक्त पूरी श्रद्धा से पूजा-पाठ और व्रत करते हैं। वहीं, इस दौरान शिवजी को बेलपत्र अर्पित करने का भी खास महत्व बताया गया है। कहा जाता है कि बेलपत्र भगवान शिव और माता लक्ष्मी से संबंधित होता है। पौराणिक कथाओं में बताया गया है कि बेलपत्र भगवान शिव को बेहद प्रिय है। ऐसे में वास्तु के अनुसार अगर आप घर की सही दिशा में इस पेड़ को लगा लें, तो इससे जीवन के दुखों से निजात मिल सकती है। साथ ही, भोले बाबा की विशेष कृपा जातक पर बनी रहती है और धन लाभ के योग बनते हैं। ऐसे में आइए विस्तार से जानें सावन में बेलपत्र लगाने की सही दिशा, नियम और लाभ के बारे में...**

## बेलपत्र का पेड़ किस दिशा में लगाएं

वास्तुशास्त्र के अनुसार, घर में बेलपत्र का पेड़ सही दिशा में लगाना बहुत जरूरी होता है। इसे गलत स्थान या दिशा में रखने से जातक को शुभ की जगह अशुभ फल की प्राप्ति हो सकती है। माना जाता है कि बेलपत्र को घर में हमेशा उत्तर-पूर्व दिशा यानी ईशान कोण में लगाना चाहिए। इसके अलावा, आप उत्तर या पूर्व दिशा में भी इस पेड़ को रख सकते हैं। ऐसा करने से घर का वातावरण सकारात्मक होता है और जीवन की कई समस्याओं से भी जातक को निजात मिल सकती है। घर की इस दिशा को सबसे शुभ माना गया है। ऐसे में कभी भी बेलपत्र लगाते समय इस दिशा का ख्याल जरूर रखें।

## बेलपत्र का पेड़ घर में किस दिन लगाएं

सावन के महीने में बेलपत्र का पेड़ घर में किसी भी दिन लगाया जा सकता है। लेकिन इस माह में सोमवार के दिन बेलपत्र को घर लाना सबसे उत्तम माना गया है। हिंदू धर्म में सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित माना गया है। ऐसे में अगर आप इस खास दिन बेलपत्र का पेड़ घर में लगाते हैं, तो इससे शिवजी बेहद प्रसन्न होते हैं और जातक पर उनकी विशेष कृपा बनी रहती है। साथ ही, प्रत्येक सोमवार बेलपत्र को शिवजी की पूजा में भी जरूर शामिल करना चाहिए।

## बेलपत्र घर में लगाने के जरूरी वास्तु नियम

वास्तु के अनुसार, बेलपत्र का पेड़ कभी भी घर की दक्षिण-पश्चिम दिशा यानी नैऋत्य कोण में नहीं लगाना चाहिए।

रसोई घर, टॉयलेट, बाथरूम और घर के मध्य स्थान पर भी बेलपत्र के पेड़ को लगाना वर्जित माना गया है।

बेलपत्र के पौधे को साफ स्थान पर रखना चाहिए और वहां की नियमित साफ-सफाई करनी चाहिए। गंदगी वाली जगह पर इस शुभ पेड़ को भूलकर भी नहीं रखना चाहिए।

वास्तु के अनुसार घर में कभी भी ऐसा बेलपत्र का पेड़ नहीं रखना चाहिए जिसके पत्ते पूरी तरह सूख गए हों। इस प्रकार का पेड़ घर में नकारात्मकता लाता है।

माना जाता है कि सावन के महीने में बेलपत्र के पेड़ की नियमित रूप से पूजा करना बहुत फलदायी होता है। इससे जीवन में तरक्की हासिल होती है।

## बेलपत्र का पेड़ सही दिशा में लगाने के लाभ

वास्तु के अनुसार अगर आप सही दिशा में बेलपत्र का पेड़ लगाते हैं, तो इससे बेहद शुभ फल की प्राप्ति होती है। इसे विशेष रूप से सावन में लगाना बहुत फलदायी माना गया है। क्योंकि सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होता है और यह पेड़ शिवजी को बेहद प्रिय है। ऐसे में अगर आप इस पवित्र माह में बेलपत्र को घर में लगा लें, तो इससे परिवार के सदस्यों पर शिवजी की कृपा बनी रहती है। साथ ही, हर सोमवार बेलपत्र शिवलिंग पर भी चढ़ाएं। ऐसा करने से जातक को पापों से मुक्ति मिल सकती है और जीवन में खुशहाली आने लगती है। माना जाता है कि घर में बेलपत्र का पेड़ लगाने से वास्तु दोष दूर होता है और घर में सकारात्मकता आने लगती है। घर में इसके हरा-भरा होने से शिवजी प्रसन्न होते हैं और उनकी कृपा से जातक को कभी भी धन की कमी नहीं होती है। इससे तिजोरी हमेशा धन-दौलत से भरी रह सकती है।

# शिवरात्रि पर 24 साल बादपर एक साथ तीन राजयोग का दुर्लभ संयोग, इन 5 राशियों की चमकेगी किस्मत, होंगे मालामाल

सावन शिवरात्रि पर इस बार ग्रहों का बेहद ही शुभ संयोग बनने जा रहा है। शिवरात्रि पर इस बार कई महायोग एक साथ बनेंगे। जो 24 साल बाद फिर से सावन शिवरात्रि पर उपस्थित होंगे। आपको बता दें कि 24 साल पहले 18 जुलाई 2001 को चंद्रमा मिथुन राशि में गोचररत थे और उस वर्ष भी शिवरात्रि बुधवार की थी और वर्ष 2025 में भी सावन शिवरात्रि बुधवार की है। इसके साथ ही 24 साल बाद सावशिवरात्रि पर शुक्र अपनी मूलत्रिकोण राशि वृषभ में विराजमान होकर मालव्य राजयोग बना रहे हैं जबकि चंद्रमा और गुरु भी 24 साल के बाद सावन की शिवरात्रि पर मिथुन राशि में गोचर करते हुए गजकेसरी योग बना रहे हैं। इसके अलावा भी इस वर्ष कई अन्य शुभ योग सावन शिवरात्रि पर बन रहे हैं तो भक्तों को शिवकृपा का विशेष लाभ दिलाने के साथ ही ग्रहों के दोष को भी दूर करने वाले रहेंगे। इन्हीं में से एक योग है बुधादित्य योग। और कमाल की बात है कि इस बार 24 साल बाद एक कतार में शुक्र, गुरु सूर्य भी सावन की शिवरात्रि पर उपस्थित होकर उत्तम संयोग बना रहे हैं। तो आइए जानते हैं सावन की शिवरात्रि पर अबकी बार शुभ ग्रह योग और शिवजी की कृपा से किन-किन राशियों को लाभ मिलेगा।

## वृषभ राशि को मिलेगा धन संपत्ति का सुख

इस समय शुक्र आपकी राशि में ही विराजमान हैं। ऐसे में शुक्र आपके लग्न भाव में मालव्य राजयोग बना रहे हैं। जिससे वृषभ राशि का जातकों की भगवान शिव की कृपा से बंपर कमाई होगी। साथ ही इन राशि के लोगों को उन्नति के साथ साथ सफलता के भी अच्छे परिणाम मिलेंगे। वहीं, इस अवधि में आपको कमाई के कई अच्छे मौके मिलेंगे। जिसका लाभ आपको हर तरह से मिलेगा। वहीं, इस दौरान आपको धन संपत्ति का सुख मिलेगा। यानी इस दौरान आप कोई संपत्ति आदि खरीद सकते हैं और




जीवन में तरक्की के साथ साथ पारिवारिक मामलों में सुख प्राप्त कर सकते हैं। आपकी कोई अधूरी इच्छा इस दौरान पूरी होगी।

## मिथुन राशि का बढ़ेगा मान सम्मान

मिथुन राशिवालों के लग्न भाव में गजकेसरी राजयोग बनेगा। गुरु और चंद्रमा एक साथ मिथुन राशि में रहेंगे। ऐसे में गजकेसरी राजयोग से आपको विशेष लाभ मिलने वाला है। मिथुन राशि के लोगों को करियर में कमाई के अच्छे अवसर मिलेंगे। गजकेसरी राजयोग से धन, समृद्धि और मान-सम्मान मिलेगा। कार्यस्थल पर लोग अब आपके काम की सराहना करेंगे। साथ ही आपको उनके साथ तालमेल बनाने का भी मौका मिलेगा। वहीं, इस दौरान नौकरीपेशा जातकों को कमाई के भी कई अच्छे अवसर मिलेंगे। आपको बस उन्हें पहचानना होगा।

## वृश्चिक राशि को मिलेगा राजयोग का लाभ

वृश्चिक राशि के लोगों को मालव्य राजयोग से धन लाभ के साथ साथ वाहन आदि का सुख भी मिल सकता है। साथ ही इस दौरान आपको अपने जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। इस राशि के लोग कला और संगीत जगत से जुड़े हैं उन्हें सम्मान मिलेगा। साथ ही साथ भौतिक सुख सुविधाओं का आनंद ले पाएंगे। शादीशुदा लोगों के लिए यह समय विशेष फलदायी रहेगा क्योंकि, अब आपके रिश्ते पहले से मजबूत होंगे। वहीं, अविवाहितों को सुंदर, संस्कारी और सहयोगी जीवनसाथी का रिश्ते आ सकता है। आप इस दौरान कोई नया वाहन आदि भी खरीद सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति इस दौरान पहले से काफी मजबूत होगी।

## धनु राशि को मिलेगा आर्थिक लाभ

धनु राशि के लोगों पर गजकेसरी राजयोग का लाभ मिलेगा। दरअसल, आपकी राशि पर गुरु और चंद्रमा की सप्तम दृष्टि रहेगी। ऐसे में आपको मान-सम्मान, उच्च पद, मिलने के साथ साथ आर्थिक लाभ मिलने की भी संभावनाएं हैं। समाज में आपकी पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वहीं, इस दौरान आपका स्वभाव काफी परोपकारी बनेगा। आपका झुकाव धर्म कर्म के कार्यों पर अधिक रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन, पारिवारिक जीवन में सुख शांति मिलेगी। अगर आपकी कुंडली में कोई अशुभ ग्रह बाधा डाल रहा है तो अब आपकी परेशानियां दूर होने वाली है। इतना ही नहीं आपको विदेश यात्रा के भी योग बन रहे हैं। जो लोग संतान सुख की कामना कर रहे हैं उन्हें संतान सुख मिल सकता है।

# क्या कहते आपके सितारे




**मेष** आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आप अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या की भावना ना रखें। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। वाहनों का प्रयोग आपको थोड़ा सावधान रहकर करना होगा। आप कार्यक्षेत्र में अपने बॉस की दी गई जिम्मेदारियां पर पूरा ध्यान दें। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपके मन में किसी काम को लेकर कशमकश बनी रहेगी।




**वृषभ** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपका कोई पुराना मित्र लंबे समय बाद आपसे मेल-मुलाकात करने आ सकता है। आप अपने बिजनेस में पार्टनरशिप थोड़ा सोच समझकर करें, लेकिन जल्दबाजी में कोई डिसीजन ना लें। आप अपने घर के लिए कुछ चीजों की शॉपिंग कर सकते हैं। जीवनसाथी को कहीं घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं। आपको पेट संबंधित समस्याओं पर पूरा ध्यान देना होगा, इसलिए खानपान पर थोड़ा संयम रखें।




**मिथुन** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। भाई बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। यदि आपको किसी काम को लेकर संशय हो, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे ना पड़ें। आपका कोई कानूनी मामला आपके लिए सिरदर्द बन सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके विरोधी आपके कामों को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे, जिनसे आपको बचना होगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।




**कर्क** आज का दिन आपके लिए अकस्मात धन लाभ लेकर आने वाला है। आपको अपने धन को लेकर कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर हो सकती है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपको अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाने की आवश्यकता है। संतान ने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो उसका परिणाम आ सकते हैं। आप किसी काम को लेकर थोड़ा समझदारी दिखाएं। आपका कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी।




**सिंह** आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। नौकरी को लेकर परेशान चल रहे लोगों को अच्छी सफलता मिल सकती है। मित्रों के साथ आपको कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। परिवार में आपको सदस्यों में एकजुटता बनाए रखना होगी। आप कहीं घूमने फिरने जाएं, उसमें माता-पिता से आशीर्वाद अवश्य लेकर जाएं। आप अपने बिजनेस में थोड़ा सोच समझकर भी धन लगाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा, नहीं तो बाद में कोई नुकसान हो सकता है।




**कन्या** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा, लेकिन सेहत को लेकर आपको कुछ जरूरी टेस्ट आदि कराने पड़ सकते हैं। आप किसी बात को लेकर थोड़ा टेंशन ले सकते हैं, लेकिन आपको अपनी संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा, नहीं तो वह आपसे नाराज हो सकते है।




**तुला** आज का दिन आपके लिए कुछ नई योजनाओं को बनाने के लिए रहेगा। आप अपने बिजनेस में योजनाओं को लेकर काम करेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। परिवार में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। भाई व बहनों से रिश्तों में यदि कड़वाहट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी, लेकिन आप अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले। प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी।




**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से कामों को करने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों में एकाग्र होकर जुटने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में अच्छी सफलता मिलेगी। आपका किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें अपने प्रयासों में तेजी लानी होगी। यदि कोई पैतृक संपत्ति को लेकर मतभेद चल रहा था, तो वह भी दूर हो सकता है।




**धनु** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी काम को लेकर अच्छा खासा खर्च कर सकते हैं। आप अपने घर के रिनोवेशन का भी काम शुरू कर सकते हैं। आपकी किसी बात से परिवार में कहासुनी हो सकती है। आप किसी वरिष्ठ सदस्य से काम को लेकर कोई सलाह लें, तो आप उस पर अमल अवश्य करें, लेकिन आपका कोई मित्र आपके लिए इन्वेस्टमेंट संबंधित प्लान लेकर आ सकता है, जिसमें आप थोड़ा सोच समझकर ही इन्वेस्टमेंट करें, तो ही बेहतर रहेगा।




**मकर** आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है आपको काम के लिए कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। आपका कोई नया काम करने की इच्छा जागृत हो सकती हैं। आपके घर मेहमानों का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको आज कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी कोई प्रॉपर्टी को लेकर डील हुई थी तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है। जीवनसाथी से आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे।




**कुंभ** आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर आप विदेश यात्रा पर जाना पड़ सकता है। बिजनेस में आप कोई निर्णय जल्दबाजी में ले सकते हैं जो आपकी टेंशन को बढ़ाएगा। आपको अपने काम को लेकर मनमर्जी चलाने से बचना होगा और किसी बाहरी व्यक्ति से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। बैंकिंग क्षेत्र में कार्यरत लोग किसी अच्छी स्कीम में धन लगा सकते हैं।




**मीन** आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आने वाला है। आपके घर में मनमुटाव बढ़ेंगे, जिससे सदस्यों के बीच कड़वाहट उत्पन्न हो सकती है और दूरियां आने की संभावना है। आपके ऊपर कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी आ सकती है। आपको अपने माता-पिता से पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत करनी होगी। जीवनसाथी की नौकरी से संबंधित किसी समस्या को लेकर यदि परेशान थे, तो वह दूर होती दिख रही है। आपको अपनी संतान के करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ओडिशा में तीन तेंदुओं की खाल बरामद, सात लोग गिरफ्तार

**मयूरभंज, एजेंसी।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में वन्यजीवों के अंगों का व्यापार करने के आरोप में तीन तेंदुओं की खाल जब्त की गई और इस संबंध में एक सरकारी शिक्षक समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक वरिष्ठ वन अधिकारी ने यह जानकारी दी। सिमिलिपाल बाघ अभयारण्य (एसटीआर) के उप निदेशक सम्राट गौड़ा ने यहां संवाददाताओं को बताया कि एक गोपनीय सूचना के आधार पर एसटीआर के अधिकारियों ने उदाला थाना क्षेत्र के कुटलिंग गांव और बादसाही थाना क्षेत्र के चंदनचतुरी गांव में छापेमारी की। उन्होंने बताया कि पांच साल के तेंदुओं की दो खाल और एक साल के तेंदुए की खाल जब्त की गई। हालांकि, अभी यह पता नहीं चल पाया है कि तीनों तेंदुओं को कहां मारा गया। गौड़ा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सात लोगों के एसटीआर क्षेत्र और छत्तीसगढ़ के जंगलों के शिकारियों से संबंध हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए सात लोगों में सरकारी प्राथमिक विद्यालय का शिक्षक मनोरंजन टिपिरिया भी शामिल है।

### भाजपा विधायक ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के गुणों की तुलना राम और कृष्ण से की



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक परिणय फुके ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का चरित्र भगवान राम जैसा और बुद्धि भगवान कृष्ण जैसी है। फुके ने विधान परिषद में कहा कि फडणवीस ने महाराष्ट्र को विकास की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और इसे शीर्ष राज्य बनाया है। उन्होंने कहा, ''हम उनके भजन गाते हैं क्योंकि वह हमारे लिए भगवान के समान हैं। मुझे नहीं पता कि देवेंद्र फडणवीस भगवान हैं या नहीं, लेकिन वह एक ईश्वरीय व्यक्ति हैं।'' फुके ने कहा, ''उनका (फडणवीस का) भगवान श्री राम जैसा चरित्र, कृष्ण जैसी बुद्धि, महादेव जैसी सहनशीलता एवं विष को पचाने की क्षमता, सूर्य जैसा तेज और चंद्रमा जैसा शांत स्वभाव है।'' उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता फडणवीस की प्रशंसा करते हैं और उनका आभार व्यक्त करते हैं।

### ओम बिरला ने कोटा बाढ़ पीड़ितों के परिजन से मुलाकात की, जलभराव रोकने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए

**कोटा, एजेंसी।** कोटा-बूंदी से सांसद ओम बिरला ने कोटा जिले के वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का बुधवार को दौरा किया और उन लोगों के परिवारों से मुलाकात की जो पिछले कुछ दिनों में या तो बहने या अन्य कारणों से मारे गए। लोकसभा अध्यक्ष ने आवासीय क्षेत्रों में वर्षा जल के प्रवेश को रोकने के लिए किए जा रहे विकास कार्यों और वृक्षारोपण का भी जायजा लिया। बिरला सबसे पहले रणपुर क्षेत्र गए, जहां भारी बारिश से व्यापक नुकसान हुआ है। उन्होंने उस स्थान का दौरा किया जहां सोमवार को 27 वर्षीय एक महिला अपने एक रिश्तेदार के साथ स्कूटर पर नाले को पार करते समय उसमें बह गई थी।

### मादक पदार्थ सौदे में असफल होने पर तस्कर का अपहरण करने वाले सात आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने मादक पदार्थ के तस्कर और उसके सहयोगी का अपहरण किए जाने समेत जबरन वसूली के लिए हमला करने के मामले में अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा शकील से कथित रूप से जुड़े एक 'अंतरराष्ट्रीय गिरोह' के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूरत निवासी साजिद इलेक्ट्रिकवाला नाम के मादक पदार्थों के तस्कर को करीब एक महीने तक आरोपियों ने बंधक बनाकर रखा था और अपराध शाखा द्वारा उसे बचा लिया गया। शब्बीर 10 जुलाई को भागने में सफल रहा और उसने मुंबई के ओशिवारा थाने में संपर्क किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सरवर खान, मेहताब, संतोष वाघमारे, सतीश कडू, यूनुस थेवरपल्ली, तौसीफ सैंडी और राहुल सावंत के रूप में हुई है। जांच के दौरान पुलिस को आरोपियों और छोटा शकील के बीच संबंधों का पता लगा। जांचकर्ताओं के अनुसार, 12 जून को गिरोह ने तीन गाड़ियों का इस्तेमाल करके ओशिवारा के एक होटल से इलेक्ट्रिकवाला और शब्बीर का अपहरण किया था।

### अमेरिका में लाखों रुपये के सामान की चोरी करते पकड़ी गई भारतीय महिला

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में एक भारतीय महिला टारगेट स्टोर में लाखों रुपये के सामान की चोरी करते हुए पकड़ी गई। आरोपी महिला को पुलिस ने हिरासत में लिया है। महिला टारगेट स्टोर में सात घंटे से अधिक समय तक रही, जिससे स्टोर के स्टाफ को उसके स्वभाव पर शक हुआ। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

# हम करेंगे नेतृत्व और मैं बनूंगा मुख्यमंत्रीः पलानीस्वामी

**चेन्नई, एजेंसी।** ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एआईएडीएमके) प्रमुख एडप्पादी के पलानीस्वामी ने बुधवार को यहां कहा कि तमिलनाडु में पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) अटूट है और भाजपा समेत इसके घटक दलों के बीच फूट डालने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि गठबंधन के संबंध में उनका निर्णय अंतिम होगा।




विधानसभा में विपक्ष के नेता ने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के 'उंगलुदन स्टालिन' संपर्क कार्यक्रम की भी आलोचना की और इसे एक नाटक बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि इसका उद्देश्य 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले तमिलनाडु के लोगों को गुमराह करना है। पलानीस्वामी ने पूछा कि इस सरकार के बचे हुए आठ महीनों में लोग अपने मुद्दों के क्या ही समाधान की उम्मीद कर सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अगले साल राज्य में राजग के चुनाव जीतने पर गठबंधन सरकार बनाने संबंधी कथित टिप्पणी के बारे में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए, पलानीस्वामी ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता ने केवल इतना कहा कि गठबंधन सत्ता में आएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, उनका कहना है कि हमारा गठबंधन सरकार बनाएगा। मैंने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि इस गठबंधन का नेतृत्व कौन कर रहा है? तो यह मेरा फैसला है, है ना? कौन मुख्यमंत्री बनेगा, कौन सरकार बनाएगा - हम दोनों (शाह और मैं) यह स्पष्ट कर चुके हैं। यह स्पष्ट कर दिया गया है कि अन्नाद्रमुक राज्य में राजग का नेतृत्व करेगा और अगर गठबंधन विजयी होता है तो वह मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा, गठबंधन में फूट डालने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी। यह एक अटूट गठबंधन है।

पलानीस्वामी ने दावा किया कि द्रमुक को यह उम्मीद नहीं थी कि अन्नाद्रमुक गठबंधन करेगा और इसलिए वह डर के कारण विपक्षी गठजोड़ की आलोचना कर रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि द्रमुक ने अतीत में भाजपा के साथ गठबंधन किया था और सवाल किया कि क्या द्रविड़ पार्टी का तब ऐसा करना स्वीकार्य था, लेकिन अब अन्नाद्रमुक ने जब भाजपा के साथ गठबंधन किया है तो वह भाजपा को सांप्रदायिक बता रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया है कि ईपीएस ने शाह से कह दिया है कि जीत की स्थिति में न्यूनतम स्तर पर पावर शेयरिंग पर विचार किया जा सकता है। दरअसल, शाह ने साफतौर पर कहा था, हम चुनाव एडप्पाडी जी के नेतृत्व में लड़ेंगे। साथ ही उन्होंने गठबंधन सरकार का जिक्र किया था। कहा जा रहा है कि इसके चलते एआईएडीएमके नेताओं में हलचल तेज हुई थी। कहा जा रहा है कि ईपीएस की तरफ से इस बात पर जोर दिया जाना भाजपा और एआईएडीएमके के बीच एक समझ स्थापित होने के संकेत दे रहा है, जिसके तहत यह साफ हो चुका है कि चुनाव से पहले गठबंधन सरकार की बात को बढ़ाना देना नुकसान करा सकता है। इसकी वजह कोर द्रविड़ मतदाताओं के विरोध का डर माना जा रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, ईपीएस की टिप्पणियों को जनता की धारणा बदलने की ठोस कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। अखबार को एक सूत्र ने बताया कि गठबंधन काफी प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा, हम दोनों पहले ही तय कर लिया है कि अन्नाद्रमुकनेतृत्व कर रहा है। ईपीएस सीएम बनेंगे। आप और क्या जानना चाहते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, एआईएडीएमके और भाजपा के बीच बातचीत की जानकारी रखने वाले राय के ही एक वरिष्ठ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्य ने कहा था, अगर गठबंधन सरकार की बात होती है, तो एआईएडीएमके कैडर खुश नहीं होगा। ईपीएस ने शाह को बता दिया है कि वह जीत की स्थिति में अपनी पार्टी के नेताओं को पावर शेयरिंग के लिए मना लेंगे।

## मान्यता प्राप्त पत्रकारों के संगठन ने वरिष्ठ पत्रकार अजीत अंजुम के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर गहरी चिंता जताई

मान्यता प्राप्त पत्रकार संघ (रजि.) ने लोकप्रिय, निर्भीक और वरिष्ठ पत्रकार तथा मीडिया न्यूज चैनल के प्रधान संपादक श्री अजीत अंजुम के विरुद्ध बिहार में दर्ज की गई प्राथमिकी (एफआईआर) पर गहरा रोष और गंभीर चिंता व्यक्त की है। संघ का स्पष्ट कहना है कि लोकतंत्र में मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और जब इस स्तंभ को सच दिखाने की सजा दी जाती है, तब यह केवल एक पत्रकार पर नहीं, बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ताने-बाने पर हमला माना जाता है।

**सत्य और साहस की पत्रकारिता पर दमन का प्रयास निंदनीय हैः** प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्री अजीत अंजुम ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान बीएलओ द्वारा हो रही तमाम प्रशासनिक अनियमितताओं और खामियों को तथ्यपरक ढंग से उजागर किया। उन्होंने बिना किसी भय या दबाव के, जनता के हित में, प्रशासन की गंभीर गड़बड़ियों को अपने चैनल पर प्रमुखता से दिखाया। यही रिपोर्टिंग उनके ऊपर एफआईआर का कारण बनी, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और खतरनाक प्रवृत्ति का संकेत है।

**संघ के अध्यक्ष विजय शंकर चतुर्वेदी का स्पष्ट और सशक्त बयानः** संघ के अध्यक्ष श्री विजय शंकर चतुर्वेदी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा- अजीत अंजुम पत्रकारिता की दुनिया का एक प्रतिष्ठित नाम है, जिनकी निष्पक्षता और ईमानदार रिपोर्टिंग को दशकों से देश भर में सराहा गया है। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करना लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के विरुद्ध सीधा हमला है। प्रशासन का यह कदम प्रेस की आज़ादी को दबाने और सच को छुपाने का घृणित प्रयास है।



**उन्होंने कहा-** लोकतंत्र का मूलभूत सिद्धांत है 'सत्य का सम्मान'। अगर सच्चाई को उजागर करने वालों को इस प्रकार प्रताड़ित किया जाएगा तो यह समाज और राष्ट्र के भविष्य के लिए अत्यंत चिंताजनक संकेत है।

### संघ ने प्रशासन से रखी तीन प्रमुख मांगे-

एफआईआर की तटस्थ और निष्पक्ष जांच कर निष्कलंक पत्रकार की गरिमा बहाल की जाए।

पत्रकारों को प्रताड़ित करने और दबाव में लेने की प्रवृत्ति पर तत्काल रोक लगे।

पत्रकारिता की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति के अधिकार की पूर्ण रक्षा सुनिश्चित की जाए।

संघ का संकल्प – पत्रकारों के मान-सम्मान की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रहेगा

मान्यता प्राप्त पत्रकार संघ ने स्पष्ट कर दिया है कि जब भी किसी पत्रकार की स्वतंत्रता या गरिमा पर प्रहार होगा, पूरा पत्रकार समाज एकजुट होकर उसका डटकर मुकाबला करेगा।

हम अजीत अंजुम जैसे निर्भीक पत्रकारों के साथ खड़े हैं। हम हर उस पत्रकार के साथ हैं जो सत्य की राह पर डटकर खड़ा है। प्रेस की आज़ादी और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए हम हर मंच पर संघर्षरत रहेंगे।

पत्रकारिता कोई अपराध नहीं – पत्रकारों का दमन बर्दाश्त नहीं !

लोकतंत्र का प्रहरी झुकेगा नहीं – सच बोलना बंद नहीं होगा !

**विजय शंकर चतुर्वेदी**
**अध्यक्ष**
**मान्यता प्राप्त पत्रकार संघ (रजि.)**

## महाराष्ट्र के नक्सल प्रभावित गांव में आजादी के बाद पहली बार चली बस

**गढ़चिरौली, एजेंसी।** कभी नक्सलियों का गढ़ रहे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के एक सुदूर गांव में आजादी के बाद अब पहली बार सरकारी बस सेवा शुरू हुई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। बुधवार को जब पहली बस मरकनार गांव पहुंची तो स्थानीय लोगों ने राष्ट्रध्वज लहराकर उसका स्वागत किया। पुलिस ने बयान जारी कर बताया कि इस सेवा से मरकनार और आसपास के गांवों के छात्रों समेत लगभग 1,200 निवासियों को लाभ होगा।

पुलिस की ओर से दावा किया गया है कि गढ़चिरौली पुलिस के प्रयासों के बाद आजादी के बाद पहली बार सुदूर मरकनार गांव से अहेरी तक बस सेवा शुरू की गई है। आदिवासी आबादी और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए जाना जाने वाला गढ़चिरौली जिला खराब कनेक्टिविटी की समस्या से जूझ रहा था। मरकनार गांव गढ़चिरौली जिले के भामरागढ़ उपखंड में अबूझमाड़ की तलहटी में स्थित है, जो नक्सलियों का गढ़ था। बुधवार को ग्रामीणों ने पहली बार अपने इलाके में बस सेवा देखी।



गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल की पहल पर शुरू की गई राज्य परिवहन सेवा का स्वागत करने के लिए ग्रामीण तिरंगा लेकर एकत्रित हुए। इस सेवा से मरकनार, मुरुंभुशी, फुलनार, कोपरशी, पोयारकोठी और गुंडुरवाही जैसे गांवों के 1,200 से ज्यादा निवासियों, खासकर मरीजों, छात्रों और अन्य यात्रियों को लाभ होगा। गढ़चिरौली पुलिस ने दूरदराज के इलाकों में परिवहन को आसान बनाने के लिए कई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू की हैं। कहा गया है कि एक जनवरी 2025 को गट्टा-गरदेवड़ा-वांगेतुरी मार्ग पर और 27 अप्रैल को कटेझर से गढ़चिरौली के लिए बस सेवा शुरू की गई। पिछले पांच वर्षों में, गढ़चिरौली पुलिस के संरक्षण में जिले में 420.95 किलोमीटर लंबी 20 सड़कें और 60 पुल बनाए गए हैं। बता दें कि होम मिनिस्टर अमित शाह ने 31 मार्च, 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने का टारगेट रखा है।

## अलास्का में 7.3 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी वापस ली गई ,एक हफ्ते में 400 भूकंप दर्ज किए गए



**जूनो, एजेंसी।** अमेरिकी राज्य अलास्का में गुरुवार तड़के करीब 2 बजे (भारतीय समयानुसार) भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 7.3 रही। इसके बाद राज्य के तटवर्ती इलाकों में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। हालांकि, कुछ घंटों बाद इसे वापस ले लिया गया। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप अलास्का के पॉपोफ आइलैंड पर सैंड पॉइंट के पास आया। इसका केंद्र जमीन से 36 किलोमीटर नीचे था। हालांकि, इसमें अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अलास्का भूकंप एजेंसी के मुताबिक यहां एक सप्ताह में, लगभग 400 भूकंप दर्ज किए गए। सबसे बड़ा भूकंप 16 जुलाई को अटका के पास 5.1 तीव्रता का था। मिशिगन टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के अनुसार, 7.0 से 7.9 तीव्रता वाला भूकंप नुकसान पहुंचाने में सक्षम माना जाता है। अलास्का में हर साल लगभग 10-15 ऐसे भूकंप दर्ज किए जाते हैं।

**लोगों से सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपीलः** भूकंप के बाद, सुनामी चेतावनी प्रणाली ने अलास्का के कुछ तटीय हिस्सों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है। प्रभावित क्षेत्रों में अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया कि सैंड पॉइंट के दक्षिण में आया यह भूकंप प्रशांत और उत्तर अमेरिकी प्लेटों के बीच सबडक्शन जोन पर या उसके पास थ्रस्ट फॉल्टिंग के कारण हुआ।

## रूसियों पर यूक्रेनी ड्रोन का गहराया खौफ, बंद किया मोबाइल-इंटरनेट

**मास्को, एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सरकारी आवास क्रेमलिन की तरफ से यह बात कही गई है कि यूक्रेन के ड्रोन अटैक से बचने के लिए इंटरनेट बंद किया गया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रेमलिन ने गुरुवार को कहा कि यूक्रेन से उत्पन्न खतरों से लोगों की सुरक्षा के लिए रूस में कभी-कभी मोबाइल इंटरनेट बंद करने का फैसला उचित है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव इंटरनेट आउटेज ट्रैकिंग सेवा स्ड्डश्द्ब.ह्ल्द्ब द्वारा इस हफ्ते रूस के दर्जनों क्षेत्रों में अस्थिर इंटरनेट की सूचना दिए जाने के बाद इंटरनेट आउटेज के बारे में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। पेसकोव ने कहा कि यूक्रेनी ड्रोन हमलों को रोकने के लिए जरूरत पड़ने पर अधिकारी मोबाइल इंटरनेट बंद कर देते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि दुश्मन को मात देने के लिए रणनीतिक कदम उठाने पड़ते हैं। रात भर रूस के 11 अलग-अलग इलाकों में ड्रोन हमले इस बीच, रूसी अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यूक्रेनी ड्रोनों ने रात भर रूस के 11 अलग-अलग इलाकों में हमले किए, जिनमें आवासीय इमारतों को नुकसान पहुँचा है और कई नागरिक घायल हुए हैं। इसके अलावा यूक्रेनी ड्रोनों ने हवाई अड्डों पर भी हमले किए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वायु रक्षा बलों ने देश भर में और क्रीमिया के कब्जे वाले क्षेत्र में 122 ड्रोनों को रोककर नष्ट कर दिया।

**किराए के लिए ख़ाली है**

1-3600 वर्ग फुट कमर्शियल हॉल सेमी फर्निश्ड मेन रोड सेक्टर 10 टी सी काम्प्लेक्स फ़रीदाबाद में।

2-1620 वर्ग फुट ऑफिस सेमी फर्निश्ड मेन रोड टी सी काम्प्लेक्स सेक्टर 10 फ़रीदाबाद में ।

3 - टू बेड रूम सेट ग्राउंड फ्लोर वेल फर्निश्ड सेक्टर 7 डी ब्लॉक फरीदाबाद में ।

4- वन रूम सेट वेल फर्निश्ड सेकंड फ्लोर सेक्टर 7 डी ब्लॉक फ़रीदाबाद में ।

इच्छुक व्यक्ति फ़ोन नंबर 9999446252,,9811157562 पर संपर्क करें ।

**- सूचना -**

फ़रीदाबाद ज़िला में भेदीनज़र समाचारपत्र में अपने समाचार,विज्ञापन देने और अख़बार की कापी प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें -

1-गोपाल न्यूज़ एजेन्सी
अम्बेडकर चौक बल्लभगढ़
**मोबाइल नम्बर-9811477 204**

2-नरेंद्र बुक्स शाप
मूँगफली चौक ऐन.आई. टी. नम्बर -5 फ़रीदाबाद
**मोबाइल नम्बर : 9810229192**

3-दीक्षित न्यूज़ एजेन्सी ओल्ड फ़रीदाबाद
**मोबाइल-98111 59238**

**छोटा विज्ञापन बड़ा फायदा**
**आज ही स्पेस बुक कराएं**
**कॉल करें**
**0120-4152063,**
**9811157 562**

**नई एवं तरोताजा खबरों के लिए भेदी नजर पढ़िए, समय के साथ चलिए**

**सुनहरा मौका** वार्षिक ग्राहक बनिए और

**वीआईपी एल्फा सूटकेस** कीमत रु. 900 प्राप्त करिए

**भेदी नजर समाचार पत्र के ग्राहक बनें**

**मात्र 700 रूपये दीजिए और वार्षिक ग्राहक बनने के अलावा तुरंत पाइए और अन्य आकर्षक उपहार के लिए**

**बम्पर ड्रा**

पहना इनाम



एक हीरो बाईक

दूसरा इनाम



एक सोनी एलसीडी 32 इंच व अन्य आकर्षक ईनाम

तीसरा इनाम



बीस मोबाईल फोन

- कोई भी व्यक्ति एजेंट 500 से अधिक मेंबर बना लेगा तो उसे अलग से उपहार दिया जाएगा।
- ये स्कीम एक जनवरी 2025से 31 दिसम्बर 2025तक चलेगी।
- 31 दिसम्बर 2025 को 1000 सदस्य बनाने पर बम्पर ड्रा निकाला जाएगा जिसमें उपरोक्त इनाम
- हरियाणा के किसी भी मंत्री द्वारा दिए जाएंगे।
- ड्रा बम्पर ड्रा में भेदी नजर के वार्षिक मेम्बर ही भाग ले सकते है।
- भेदी नजर प्रत्येक माह की पहली तारिख को कूपन छापेगा।

आर.एन.आई. नं.
HAR/HIN/2011/43680
प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी एवं संपादक उमा शर्मा द्वारा
उमा पब्लिकेशनस्
प्लाट न. 3/1 टी.सी.सी. कॉम्पलेक्स सेक्टर - 10
फरीदाबाद से प्रकाशित एवं नीलू प्रिंटिंग प्रेस
ई-33 सेक्टर -7 नोएडा से मुद्रित

संपादक
उमा शर्मा

प्रधान संपादक
गिरीश चन्द्र शर्मा

फोन नं. -
011-66304689
0120-4189808
0129-2290152
0129-2267 07 8
0129-2977562

फैक्स नं. -
011-66304690
0129-2297 640

मो. : 9811157 562,

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद होगा ।

पीआईबी एक्ट अनुसार सभी विवादित समाचारों की ज़िम्मेदारी समाचार लेखक की होगी भेदीनज़र संस्थान ,संपादक और प्रधान संपादक क़ानूनन ज़िम्मेदार नहीं होगा